राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 171
लखनऊ, रविवार 09 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपी में गोबर व गोमूत्र के व्यावसायिक उपयोग को दिया जाएगा बढ़ावा : धर्मपाल 04

दिल्ली में विकास, विश्वास का युग शुरु : अमित शाह 12

# 27 साल बाद दिल्ली में खिला कमल

## दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा सीटों पर भाजपा को बहुमत, 48 सीटों पर किया कब्जा

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) को करारी शिकस्त देते हुए 27 साल का वनवास खत्म कर सत्ता में वापसी कर ली है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा चुनाव की शनिवार को हुई मतगणना में भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया है। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 48 सीटों पर जीत के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है।



चुनाव आयोग की ओर से जारी परिणाम के अनुसार भाजपा के 48 और आम आदमी पार्टी (आप) के 22 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है जबकि कांग्रेस इस चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल पायी।सत्तारुढ़ आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि उन्हें जनता का निर्णय मान्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत विकास और सुशासन की जीत है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने कहा है कि दिल्ली में लोगों ने बदलाव के लिए वोट किया है। भारतीय राजनीति में एक नये प्रयोग के साथ लगभग 12 साल पहले सरकार में आयी आप के नेता श्री केजरीवाल नयी दिल्ली विधानसभा सीट से और उनके नजदीकी मनीष सिसोसिया जंगपुरा सीट से चुनाव हार गये हैं। दिल्ली के राजनीतिक क्षितिज पर आप के प्रादुर्भाव से पहले करीब 15 साल तक सत्ता में रही कांगेस लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में अपना खाता फिर नहीं खोल सकी है।

### लगातार तीसरी बार नहीं खुला कांग्रेस का खाता, 67 सीटों पर जमानत जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का लगातार तीसरी बार भी खाता नहीं खुला है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष समेत तीन उम्मीदवार ही जमानत बचाने में सफल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से साफ है कि कांग्रेस के लिए अभी दिल्ली दूर है। जमानत बचाने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सफल रहे हैं। उन्होंने बादली विधानसभा सीट पर 41071 वोट (27.22 फीसद) हासिल किया है। वह इस सीट पर तीसरे स्थान पर रहे हैं। इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार अहीर दीपक चौधरी ने 61192 वोट पाकर जीत दर्ज की है। दूसरे स्थान पर आम आदमी पार्टी (आआपा) उम्मीदवार अजेश यादव रहे हैं। इसके अलावा कस्तूरबा नगर से कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त ने 27019 वोट (31.98 फीसद) पाकर जमानत बचा ली है। वह इस सीट पर दूसरे स्थान पर रहे हैं। यहां पर भाजपा उम्मीदवार नीरज बैसोया को 37896 वोट मिले हैं। उन्होंने अभिषेक दत्त को 11048 वोट के अंतर से हराया है। नांगलोई जाट विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार रोहित चौधरी 32028 वोट (20.1 फीसद) पाकर जमानत बचाने वाले तीसरे और अंतिम उम्मीदवार है। वह इस सीट पर तीसरे स्थान पर रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार शौकीन ने 75272 वोट हासिल करके विजय प्राप्त की है।

चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा हैं। इसके अलावा कुछ सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार चौथे स्थान पर भी रहे हैं। दिल्ली की सियासत का केंद्र रही नई दिल्ली विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित तीसरे स्थान पर रहे हैं। उन्हें 4568 वोट मिले हैं। उनकी जमानत भी जब्त हो गई है।

> पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता। दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन! प्रधानमंत्री ने कहा-दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो।

### जनता का फैसला हमें स्वीकार : अरविंद केजरीवाल



आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि जनता को जो भी फैसला है उसे हम स्वीकार करते हैं। मैं इस जीत के लिए बीजेपी को बहुत बहुत बधाई देता हूं, जिस आशा के साथ जनता को उन्हें बहुमत दिया है उसकी उम्मीदों पर वो खरा उतरेंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा, हमने पिछले 10 सालों में जनता ने मौका दिया। हमने बहुत सारे काम किए। शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, पानी के क्षेत्र में, बिजली के क्षेत्र में और भी अलग-अलग तरीके से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कोशिश की। दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को हमने सुधारने की कोशिश की. अब जो जनता ने हमें निर्णय दिया है, हम न केवल एक कंस्ट्रक्टिव अपोजिशन का रोल निभाएंगे बल्कि हम समाज सेवा, जनता के सुख-दुख में काम आना, व्यक्तिगत तौर पर जिसको भी जरूरत होगी हम लोगों के सुख-दुख में हमेशा काम आएंगे, क्योंकि हम राजनीति में कोई सत्ता के लिए नहीं आए।

### महिलाओं का प्रतिनिधित्व होगा केवल सात प्रतिशत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नयी विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल सात प्रतिशत होने जा रहा है। विधानसभा चुनाव की शनिवार को हुई मतगणना में कुल पांच महिला उम्मीदवारों को सफलता मिली है, जिनमें मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी भी एक हैं। यह संख्या 70 सीटों की विधानसभा में महिलाओं के अनुपात को केवल सात प्रतिशत तक पहुंचाती है। राजधानी में इस बार के चुनाव में जीतीं महिलाओं में चार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की और एक 'आप' की सदस्य हैं।

### कार्यालयों से फाइल, कंप्यूटर बाहर ले जाने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में पत्रावलियों, दस्तावेजों, कंप्यूटर और संबंधित उपकरणों को कार्यालय से बाहर ले जाने पर शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना के बीच जारी एक आदेश में कहा गया है कि यह आदेश सचिवालय के कार्यालयों और मंत्रियों के कैंप आफिस तथा कैंप आफिस के प्रभारियों के कार्यालय पर भी लागू होंगे। दिल्ली सरकार के सामान्य सामान्य प्रशासनिक विभाग के संयुक्त सचिव प्रदीप तायल के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है, दस्तावेजों की सुरक्षा की चिंता को देखते हुए यह आवश्यकता है कि दिल्ली सचिवालय परिसर से जीएडी की अनुमति के बगैर कोई पत्रावली दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर इत्यादि को बाहर न ले जाया जाए।

## मिल्कीपुर उपचुनाव : बीजेपी की जीत, अपना बूथ भी हार गई सपा



भाजपा के चंद्रभानु ने सपा के अजित प्रसाद को 61,710 वोट से हराया

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की मतगणना में भाजपा की बड़ी जीत हुई है। भाजपा के चंद्रभानु पासवान ने सपा प्रत्याशी अजित प्रसाद को भारी मतों से हरा दिया। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने 61,710 वोट के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है।

भाजपा के चंद्रभानु को 1,46,397 वोट मिले, जबकि सपा के अजित प्रसाद ने 84,687 मत प्राप्त किए। हालात यह रहे कि सपा पत्याशी अपना बूथ भी हार गए। जीत के बाद भाजपा प्रत्याशी ने मतगणना स्थल पहुंच कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। भाजपा कार्यालय में पुष्प वर्षा के साथ ढोल नगाड़े बजाए जा रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सभी को जीत की बधाई दी। शनिवार को सुबह से कड़ी सुरक्षा के बीच मिल्कीपुर विधानसभा की राजकीय इंटर कॉलेज में मतगणना शुरु हुई। दोपहर बाद जैसे ही भाजपा उम्मीदवार की जीत 61,710 मतों से निश्चित हुई तो भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। चारों तरफ ढोल नगाड़े बजने लगे। उधर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की निराशा बढ़ती गयी।



> नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों एवं सेवा, सुरक्षा और सुशासन को समर्पित उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास का प्रतीक है।



> ये झूठी जीत है, जिसका जश्न भाजपाई आंखों-में-आंखें डालकर नहीं मना पाएंगे, जिन अफसरों ने घपलेबाजी की, वो सजा पाएंगे, न कुदरत उन्हें बख्शेगी, न कानून...
> **अखिलेश यादव , सपा प्रमुख**

# जी.डी. गोयंका स्कूल के शुभारंभ पर बही काव्य की धारा, तालियों से गूंजा प्रांगण



कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते प्राख्यात कविगण

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल के शुभारंभ पर कवियों ने काव्यपाठ कर समां बांध दिया। पूरा प्रांगण वाह-वाह व तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित राष्ट्रीय कवि डॉ शिवओम अम्बर ने पढ़ा- जिनको नाच-गाने तक का बहाना नहीं मिलता वो बच्चे बारातों में बाजा ढोते हैं उन्हे खाना तक नहीं मिलता है। माना कि एक पैर से भी चल रहे हैं लोग, दूसरा भी साथ दे तो और भी बात होती, धरा भी साथ दे तो और बात होती, तूं जरा भी साथ दे तो और भी बात होती। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से राजनीति पर भी कई तीर चलाये। प्रख्यात मिश्रा की देश भक्ति कविता पर जहां एक तरफ तालियां बज रही थी तो एक तरफ लोग भावुक दिखायी दिये। वहीं डॉ अना देहलवी के बसंत और वैलेनटाइन-डे जैसे कविताओं पर खूब तालिया बजीं। तो वहीं भोपाल से आयी डा0 अनु सपन ने भी खूब वाह-वाही लूटी। फर्रुखाबाद के उत्कर्ष अग्निहोत्री, डॉ सुरेश अवस्थी कानपुर की भी कवितायें काफी धार-धार रहीं। रायपुर से आये रमेश विश्वहार ने कविता और गीत, गजल के माध्यम से लोगों को खूब गुदगुदाया तो वहीं पदम् श्री पुरुस्कार से सम्मानित दिल्ली से आये सुरेन्द्र शर्मा ने बच्चे से लेकर जवान, बुजुर्ग को भी अपनी कविता के माध्यम से संदेश दिया कि कभी बाप के साथ बच्चे रहते थे, आज बच्चों के साथ बाप रह रहे है। अपने बाप का जीवन में दो ही बार हाथ पकड़ना एक बार जब तुम चलना सीखते हो और गिरते समय पिता का हाथ थामते, वैसे ही पिता को बुढ़ापे में जब तुम्हारे सहारे की जरुरत हो तो उनका हाथ पकड़ना, आदि कविताओं से लोगों को खूब लोटपोट कराया। मंचासीन अतिथियों व मंच को सजाने वाले सभी सम्मानित कवियों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने की। मंच का संचालन डा0 शिवओम अम्बर ने किया।

### राजनेता, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति रहे मौजूद



कार्यक्रम में मौजूद समृद्धि सिंह, अनुष्का आदि

**फर्रुखाबाद।** जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल के शुभारम्भ व कवि सम्मेलन में राजनेता, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथि के रुप में मेजर एसडी सिंह आयुर्वेद मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल व जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, कॉलेज की डायरेक्टर डॉ अनीता रंजन, समृद्धि सिंह, अनुष्का, जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल शिल्पा सिंह, ग्रुप के एजुकेटेड डायरेक्टर केएम नुरुला, सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, समाजसेवी सरल दुबे, सपा नेता सर्वेश अम्बेडकर आदि मंचासीन रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथियों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, इन्द्रजीत एडवोकेट, सर्वेश दुबे, निपेन्द्र मिश्रा, सुरेश अवस्थी, बढ़पुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सोनू यादव, कायमगंज पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर यादव, मोहित यादव, कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश सचिव राजीव रंजन, सुरेन्द्र सिंह गौर, डॉ अजय यादव, राजेश पाठक, उमेश यादव, मनोज मिश्रा, राशिद जमाल सिद्दीकी, शैलेन्द्र सिंह राठौर, डॉ. रोहित तिवारी, डॉ सुभाष पाल, इलियास मंसूरी, हरगोविन्द यादव, अनुराग यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### जीडी गोयनका ग्रुप भारत में शिक्षा का एक प्रतिष्ठित नाम

**फर्रुखाबाद।** जीडी गोयनका ग्रुप भारत के सबसे प्रतिष्ठित और अग्रणी शैक्षिक संस्थानों में से एक है। इस ग्रुप ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, गुणवत्ता और नवाचार का एक उच्च मानदंड स्थापित किया है। इसकी स्थापना 1994 में हुई थी और तब से यह लाखों छात्रों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रहा है।

**मूल उद्देश्य और विजन** : जीडी गोयनका ग्रुप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक ऐसा वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अपने शैक्षिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कौशल को पूर्ण रूप से विकसित कर सकें। इस ग्रुप का विजन है, एजुकेशन बियोंड एक्सीलेंस, यानी शिक्षा जो केवल अच्छी नहीं बल्कि बेहतरीन हो।

**प्रमुख विशेषताएं**

**उत्कृष्ट शैक्षिक मानक** : जीडी गोयनका ग्रुप छात्रों को एक व्यापक और नवीन पाठ्यक्रम प्रदान करता है जो न केवल शिक्षित करता है, बल्कि उनकी सोचने की क्षमता, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल को भी विकसित करता है।

**विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर** : स्कूल और कॉलेज कैंपस में अत्याधुनिक तकनीक, स्मार्ट क्लासरूम, लेब्स, लाइब्रेरी, खेल सुविधाएँ, और थिएटर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

**बहु-आयामी शिक्षा प्रणाली** : यहां पर शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। छात्रों को खेल, कला, संगीत, नाटक और नैतिक शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी प्रेरित किया जाता है।

**अंतरराष्ट्रीय एक्सपोज़र** : जीडी गोयनका ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय स्कूलों और विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी कर छात्रों को वैश्विक शिक्षा के अवसर प्रदान किए हैं।

**सुरक्षा और देखभाल** : हर कैम्पस में छात्रों की सुरक्षा और आराम का विशेष ध्यान रखा जाता है। स्कूल बसों से लेकर क्लासरूम तक हर जगह सुरक्षा के आधुनिक उपाय अपनाए गए हैं।

**शैक्षिक कार्यक्रम और विशेष सुविधाएं** : आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा, स्मार्ट क्लासरूम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स-कोडिंग और प्रोग्रामिंग

**खेल और शारीरिक शिक्षा** : क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, तैराकी, स्केटिंग, टेनिस और एथलेटिक्स जैसी खेल सुविधाएँ। प्रोफेशनल कोचिंग और स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन।

**कला और रचनात्मकता** : डांस, म्यूजिक, पेंटिंग और थिएटर के लिए विशेष कक्षाएं।

# प्रतिष्ठित जी.डी. गोयंका स्कूल खोलकर मेरा सपना हुआ साकार : डॉ. जितेंद्र

## अब पैसे के अभाव में गुणवत्तायुक्त शिक्षा से कोई बच्चा नहीं रहेगा वंचित, हम बच्चों के दिमाग को डायवर्ट कर उनके हिसाब से करेंगे शिक्षित

समृद्धि न्यूज



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व मंचासीन अतिथिगण



जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल के शुभारंभ कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

**फर्रुखाबाद/छिबरामऊ।** छिबरामऊ स्थित साईंधाम प्रांगण में शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल का शुभारंभ हवन पूजन के साथ हुआ। इस मौके पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें नामी गिरामी कवियों ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लखनऊ के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल की शाखा का शुभारंभ हवन पूजन व कवि सम्मेलन के साथ हुआ। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने इस मौके पर कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज यह मंच साझा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि वाणी से जो भी शब्द निकलते हैं, उनका जुड़ाव कहीं न कहीं ईश्वर से होता है। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि राजनीतिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग होते हैं, लेकिन यह कार्यक्रम उससे अलग है। उन्होंने कहा कि जब अच्छे श्रोता सामने होते हैं, तो अपनी बात को कहने में भी अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि आज जो मैंने यह शिक्षण संस्थान यहां पर खोला है, उसकी मुख्य शाखा लखनऊ में अपने बच्चों का दाखिला कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विद्यालय में शिक्षाध्ययन करने के बाद मैंने अपने बच्चों में जो बदलाव देखा, उससे मैं काफी प्रभावित हुआ। फिर मेरे मन में विचार आया कि क्यों न इसकी शाखा कन्नौज और फर्रुखाबाद में खोली जाये। धीरे-धीरे मेरे सपनों को पंख लगने लगे और मेरी डॉ0 अनीता जी से बात हुई। पहले तो लखनऊ के लोगों ने छोटे शहरों के लिए ब्रांच देने से इन्कार कर दिया, लेकिन धीरे-धीरे मेरी मेहनत रंग लायी और आज मेरा सपना साकार हो गया। यहां से तमाम व्यापारियों, राजनैतिक व्यक्तियों तथा बड़ी-बड़ी हस्तियों के बच्चे लखनऊ में जी.डी. गोयंका स्कूल में पढ़ने जाते हैं और वहां पर फ्लैट लेकर रहते हैं। जिससे उनका काफी पैसा इन्वेस्ट होता है, लेकिन अब उनको लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा, वहां की उच्च स्तरीय पढ़ाई की सुविधा यहीं मिलेगी। जिसके लिए मैंने अच्छे शिक्षकों का स्टाफ चयनित किया है। बाहर कंट्री इथोपिया से के.एम. नुरुला को बुलाया है जो कि विद्यालय के डायरेक्टर का पद संभालेंगे। हमारा उद्देश्य पैसा कमाना नहीं है, बल्कि बच्चों को शिक्षित बनाकर उनका भविष्य बनाना है। बहुत से हमारे मध्यमवर्गीय ऐसे बच्चे हैं जो साइंटिस्ट बनने का सपना देखते हैं, डाक्टर बनने का सपना देखते हैं, खिलाड़ी बनना चाहते हैं, शूटर बनना चाहते हैं, उन सभी का सपना हम साकार करेंगे। जो बच्चा जिस क्षेत्र में आगे जायेगा, उसको उसी हिसाब से शिक्षित किया जायेगा। समय-समय पर बच्चों के सेमिनार आयोजित किये जायेंगे। जिससे यहां के बच्चे बाहर जा सकें और बाहर के बच्चे यहां आ सकें। उन्होंने कहा कि गार्जियन पैसा तो खर्च करता है, लेकिन उनके बच्चे को वह माहौल नहीं मिल पाता, जिसकी उसे जरुरत होती है। हमें बच्चे के विचार को चेंज करना है। उसके दिमाग को डायवर्ट करना है। उन्होंने कहा कि हमारे पिताजी ने जो सपना देखा था, उसको मैं साकार कर रहा हूँ। उन्होंने मौजूद सभी कवियों को संबोधित करते हुए कहा कि कवियों ने आज जो अपना अमूल्य समय हमें दिया है, उनका मैं शुक्रगुजार हूँ। इसी के साथ उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी का आभार व्यक्त किया।

# सरकार थारू जनजाति को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध : प्रभारी मंत्री

- प्रभारी मंत्री ने हस्तशिल्प उत्पादन, विक्रय केंद्र पुनरूद्धार वर्कशेड का किया शुभारंभ
- थारू गांव बलेरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पलिया तहसील के थारू जनजाति क्षेत्र के बलेरा ग्राम पहुंचकर एसपी संकल्प शर्मा, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में एकीकृत जनजाति विकास परियोजना द्वारा संचालित पुनरूद्धारित हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केन्द्र का उद्घाटन किया।

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने केन्द्र में लगाये लूम/हथकरघा एवं उससे सम्बन्धित उपकरण, तथा जनजाति महिलाओं द्वारा उत्पादित जूट, बनाना फाइबर एवं जलकुम्भी द्वारा निर्मित परम्परागत हस्तशिल्प वस्तुयें यथा दरी, पूजा मैट, डलिया, टोकरी, टोपी, चप्पल, पर्स, मोबाइल पर्स, गुलदस्ते, रोटी बाक्स आदि का अवलोकन एवं निरीक्षण किया और



हस्तशिल्प उद्यमी महिलाओं से सामग्री को बनाने हेतु समय, लागत और इसके विक्रय आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केन्द्र को पुनरूद्धार कराये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे थारू क्षेत्र की महिलाओं द्वारा हस्तशिल्प निर्मित उत्पाद जो एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत भी चिन्हित है, की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा, जिससे महिलायें स्वावलम्बी के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी। उप्र सरकार द्वारा इनके आर्थिक उत्थान हेतु विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही है जिसका लाभ इन्हें प्राप्त हो रहा है।

पीओ यूके सिंह ने क्षेत्र में जनजातियों के शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। क्षेत्र की उद्यमी महिलाओं द्वारा अनुरोध पर हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केन्द्र का पुनरूद्धार कराया गया। इसके संचालित होने से जनजाति क्षेत्र की महिलाओं यहा प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगी और लगाये गये लूमों से वृहद स्तर पर हस्तशिल्प उत्पादों का उत्पादन होगा तथा विक्रय हेतु प्लेटफार्म उपलब्ध हुआ है, इससे जनजाति महिलाओं द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

कार्यक्रम में एसपी संकल्प शर्मा, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम संजय कुमार सिंह एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में थारू जनजाति के प्रधान, महिलायें, छात्र-छात्राये उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं जनमानस का पीओ यूके सिंह ने आभार ज्ञापित किया।कार्यक्रम के पश्चात् प्रभारी मंत्री ने गुरू गोरक्षधाम द्वारा आयोजित चिकित्सीय शिविर एवं एकीकृत जनजाति विकास परियोजना, चंदनचौकी-खीरी का निरीक्षण किया।

# विस उपचुनाव में मिली जीत से भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा उपचुनाव व दिल्ली विधान सभा चुनावों में भाजपा की जीत से उत्साहित शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदर चौराहे पर पहुंचकर जमकर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को बधाईयां दी। यहां कार्यकर्ता अपने हाथों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर लेकर खुशी का इजहार करते दिखाई दिए। बता दें कि विधानसभा उपचुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी की विजय के साथ दिल्ली विधानसभा में 70 सीटों के चुनाव में भाजपा को मिली बढत से भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश आ गया। शनिवार को बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अगुआई में सदर चौराहे पहुंचे और जमकर आतिशबाजी की। इस मौके पर सुरजनलाल वर्मा, विनोद वर्मा, शत्रोहन मिश्रा, विनोद स्वर्णकार, विजय बाजपेई सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत का जश्न मनाते हुए नृत्य किया और आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को बधाईयां दी। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार,नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा,विजय

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने निकाला विजय उत्सव



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम एवं मिल्कीपुर विधानसभा का चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आते ही उत्साहित भाजपायों ने भाजपा कार्यालय से श्रीराम चौराहे तक जिला अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में निकाला। विजय जुलूस एवं नगर के श्री राम चौराहा बड़े चौराहे पर पटाखे दगाए एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा दिल्ली विजयपर उत्सव मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 26 साल बाद दिल्ली विधानसभा में प्रचंड विजय प्राप्त की। इस विजय पर उन्होंने दिल्ली वासियों के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहां कि भाजपा सभी का विकास चाहती है तथा इसी लक्ष्य केंद्र कार्य कर रही है। जनता ने मोदी पर विश्वास कर दिल्ली विधानसभा में भाजपा को प्रचण्ड बहुमत दिया है विकास के पद पर आगे बढ़ने का काम प्रधानमंत्री मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में हो रहा है।

## मैरिज लान व डीजे संचालक डीजे रात्रि दस तक चलायें, एएसपी, एसडीएम ने दिए निर्देश



**लखीपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली में एडीशनल एसपी गौतम एवं एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह द्वारा लखीमपुर शहर व निकटवर्ती स्थलों पर चलाए जा रहे मैरिज लॉन एवम् डी जे स?चालको की बैठक की गई तथा मैरिज लॉन में रात्रि 10 बजे तक ही मध्यम आवाज में डीजे चलाने के निर्देश दिए। डीजे आयोजकों ने कार्यक्रम के समय ग्राहकों द्वारा दबाव बनाकर डीजे चलवाने की बात की तो एडीशनल एसपी व एसडीएम ने कहा कि अगर कोई आप पर अन्यथा दबाव डालता है तो आप तत्काल पुलिस को सूचित करें पुलिस शीघ्र पहुंच कर कार्यवाही करेगी। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्गत निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें अन्यथा हम लोगों को भी आप पर कार्यवाही हेतु कदम उठाने पढ़ेंगें। हम लोग चाहते हैं कि आप लोग नियमों के विपरीत कुछ न करें व जनहित में हमारा सहयोग करें। कार्यक्रम में मैरिज लॉन ऐसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन मौर्य, डीजे एसोसिएशन के अध्यक्ष हृदेश मोहन खरे,सुनील बरतरिया, मधुर खरे ,सदर व सदर निकटवर्ती जगहों के मैरिज लॉन एव डीजे संचालक उपस्थित रहे।

## प्रधान पद के उपचुनाव में प्रेमलता वर्मा का निर्विरोध निर्वाचन तय

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत मल्लबेहड़ में प्रधान पद और ग्राम पंचायत तेलियार में क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए एक-एक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल हुए, मल्लबेहड़ प्रधान पद के लिए दिवंगत प्रधान सुरेन्द्र मोहन वर्मा की पत्नी प्रेमलता वर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया तो वहीं रमियाबेहड़ क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए कुलसूम बानो पत्नी आरिफ अली ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी अनुज अवस्थी ने बताया कि उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया निर्धारित समय चार बजे तक पूरी हो गई, जिसमें प्रधान पद और



क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए किसी दूसरे प्रत्याशी का नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ, जिससे उपरोक्त दोनों प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।

बताते चलें कि मल्लबेहड़ के प्रधान सुरेन्द्र मोहन का बीमारी के चलते 21 जनवरी को निधन हो गया था, जिसपर उपचुनाव होना था, जिसपर उनकी पत्नी प्रेमलता का एक ही नामांकन दाखिल किया जिसके बाद उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है।

## समाजसेवी ने मात्र एक रुपए में अयोध्या व प्रयागराज कुंभ के लिए दर्शन स्नान के लिए रवाना की बस

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

युवा समाजसेवी कमलेश कुमार मौर्य ने अपने गाँव प्रीतमपुरवा से अयोध्या व प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के सर्वप्रथम चरण धोए जिसके बाद सभी के तिलक लगाया व फूलों की माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट कर दर्शन स्नान के लिए बस से रवाना किया।

समाजसेवी कमलेश कुमार मौर्य को इस यात्रा में जाने वाले प्रत्येक श्रद्धालु ने आशीर्वाद स्वरूप मात्र एक रुपये की धनराशि भेंट की। इस दौरान अयोध्या व प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने के लिए जा रहे महिला व पुरुष श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। सभी श्रद्धालु अपने अपने परिवारों से गले मिलकर खुशी



जाहिर करते हुए मंगलमय यात्रा की कामना करते नजर आ रहे थे।

समाजसेवी कमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि इसी तरह अगली बस पहले अयोध्या फिर प्रयागराज महाकुंभ के लिए 21 फरवरी की शाम गाँव प्रीतमपुरवा से रवाना होगी। कमलेश मौर्य समय समय पर क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहते है।

## सेंट जॉन्स स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों का भव्य विदाई समारोह आयोजित

- छात्राओं ने साझा किए अनुभव तो शिक्षकों ने दिए आशीर्वाद

**गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर।**

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2024- 25 के 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 11 की छात्राओं के द्वारा प्रेयर डांस के साथ की गई जिसके बाद डांस, सिंगिंग, एकांकी जैसे अन्य कई




कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किए गए। कक्षा 12 के प्रत्येक छात्र-छात्राओं के लिए उनके सम्मान में टाइटल के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप टिर्की के द्वारा भेंट प्रदान की गई। शिक्षक अरुण सक्सेना द्वारा कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को अपने जीवन को सफल बनाने का संदेश दिया गया। 12वी के छात्र छात्राओं ने मोमबत्ती प्रज्जवलित कर ईश्वर से प्रार्थना करते हुए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल फादर संजीत कुल्लू, हेड मिस्ट्रेस सिस्टर सीना रोज, सिस्टर सौम्या समेत शिक्षक शिक्षिका और कक्षा 11 के छात्र-छात्रा मौजूद रहे। कक्षा 11 की छात्रा जानवी पांडे, आतिफा खान, आदित्री श्रीवास्तव, एंजेल विल्सन, गौरांगी त्रिवेदी, छात्रों में वीरल केडिया, वत्सल पाठक द्वारा संचालन किया।

## प्रसिद्ध हनुमान गढ़ी मंदिर का वार्षिकोत्सव शुरू, बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त

- पूजा प्रतिष्ठा कर झाकियों का ले रहे आनंद

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के धौरहरा तहसील क्षेत्र में प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमत यज्ञ सहित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम शुक्रवार दिनांक 07/02/25 से 15/02/25 तक रहेगा। इस वार्षिक उत्सव में श्रीधाम बरसाना से श्री कृष्ण लीला संस्थान के कलाकार आए है। प्रथम दिवस शुक्रवार को कलाकारों द्वारा पूजा प्रतिष्ठा के बाद रात्रि 9 बजे से बेहतर झांकियां प्रस्तुत की गई।



कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-पाठ किया। धौरहरा तहसील क्षेत्र मे स्थित प्राचीन हनुमान गढ़ी सेमरिया मंदिर के 795 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमत यज्ञ के साथ वार्षिक उत्सव आयोजन शुरू किया गया। बजरंगबली के भक्तों के सहयोग से आयोजित इस वार्षिक आयोजन मे मंदिर प्रांगण में भक्तों की भीड़ लगी रही। प्रथम दिवस में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को देखकर ऐसा प्रतीत होता था कि मानो समूचा क्षेत्र वहां उमड़ पड़ा हो। रात्रि 9 बजे से शुरू झांकी कार्यक्रम देर रात 11 बजे तक चलता रहा। इस दौरान क्षेत्र के भक्त भाव विभोर होकर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पत्रकारों की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को पड़रिया तुला में हुई पत्रकारों की बैठक में पदाधिकारी ने पत्रकारों को दिशा निर्देश देते हुए क्षेत्र में नए तरीके से काम करने के बारे में बताया। साथ ही पत्रकारों के हित में कई अहम फैसले लिए गए। सभी पत्रकारों ने एक जुटता के साथ समाचार संकलन प्रेषण आदि के बारे अवलोकन किया।

शनिवार को पड़रिया तुला में हुई बिजुआ पत्रकार संगठन की बैठक में संगठन अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष सूरज सिंह ने सख्त लहजे में कहा किसी भी पत्रकार को अपने दायरे में रहकर कार्य करना चाहिए। नियम विरुद्ध कार्य किये जाने पर संगठन उसके खिलाफ कार्यवाई करेगा।

कायदे में रहोगे,फायदे में रहोंगे के स्लोगन के साथ अध्यक्ष ने एकजुट होकर काम करने की सलाह दी। संगठन के प्रति कई अहम फैसले लेते




हुए संगठन अध्यक्ष ने बिजुआ के समस्त पत्रकारों को एकजुट रहने नए दिशा निर्देश आदि को ग्रहण करने आदि के बारे में बताया। वहीं पत्रकारों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल सलीम खान ने कई नए तरीकों से समाचार संकलन आदि के बारे में पत्रकारों को विधिवत बताया। पत्रकार जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि पत्रकारों की सबसे बड़ी पूंजी ईमानदारी है हम सभी को एकजुट रहते हुए पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ नई नीतियों को ग्रहण करते हुए क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। बैठक में पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जनों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन में विचारों को ग्रहण करते हुए पत्रकारों ने नई नीतियों का स्वागत किया।

इस मौके पर पवन जायसवाल राम निवास मिश्रा,विकास वर्मा,अजय गुप्ता, पीके वर्मा, अतीश त्रिवेदी, नागेंद्र प्रताप शुक्ल, धीरज सोनी, पुष्पेंद्र सिंह,प्रेम बहादुर यादव, अतुल पांडे, आसिफ अली सिद्दीकी, हृदयेश शंकर शुक्ला,ऋषिकेश शर्मा, देवेंद्र कुमार, सतीश त्रिवेदी, मनोज मिश्रा, हरीश मौर्या, सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने किया भीरा थाने का औचक निरीक्षण

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** जनपद लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शनिवार को भीरा थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में स्थित कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक और कम्प्यूटर कक्ष का गहन निरीक्षण कर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने थानों में दर्ज मुकदमों से जुड़े माल के कानूनी निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी गशत पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक खीरी ने कहा शीत ऋतु में कोहरे से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने और यातायात नियमों का पालन कराने पर बल दिया जाए। एसपी ने चेतावनी दी कि ठंड और कोहरे के साथ घुमंतू गिरोहों के सक्रिय होने का खतरा बढ़ जाता है। संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने के लिए गस्त जरूरी हैं। कस्बा-बाजार और सुनसान इलाकों में नियमित पैदल गशत के साथ एंटी-रोमियो टीम की गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर दिया। कस्बों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस की सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## लालापुर में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर आयोजित

- निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का जरूरतमंदों ने उठाया लाभ

**बेलरायां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन ब्लाक की ग्राम पंचायत लालापुर के ग्राम लाला पुर गांव में में निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लखनऊ मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर हरदोई से आए डॉक्टरों ने सैकड़ो लोगों की जांच कर दवा वितरण किया। आपको बता दें गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5 के तहत नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध एवं गौरक्ष प्रांत द्वारा लालापुर में निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम लालापुरवा भेडौरी, हरबक्शाहपुरवा, बेलरायां, प्रताप पूर्व चंदनीपुरवा, महाराजनगर सहित आस पास के गांव से आकर तमाम लोगों ने



उपस्थित चिकित्सकों से परामर्श कर आवश्यक दवा आदि प्राप्त की। लाला पुर मे निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का ग्राम पंचायत लाला पुर के प्रधान प्रदीप कुमार पंचायत मित्र हरिशंकर मां दुर्गा के सम्मुख दीप प्रवज्जलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के डॉक्टर्स डॉक्टर ऋषि सिंह केजीएमएन लखनऊ हामी बिश्नोई शाहजहांपुर शशांक मिश्रा शाहजहांपुर अमन आरडीएमसी बांदा सतीश गुप्ता एसएमसी हरदोई पंचायत के ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, पंचायत मित्र हरिशंकर , बालकुमार वर्मा, मनीराम गुप्ता, दामोदर वर्मा, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश, रविंद्र, पंचायत सहायिका आशा, मनीष रस्तोगी, लेखपाल कंचन वर्मा, विद्यालय विद्या मंदिर अध्यापक अजीत कुमार, बालकुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत में कराए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप, क्षेत्र वासियों ने बनाई वीडियो, वायरल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर की नवसृजित नगर पंचायत निघासन के वार्ड नं 13 गोविंदपुरी (राजाराम पुरवा) में आरसीसी सड़क के साथ नाली का निर्माण कार्यदायी संस्था के द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्र वासियों का आरोप है कि सड़क किनारे लगाई जाने वाली बॉक्सिंग को बिना गहराई जमीन के ऊपर ही नींव डालकर निर्माण किया जा रहा है, जिसमें पीली ईंट के रोड़ा के ऊपर बिना सीमेंट मौरंग मिश्रण के केवल बालू डलवा दी गई है, जिसे देखकर ही अंदाजा लगा सकते हैं कि यह बॉक्सिंग कहां तक नालियों का दबाव झेल पाएगी, और नगर पंचायत निघासन में किस प्रकार भ्रष्टाचार के साथ विकास की गंगा बहाई जा रही है। सूत्रों की माने तो जिम्मेदार अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं के साथ मिलकर मानकों की अनदेखी कर मोटी रकम बचाने और लगातार मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य करवा रहे हैं। सूबे की जीरो टार्लेंस की नीतियों वाली 2.0 वाली योगी सरकार नवसृजित नगर पंचायत निघासन के विकास के लिए करोड़ों रुपए भेजकर कायाकल्प करने की जुगत में है, बावजूद इसके निघासन में हो रहे विकास और निर्माण कार्यों मे कार्यदायी संस्थाओं के साथ मिलकर ज़म्मिदार सरकार द्वारा दिए जा रहे भारी भरकम बजट का जमकर गोलमाल कर रहे है। इससे पहले भी कस्बे में कराए गए कार्यों जैसे करोड़ों रुपए की लागत में बन रही कान्हा गौशाला, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय आदि में लगातार मानकों की अनदेखी के मामले प्रकाश में आए थे।

# नेशनल गेम्स उत्तराखंड से आई बड़ी खबर, ताईक्कांडो में यूपी आया पहला स्वर्ण पदक

- नेशनल गेम्स उत्तराखंड में ताईक्कांडो में गाजीपुर को मिला पहला स्वर्ण पदक
- जनपद की बड़ी उपलब्धि, गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी की ऋषिता राय ने स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल गेम्स में खोला खाता

**सैदपुर (गाजीपुर), समृद्धि न्यूज।**

गैबिपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षित ताईक्कांडो खिलाड़ी ऋषिता राय ने 38वीं नेशनल गेम्स उत्तराखंड में स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया है।

नेशनल गेम्स के ताइक्कांडो खेल में ऋषिता ने क्वाटर फाइनल में हिमाचल प्रदेश, सेमीफाइनल में महाराष्ट्र और फाइनल मैच में मेजबान उत्तराखंड को 7-5, 7-7 के सुपीरिटी स्कोर से हरा कर स्वर्ण पर कब्जा किया । शुक्रवार देर रात तक चले इस मैच पर सुबह से ही जिलेवासियों की निगाहे टिकी हुई थीं क्योंकि अभी तक इस नेशनल गेम्स में पूर्वांचल के किसी भी ताईक्कांडो खिलाड़ी का फाइनल तक पहुचना नही हुआ था। अब ऋषिता ने






यह सूखा ताईक्कांडो खेल में स्वर्ण पदक जीत कर खत्म कर ही दिया है तो जनपद वासियों में उत्साह का माहौल है। गौतम स्पोर्ट्स अकादमी गैबिपुर में जीत की खबर लगते ही रात भर जश्न का माहौल रहा। प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिला कर बधाइयां दीं । ऋषिता राय सैदपुर तहसील के सादात ब्लॉक स्थित पिपनार गावं निवासी अरविंद राय डबलू व रेनू राय की पुत्री हैं। जो वर्ष 2017 में गौतम स्पोर्ट्स अकादमी के ताईक्कांडो कोच व प्रबन्ध निदेशक अमित कुमार सिंह के संरक्षण में ताईक्कांडो खेलना आरम्भ की थीं । कोच अमित कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 में पहली बार चेन्नई नेशनल व स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार दो स्वर्ण पदक जीता। यहीं से ऋषिता का स्वर्णिम युग आरम्भ हुआ। इसके बाद राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जितने के बाद वर्ष 2022 में यूरोपियन देश बुल्गारिया में आयोजित जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसी प्रतियोगिता में जर्मनी के खिलाड़ी से खेलने के दौरान इंजरी भी हुई पर ऋषिता के इरादे नहीं डिगे और आगामी खेलों इंडिया महिला लीग में पुनः राष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीत कर अपने इरादे को जता दिया । इसी दौरान प्रदेश सरकार ने ऋषिता के प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती कर लिया। पिछले वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में ऋषिता राय को संम्मानित किया। इसके बाद पिछले वर्ष के समापन में अखिल भारतीय पुलिस गेम्स में भी ऋषिता ने रजत पदक जीता और सीनियर राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर 38वीं नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए अहर्ता प्राप्त कर लिया और अब उत्तराखंड में भी स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। गाजीपुर सहित पूर्वांचल और गौतम अकादमी परिवार व यहां के सैकड़ों खिलाड़ियों के लिए बहुत ही गर्व की बात है। अमित कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ताईक्कांडो एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी अरविंद यादव भारतीय खेल प्राधिकरण लखनऊ सेंटर इंचार्ज संध्या भारती, सुजीत कुमार बघेल, क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री वीरेंद्र उपाध्याय व मातृ शक्ति प्रमुख डा. संध्या दुबे इत्यादि गणमान्यों का फोन द्वारा बधाइयाँ संदेश लगातार मिल रहा है। इस अवसर पर गौतम सेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष उमा सिंह ने कहा कि ऋषिता के जनपद वापसी पर गौतम स्पोर्ट्स अकादमी में भव्य स्वागत सम्मान किया जाएगा।

# यूपी में गोबर व गोमूत्र के व्यावसायिक उपयोग को दिया जाएगा बढ़ावा : धर्मपाल

**प्रदेश सरकार ने किया 7713 गो आश्रय स्थलों में 12.43 लाख निराश्रित गोवंश का संरक्षण**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** महाकुम्भ के अवसर पर प्रयागराज के संगम की पावन स्थली पर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री की अध्यक्षता में पशुपालन एवं दुग्ध विकास की बैठक हुई।

बैठक में निराश्रित गोवंश के संरक्षण, संरक्षण में आए संघर्षों के समाधान पशु कल्याण एवं विकास, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि तथा पशु स्वास्थ्य एवं संक्रामक रोगों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कहा गया कि गाय के दूध के साथ साथ उसके गोबर एवं मूत्र के व्यावसायिक उपयोग को संपूर्ण उत्तर प्रदेश में बढ़ावा दिया जाएगा। बैठक में धर्मपाल सिंह ने पशुधन एवं दुग्ध विकास के कार्यों एवं भावी योजनाओं की चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर मंत्री ने गौ पूजन कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया और लोकमंगल कामना की।

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 7713 गो आश्रय स्थलों में 12.43 लाख निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। गोबर व गोमूत्र से बने उत्पादों के विपणन से गोआश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। गोवंश के भरण-पोषण हेतु अनुदान को 30 से बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन किया गया है।

मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 1.62 लाख निराश्रित गोवंश को 1.05 लाख लाभार्थियों को सुपुर्द कर /1500 प्रति माह अनुदान की व्यवस्था लागू की गई है। मुजफ्फरनगर के तुगलकपुर कम्हेटा गांव में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से 5000 गोवंश की क्षमता वाली काऊ सेंचुरी और प्लांट स्थापित किया गया है। प्रदेश सरकार वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने का कार्य कर रही है।

### 543 वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण की मंजूरी

पशुपालन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 543 वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण की मंजूरी दी गई है, जिनमें से 372 केंद्र पूर्ण होकर संचालित हो चुके हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे गोवंश सुरक्षा के लिए रेडियम बेल्ट और सीसीटीवी निगरानी की योजना भी क्रियान्वित की जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि सेक्सड सीमेन तकनीक को बढ़ावा देते हुए 700 मूल्य वाले सीमेन डोज को 100 में उपलब्ध कराया गया है। 8000 युवाओं को पैरावेट के रूप में प्रशिक्षित कर कृत्रिम गर्भाधान से जोड़ा गया है।

ब्राजील से 100 साहीवाल भ्रूण आयात कर तकनीक से उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाले गोवंश का संवर्धन किया जा रहा है।

प्रदेश में 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट्स स्थापित हैं, जो टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल मिलते ही पशुचिकित्सा और टीकाकरण की सुविधा प्रदान कर रही हैं। छह करोड़ से अधिक पशुओं के लिए मुफ्त दवा और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में चलेगी वॉटर मेट्रो, टीम करेगी सर्वे

**जल परिवहन से मिलेगा व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ समेत कई शहरों में जल्द ही जल मेट्रो दौड़ती नजर आएगी। गोमती नदी पर पहली शहरी जल मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिससे यातायात के नए विकल्प खुलेंगे। कोच्चि जल मेट्रो बोर्ड परियोजना को इस माह यूपी के विभिन्न शहरों की नदियों का जलस्तर जांचने के लिए सर्वे करने आ रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार लखनऊ की गोमती नदी जल मेट्रो संचालन के लिए सबसे उपयुक्त पाई गई है, इसलिए इसे सबसे पहले चुना गया है। सरकार की योजना इसे प्रदेश के अन्य शहरों तक भी विस्तार देने की है, जिससे जल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन को भी बढ़त मिलेगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने जल परिवहन प्राधिकरण का गठन कर दिया है, जो इस योजना को लागू करने और संचालन की देखरेख करेगा। सरकार जल्दी रूपरेखा कैबिनेट में प्रस्तुत करेगी, जिसके बाद कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कोच्चि जल मेट्रो बोर्ड की एक टीम यूपी का दौरा करेगी। वह गोमती, यमुना, गंगा, सरयू और संगम जैसी प्रमुख नदियों का निरीक्षण करेगी, जहां जल मेट्रो सेवा चलाई जा सकती है।सरकार की योजना के अनुसार लखनऊ की गोमती नदी के अलावा, आगरा में यमुना, वाराणसी में गंगा, मथुरा में यमुना, अयोध्या में सरयू, प्रयागराज के संगम समेत कई अन्य स्थानों पर जल मेट्रो सेवा चलाई जाएगी। जल परिवहन प्राधिकरण का उद्देश्य केवल यातायात सुगम बनाना ही नहीं बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी गति देना है। साथ ही, जलयानों के पंजीकरण के लिए रजिस्ट्री कार्यालय खोले जाएंगे। लखनऊ के अलावा वाराणसी और प्रयागराज में भी रीजनल ऑफिस स्थापित किए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### तमंचे के दम पर युवती से गैंगरेप, सात पर केस दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** माल इलाके में एक युवती ने गांव के सात लोगों के खिलाफ गैंग रेप का मामला दर्ज कराया है। उसका आरोप है कि 23 जून 2024 को खेत से लौटते समय तमंचा दिखाकर आरोपियों ने अगवा कर रेप किया। पुलिस सुनवाई नहीं की तो कोर्ट की शरण ली। जिसके बाद माल थाने में केस दर्ज किया गया है। लेकिन अब केस दर्ज होने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। युवती का आरोप है कि घटना वाले दिन परिजनों के साथ खेत पर काम कर रही थी। शाम को साढ़े सात बजे परिजनों ने कहने पर खाना बनाने के लिए घर के निकली। रास्ते में गांव के कुछ आवारा युवकों ने रोक लिया। तमंचा लगाकर एक बाग में ले गए। वहां गैंग रेप किया। खुद को बचाने का प्रयास करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। परिजन माल थाने शिकायत करने भी पहुंचे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस अधिकारियों को भी पत्र भेजा। माल पुलिस के मुताबिक कोर्ट के आदेश पर मलिहाबाद निवासी विमल यादव, सतीश यादव, मदेयगंज निवासी विमलेश यादव, इटौंजा निवासी नरेंद्र यादव और तीन अज्ञात के खिलाफकेस दर्ज किया गया है। कार्रवाई की जाएगी।

### सहादतगंज इलाके में लगी आग, झुलसकर 80 साल के बुजुर्ग की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सहादतगंज इलाके में शनिवार सुबह एक घर में आग लग गई। आग की वजह से 80 साल के बुजुर्ग बुरी तरह झुलस गए। आनन–फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर मृत घोषित कर दिया। लखनऊ के सहादतगंज निवासी राम पुत्र विभूति नाई के घर मे शनिवार सुबह करीब 4.30 बजे आग लग गई। आसपास के लोगों ने चौक फायर स्टेशन को सूचना दी। फायर स्टेशन चौक से दो फायर टीम पहुंची। मौके पर पहुंच कर देखा कि आग टीन शेड व छप्पर से बने हुए एक कमरे में लगी है। मौके से टीम ने आग को बुझाना शुरू किया। अंदर जाकर देखा तो श्री राम झुलसे मिले। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### एलपीएस में किड्स ओलंपिक्स 2025 संपन्न



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ पब्लिक कॉलेज, विनम्र खंड, गोमतीनगर में आयोजित दो दिवसीय किड्स ओलंपिक्स 2025, 8 फरवरी 2025, को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यूकेजी, कक्षा 1 और कक्षा 2 के नन्हे प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिससे यह आयोजन बेहद शानदार रहा। आज के दिन कई रोमांचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें 100 मीटर दौड़, भाला फेंक, चक्का फेंक, ऊँची कूद, 200 मीटर दौड़ और 4 100 मीटर रिले दौड़ शामिल थीं। इन सभी खेलों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों की जोरदार तालियों और उत्साहवर्धन के बीच सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रधानाचार्या अनीता चौधरी द्वारा प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया, उनके कठिन परिश्रम और समर्पण को सराहा गया। उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यालय के कर्मचारियों ने भी बच्चों की मेहनत और टीम भावना की सराहना की।

### 10 फीट गहरे गड्ढे में गिरा बाइक सवार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सादतगंज में एक बाइक सवार सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया। राहगीरों और आस–पास के लोगों ने घायल बाइक चालक को गड्ढे से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। कई दिनों पहले नगर निगम की तरफ से गड्ढा खोदा गया था। नगर निगम जोन–1 सादतगंज के गोलागंज चार बत्ती चौराहा पर शनिवार दोपहर हादसा हुआ। यहां गड्ढे में बाइक सवार गाड़ी समेत गिर गया। गनीमत रही कि बाइक चालक को मामूली चोट आई है। मौके पर मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को गड्ढे से बाहर निकाला। लोगों का कहना है कि कई दिनों से गड्ढा खोद दिया गया है। सड़क किनारे गड्ढा होने के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। यह जानलेवा साबित हो सकता है।

### डॉग को रौंदने का सीसीटीवी मिला, ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एसयूवी कार से डॉग को रौंदने का सीसीटीवी सामने आया है। घटना तेलीबाग इलाके की है। आरोपी ड्राइवर जैसे ही डॉग के ऊपर गाड़ी चढ़ाता है, एक महिला शोर मचाती है। उसकी आवाज सुनते ही वह गाड़ी की स्पीड बढ़ाकर भाग जाता है। वीडियो सामने आने के बाद फेरीटेल्स मासूम फाउंडेशन संस्था की नेहा जैदी पीजीआई थाने पहुंचीं। यहां वह एफआईआर दर्ज कराने के बाद आरोपी के खिलाफकार्रवाई की मांग कीं। नेहा का कहना है कि कार नंबर के आधार पर ड्राइवर अनुज प्रजापति गांधीनगर का रहने वाला है।

### शार्प बिजनेस ने किया एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस का अधिग्रहण

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** भारत के डिस्प्ले टेक्नोलॉजी क्षेत्र को नई दिशा देने की अपनी योजना के तहत, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस का अधिग्रहण किया है। इस कदम से शार्प के विज़ुअल सॉल्यूशंस पोर्टफोलियो में काफी विस्तार होगा, जो भारत के तेजी से बढ़ते डिस्प्ले बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करेगा। यह अधिग्रहण रिटेल, शिक्षा, एविएशन, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर और स्मार्ट सिटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाने में मदद करेगा। यह साझेदारी दर्शाती है कि शार्प नवाचार के मामले में अग्रणी स्थान पर है, और भारत के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन को गति देने और बेमिसाल मूल्य प्रदान करने के लिए तैयार है। ओसामु नारिता, मैनेजिंग डायरेक्टर, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, भारत में एनईसी डिस्प्ले बिजनेस के अधिग्रहण से हमें भारत के विज़ुअल सॉल्यूशंस बाजार में नवाचार की शुरुआत करने में मदद मिलेगी। एनईसी की विश्व स्तर की टेक्नोलॉजीस को शार्प के इनोवेटिव डिस्प्ले के साथ मिलाकर, हम कस्टमाइज्ड, हाई–परफॉर्मेंस डिस्प्ले सॉल्यूशंस की बढ़ती माँग की आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं।

### बच्चों के झगड़े में कट्टे से फायरिंग, पड़ोसियों के बीच ईंट-गुम्मे चले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सहादतगंज इलाके में बच्चों के झगड़े में बड़े आमने–सामने आ गए। बहसबाजी के दौरान एक पक्ष ने कट्टे से फायरिंग कर दिया हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपी पक्ष को हिरासत में लिया है। करीमगंज सआदतगंज नौशाद का पुत्र शारिक सेंट मैरी स्कूल में पढ़ता है। वहीं पर कासिम का पोता अली भी पढ़ने जाता है। स्कूल में दोनों बच्चों का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मामला इतना बढ़ गया कि बच्चों के घर आने के बाद दोनों परिवार आमने–सामने आ गए। इस दौरान मोहम्मद कासिम उर्फ मुन्ना के घर की छत से ही पत्थर फेंके गए। जिससे दूसरे पक्ष की तरफ से मौजूद जैद के सिर में चोट लग गई। इस दौरान कासिम ने कट्टे से हवाई फायरिंग भी की। जिसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कासिम उर्फ मुन्ना को हिरासत में लिया है।

# वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की थाना मड़ियांव पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम/सर्विलांस टीम ने 4 अन्तर्जनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है।

शनिवार को डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रेस वार्ता कर खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर शातिर किस्म के अपराधी हैं जो लंबे समय से लखनऊ व अन्य जनपदों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते थे जिनकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई थी। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा व उनकी टीम और डीसीपी उत्तरी क्राइम टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर उस वक्त शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जब वह चोरी की मोटरसाइकिलों को किसी ट्रक में लादकर अन्य जनपद ले जाकर बेचने वाले थे। गिरफ्तार चोरों की पहचान सत्यम शुक्ला, अनस खान, आमिर, और इमरान के रूप में हुई।

डीसीपी उत्तरी ने यह भी बताया कि जनपद के विभिन्न थानों में वाहन चोरी के दर्ज कुल 23 मुकदमों का सफल अनावरण किया गया है साथ ही उक्त चोरों के कब्जे से 41 मोटरसाइकिलें व दो मोटरसाइकिलों के कटे हुए पार्ट्स और घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार बरामद हुई है। वाहन चोरों का गैंग बाइक चोरी करके इकट्ठा करते और अपनी जरूरत के हिसाब से कुछ पार्ट्स कटवा कर राह चलते कबाड़ियों से औने-पौने दामों पर बेचकर अपने शौक पूरे करते थे और जब मतलब भर मोटरसाइकिलें इकट्ठा हो जाती तो किराए पर किसी ट्रक में लादकर अन्य जनपद में बेच देते थे। उत्तरी जोन की पुलिस ने एक बेहतरीन खुलासा करते हुए शातिर वाहन चोरों के गैंग को गिरफ़्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है।





गिरफ्तार चोरों की पहचान सत्यम शुक्ला, अनस खान, आमिर, और इमरान के रूप में हुई

### डीसीएम डंपर से भिड़ी, एक की मौत, केबिन काटकर ड्राइवर को निकाला

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में डीसीएम डंपर से पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। करीब एक घंटे तक ड्राइवर अंदर फंसा रहा। गैस कटर से केबिन को काटकर गंभीर घायल चालक को बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो गई। हादसा बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में किसान पथ पर हुआ। टक्कर में डीसीएम डम्पर के पीछे चिपक गया। इससे डीसीएम चालक लक्ष्मी नगर निवासी आशीष यादव (38) की मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 8 बजे इंदोराबाग मोड़ के पास हुई। जहां डम्पर के पीछे से डीसीएम टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम का केबिन डम्पर से चिपक गया और चालक केबिन में फंस गया। राहगीरों ने तुरंत 112 और बीकेटी फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। बीकेटी थाना के सेकेंड इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र दुबे पुलिस बल और दमकल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।

# तहसीलदार, नायब तहसीलदार कानूनगो व लेखपाल नियुक्त



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरखपुर नगर निगम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो एवं राजस्व निरीक्षण की आउटसोर्स पर नियुक्ति हो गई है। 14 दिसंबर को जिलाधिकारी की स्वीकृति पर निकाले गए आउटसोर्स से नियुक्त करने के विज्ञापन के आधार पर सेवानिवृत अधिकारियों-कर्मचारियों का चयन किया गया।

लेखपाल पद के लिए 44 आवेदकों का साक्षात्कार 15 जनवरी, कानूनगो के 37 आवेदकों का साक्षात्कार 17 जनवरी एवं नायब तहसीलदार के 14 आवेदकों का साक्षात्कार 18 जनवरी एवं तहसीलदार के पद के 11 आवेदकों का साक्षात्कार 19 जनवरी को लिया गया। साक्षात्कार समिति ने परिणाम घोषित कर दिया है। लेखपाल पद पर चंद्रिका प्रसाद, ओंकारनाथ तिवारी, शशिभूषण सिंह, रविंद्र कुमार, रामदेव गुप्ता का चयन हुआ। इसके अतिरिक्त प्रतीक्षा सूची में कैलाश प्रसाद, रामसूरत चौहान, विजयनाथ उपाध्याय को रखा गया।

कानूनगो के पद पर राम दयाल यादव और शेष प्रताप सिंह का चयन हुआ, जबकि मुजिबुल्लाह और वाहिद कमाल को प्रतिक्षा सूची में रखा गया। नायब तहसीलदार के लिए प्रमोद कुमार सिंह का चयन हुआ, जबकि प्रमोद कुमार श्रीवास्तव प्रतीक्षा सूची में हैं। तहसीलदार पद पर बद्रीनारायण उपाध्याय का चयन हुआ जबकि सूर्यभान गिरी को प्रतीक्षा सूची में रखा गया।

# वंचितों के लिए तेजी से कार्य कर रही डबल इंजन सरकार : असीम अरुण

**भागीदारी महोत्सव का आगाज, गूंजी हाशिए की आवाज**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग एवं मेटाफर लिटफेस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय भागीदारी साहित्य उत्सव का आज बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मुख्यातिथि पद्मश्री कल्पना सरोज और विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने दीप प्रज्ज्वलित किया और अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री कल्पना सरोज ने अपने जीवन के संघर्ष को साझा किया। उन्होंने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कदम कदम पर किस तरह चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज के वंचित, पिछड़े और मुख्यधारा से छूटे नागरिकों के लिए तेजी से कार्य कर रही है। इस मौके पर पंजाबी सिंगर गिन्नी माही के गाने चारों ओर अंधेरा जब था इस संसार में छाया पर खूब तालियां बजीं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों के लिए विभाग द्वारा उनके कल्याण एवं उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों, प्रयासों एवं सामाजिक न्याय हेतु वृहद स्तर पर किए जा रहे नवाचारों के सम्बन्ध में जागरूक करने के साथ ही साहित्य के माध्यम से सामाजिक जागरूकता, समावेशिका और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम में झुग्गी के लाल, इनोवेशन फॉर चेंज द्वारा समन्वित रैंप वॉक किया गया, जिसमें रैंपर्स ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

### दो गुटों में लाठी-डंडे चले, पांच घायल

**लखनऊ।** बंथरा में दो गुटों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों पक्षों के पांच लोग चोटिल हो गए। पुलिस क्रॉस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। बंथरा के शराय शहजादी गांव में रहने वाले संदीप रावत की पत्नी वंदना के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब 7 बजे वह अपने परिवार के साथ घर के आंगन में बैठी थी। उसका आरोप है कि तभी घर के अंदर लाठी डंडों और धारदार हथियार से लैस होकर पहुंचे संजय, श्रीकेशन, सोनू कश्यप, मोनू कश्यप, विक्रांत ने मेरे पति को जाति सूचक गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारने लगे। पीड़िता का कहना है कि उसने बीच बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा। मारपीट में उसके पति संदीप के सिर में गंभीर चोटे आई हैं। वहीं दूसरी ओर संजय कश्यप का कहना है कि पड़ोसी श्रीराम, प्रदीप, संदीप, कल्लो, सुशीला, सरजू और कुलदीप ने घर में घुसकर उसे और उसकी पत्नी संगीता कश्यप, लक्ष्मी, विक्रांत कश्यप और बुधाना पर लाठी-डंडों और फरसा से जानलेवा हमला कर दिया।



बेसिक शिक्षा मंत्री ने किया ‘सम्पूर्ण, ‘चहक’ एवं ‘परिकलन’ का विमोचन

### मलौली गांव में मेढ़ पर खड़ी पतावर जलकर राख

**लखनऊ ।** गोसाईगंज क्षेत्र में शनिवार को मलौली गांव में खेत में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें देखते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग को बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। दमकल कर्मियों की टीम आग पर काबू पाने में जुटी हुई है। इस घटना से आस-पास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### महाकुंभ में 18 देश के 40 छात्र भारतीय संस्कृति पर करेंगे मंथन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े विदेशी छात्रों का दल महाकुंभ प्रयागराज के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय से रवाना हुआ है। कार्यकर्ताओं के दल को राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परिषद के अंतरराष्ट्रीय विंग विश्व विद्यार्थी युवा संगठन (डब्लूएसओवाई) लखनऊ चैप्टर के प्रतिनिधि कुंभ में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन संस्कृति और स्थिरता पर वैश्विक संवाद के लिए रवाना हुए हैं। सम्मेलन में 18 देश के 40 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। छात्रों के दल को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री और विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता दानिश आजाद अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा को लेकर विदेशी विद्यार्थियों के अंदर काफी उत्साह देखा गया। बांग्लादेशी छात्र अर्णव चक्रवर्ती, श्रीलंका की छात्रा मधुशानी, लाओस के छात्र ने बताया कि वह बहुत ही उत्साहित है क्योंकि यह कुंभ 144 सालों में एक बार आया है। अफगानिस्तान, मॉरीशस, लाओस, बांग्लादेश और श्रीलंका के छात्र महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज के लिए बस से रवाना किए गए हैं। विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं को प्रयागराज के लिए रवाना करते समय उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ व हज राज्यमंत्री दानिश आजाद ने कहा कि पूरे दुनिया में महाकुंभ की जय जयकार हो रही है।

**टिप्पणी** — सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. बेनी प्रसाद वर्मा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में कहा

# संविधान के साथ छलावा कर रही है भारतीय जनता पार्टी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान के साथ छलावा कर रही है। बीजेपी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल आज पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.बेनी प्रसाद वर्मा की स्मृति में उनके सुपुत्र और पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम बाराबंकी में आयोजित क्रिकेट मैच का उद्घाटन करने पहुंचे थे।श्री पाल ने मैच का उदघाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधन के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए आरोप लगाया कि मिल्कीपुर में वोटरों को वोट देने के लिए घर से निकलने नहीं दिया गया। भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुका है।हमें वोट देने का जो अधिकार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दिया था, भारतीय जनता पार्टी से पूरी तरह से छीन रही है। मिल्कीपुर में चुनाव हारने को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लड़ाई आमने-सामने होती है न कि पीछे छिपकर। भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से बाबा साहेब के संविधान और देश के लोकतंत्र को खत्म करने में लगी हुई है। भाजपा सामंतवादी और पूंजीवादी व्यवस्था की सोच रखती है जबकि समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र को मानने वाली पार्टी है।देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए जो भी करना पड़ेगा, समाजवादी पार्टी वह जरूर करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव हो या न हो समाजवाद स्थापित करने के लिए हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पूरी टीम मर मिटने को तैयार है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव ने पहले ही कह दिया था कि चुनाव आयोग मर चुका है। लोगों से बोलने का अधिकार छीन लिया गया, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई भी कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मैदान में डटी रहेगी और गरीब, शोषित व वंचितों की आवाज उठाती रहेगी। बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती पर आयोजित जेएसवी क्रिकेट कप के उदघाटन समारोह में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, अरविंद सिंह गोप,सपा सांसद रामशिरोमणि वर्मा, कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, विधायक सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत,नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह, सुधा वर्मा, रेनू वर्मा, ऋषि वर्मा,राजेंद्र वर्मा समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मिल्कीपुर की हार, सपा प्यार से करे स्वीकार : दिनेश शर्मा



**लखनऊ।** अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर आ रहे उपचुनाव के नतीजों पर भाजपा सांसद और नेता दिनेश शर्मा ने कहा–मिल्कीपुर में सकारात्मक नतीजे समाजवादी पार्टी के लोकसभा चुनाव के अहंकार के टूटने का प्रतीक हैं। समाजवादी पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से हार को प्यार से स्वीकार करना चाहिए। वहीं, दिल्ली के नतीजों पर उन्होंने कहा, जब दिल्ली में भाजपा सरकार के नेतृत्व में यमुना नदी साफ हो जाएगी, तो अरविंद केजरीवाल को उस नदी में डुबकी लगाने का मौका मिलेगा, जो वे अपने कार्यकाल में नहीं लगा पाए। ये सिर्फ दिल्ली के चुनाव नहीं थे। ये भारत की राजनीति में बदलाव का चुनाव था। अब विपक्ष रोएगा कि ईवीएम में गड़बड़ी हुई या फिर कोई और गठबंधन बनाने के लिए दौड़ेगा।

### 2027 में सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी वल्लभ भाई पटेल पार्टी

**लखनऊ ।** सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दशरथ भाई पारेख ने एडवोकेट वीरेन्द्र कुमार पटेल को पार्टी का उत्तर प्रदेश इकाई का संरक्षक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। वीरेंद्र पटेल बाराबंकी के निवासी हैं और किसानों, मजदूरों और शोषितों के हक की लड़ाई में हमेशा आगे रहते हैं। प्रदेश संरक्षक वीरेन्द्र पटेल ने कहा कि उनका पहला फोकस संगठन की मजबूती होगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रदेश की सभी 403 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। इतना ही नहीं पंचायत चुनाव में भी पार्टी बढ़ चढ़कर भाग लेगी। गांव मजबूत होंगे तो देश खुद ब खुद मजबूत और समृद्ध बनेगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह कहते थे, खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है।

# भाजपा कार्यालय पर दिल्ली व मिल्कीपुर की जीत पर मनाया जश्न

▸ कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर मनाई खुशियां





**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा एवं दिल्ली विधानसभा में मिले ऐतिहासिक विजय पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी मनाई गई।

सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद का उद्घोष किया। नगर अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि यह विजय पार्टी के कार्यकर्ताओं की है जिन्होंने अपनी मेहनत और कार्यों से इस ऐतिहासिक बना दिया। आज प्रधानमंत्री की गारंटी ने इसे एक बड़ी विजय में परिवर्तित कर दिया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री डॉ डिंपल जैन जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, अखिलेश यादव, कोषाध्यक्ष नितिन रूपानी, मंदीप सिंह वालिया, पंकज केवट, आलोक सिंह, आलोक कोहली, प्रियंका रावत, अरविंद शुक्ला, धर्मराज जायसवाल,अमित वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांसद के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने की आतिशबाजी

दिल्ली विधानसबा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर शनिवार को सांसद के आवास पर पार्टी की कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचे। यहां सभी ने जमकर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी और एक दूसरे को बधाई देकर जीत का जश्न मनाया। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीत मिली है। इसके साथ ही अयोध्या के मिल्कीपुर से उपचुनाव में जीत मिली।दिल्ली में जीत का जश्न मनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी बहराइच सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड के आवास पहुंचे। यहां पर सभी ने सांसद, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड की मौजूदगी में आतिशबाजी की। इसके बाद एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी।सांसद ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के झूठ और भ्रष्टाचार से तंग आकर जनता ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर बता दिया कि झूठ ज्यादा दिन तक नहीं चलता है। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोंडा रेलवे स्टेशन पर खुले जन औषधि केंद्र का जरूरतमंद उठा रहे फायदा

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।**



जंक्शन के रेलवे स्टेशन के बाहर बने इंस्टॉल पर 15 जनवरी को खुला जन औषधि केन्द्र से मरीजों को किफायती दर पर दवाएं उपलब्ध हो सकें, इसके लिए गोन्डा रेलवे स्टेशन पर बीते दिनो जन औषधि केंद्र का उद्घाटन हुआ। वही एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जन औषधि केंद्र की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शुरुआत की थी। इसी क्रम में जनपद गोन्डा के प्लेटफार्म के बाहर प्रांगण में खोला गया इससे यात्रियों को दवाई किफायती और गुड़वत्ता पूर्ण मिल सके। फिर हाल जानकारी के अनुसार जन औषधि केन्द्र को स्थापित करने के लिए चन्द्र मौली मिश्रा ने बहुत सराहनीय कार्य किया है। यही नहीं श्री मिश्रा के देखरेख मे जन औषधि केन्द्र से मानक अनुसार लोगों को दवाई मिल सके इसका भी बहुत ध्यान रखा गया है।



## दिल्ली विधानसभा की जीत एवं मिल्कीपुर की जीत पर झूमे भाजपाई, एक दूसरे को खिलाया मिठाई

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली प्रदेश एवं मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में गोन्डा भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी का माहौल,जश्न मनाया गया ।उत्साहित कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर,गुलाल लगाकर एवं पटाखे दागकर खुशी मनाते देखा गया ।भाजपा की प्रचंड जीत पर केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह (राजा भैया),भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप,सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह,रमापति शास्त्री, बावन सिंह, प्रेम नारायण पांडे, प्रभात कुमार वर्मा,विनय द्विवेदी प्रतीक भूषण सिंह,अवधेश सिंह,मंजू सिंह,घनश्याम मिश्रा,कर्नलगंज विधायक अजय सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री युवा मोर्चा वैभव सिंह, जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी,राकेश तिवारी,जसवंत लाल सोनकर, दीपक अग्रवाल,राजेश राय चंदानी, मनीष सिंह,नीरज मौर्य, संदीप पांडे,अर्जुन प्रसाद तिवारी, राघवेंद्र ओझा पद्दू, अनिल कुमार पासवान, भवानी भीख शुक्ला, वैभव सिंह, मोनू, शाहिद, सहित सैकड़ों पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। ।जिला अध्यक्ष अमर किशोर का सपना बताया कि उत्तर प्रदेश की जनता ने योगी सरकार के सुशासन एवं दिल्ली की जनता ने मोदी सरकार की गारंटी पर विश्वास जताया है ।राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया ने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों के विश्वास की गारंटी है दिल्ली के चुनाव की जीत है ।करण भूषण सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने से अब दिल्ली में बेहतर विकास की संभावना प्रबल है ।पूर्व मंत्री एवं विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को डबल इंजन की सरकार द्वारा दिल्ली में पूरा किया जायेगा।

# रिश्वतखोरी के आरोप में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, लेखपाल निलंबित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील मनकापुर के हल्का लेखपाल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव को रिश्वतखोरी के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उप जिलाधिकारी मनकापुर, यशवंत राव द्वारा की गई, जिसके तहत लेखपाल को निलंबन की अवधि में तहसील कार्यालय से संबद्ध रहने का आदेश दिया गया है।

**क्या है मामला:-** ग्राम घुसया खास, तहसील मनकापुर की निवासी कलावती ने जिलाधिकारी महोदया के समक्ष सम्पूर्ण समाधान दिवस (1 फरवरी 2025) में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी माता श्रीमती जगपता का 28 अगस्त 2024 को प्राकृतिक निधन हो गया था। उनकी बरासत (उत्तराधिकार प्रमाण पत्र) के लिए उन्होंने तीन बार–26 सितंबर, 26 अक्टूबर 2024 और 10 जनवरी 2025 को आवेदन किया, लेकिन हल्का लेखपाल विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कथित रूप से रु.5000 की रिश्वत लेकर भी उनका आवेदन खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, जब उन्होंने दोबारा आवेदन किया, तो लेखपाल ने रु.10,000 की अतिरिक्त रिश्वत की मांग की।

### प्रशासन की सख्त कार्रवाई

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लेखपाल को निलंबित कर दिया। आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में उन्हें वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा, लेकिन उन्हें कोई अन्य भत्ता देय नहीं होगा। इसके अलावा, उन्हें यह प्रमाणपत्र देना होगा कि वह किसी अन्य सेवा, व्यापार या व्यवसाय में संलिप्त नहीं हैं।

### मुख्यालय छोड़ने पर रोक

निलंबन के दौरान लेखपाल को तहसील कार्यालय मनकापुर से संबद्ध किया गया है और बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई है।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




▸ सभी अधिकारी विभागीय कार्यों में शतप्रतिशत कार्य करके पूर्ण करें लक्ष्य : जिलाधिकारी

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा की गई, समीक्षा में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की कड़ाई के साथ परिवर्तन कार्य किया जाए, ताकि विभाग का लक्ष्य समय से पहले पूर्ण किया जा सके।

स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की समीक्षा के दौरान एआईजी स्टांप को निर्देश दिए हैं कि विभाग में संचालित समाधान योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाय, ताकि योजना का लाभ सभी आमजन लोगों को मिल सके।, आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि टीम के साथ अधिक से अधिक क्षेत्रों में छापेमारी की जाए, ताकि अवैध कच्ची शराब का कारोबार पूरी तरह से रोका जा सके। विद्युत विभाग की समीक्षा की गई, समीक्षा में विभाग द्वारा संचालित ओटीएस समाधान योजना के संबंध में निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाए, ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को मिल सके।, परिवहन विभाग की समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान एआरटीओ प्रशासन एवं परिवर्तन को निर्देश दिए हैं कि अवैध रूप से संचालित वाहनों का चालान करें, साथ ही लंबित पड़े पुराने चालानों पर कार्यवाही करें। स्थानीय निकाय नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दुकानों के सामने रोड पर गंदगी करने वाले दुकानदारों का चालान करें एवं अवैध रुप से संचालित प्लास्टिक पॉलिथीन पर छापेमारी कर कार्रवाई करें। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि टिकरी क्षेत्र में हो रहे अवैध कटान पर कार्यवाही करें, एवं इस कार्य में लिप्त संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें, ताकि अवैध रूप से हो रहे कटान पर लगाम लगाया जा सके।

बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, अपर उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना, वाणिज्य कर अधिकारी, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा अजीत मिश्र, औषधि निरीक्षक रजिया बानो, एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन, सहायक श्रमायुक्त मोहम्मद अब्बास, एसडीईएओ वन विभाग सुदर्शन, जिला कृषि अधिकारी, एक्सईएएन जेबी सिंह, आबकारी अधिकारी, बांटमाप सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्री मां आईटीआई में शिक्षणार्थियों को बांटे गये टेबलेट, यूपी सरकार का था वादा

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान यूपी टैबलेट योजना शुरू करने की घोषणा की थी। इस योजना के माध्यम से राज्य के युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराये जायेंगे ।इस योजना से करीब 1 करोड़ युवाओं को फायदा होगा। यूपी फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना का लाभ ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल और डिप्लोमा की पढ़ाई करने वाले छात्र प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना के तहत युवाओं को मुफ्त में डिजिटल एक्सेस भी प्रदान किये जाएंगे ।छात्र इन टैबलेट और स्मार्टफोन के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में छात्रों को इन स्मार्टफोन और टैबलेट के जरिए नौकरी ढूंढने में भी आसानी होगी ।इसके अलावा यूपी सरकार ने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए भत्ता देने का भी ऐलान किया है। इसी को लेकर श्री मां आई टी आई गायत्री पुरम में भी शिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को टेबलेट वितरण किया गया जिसकी जानकारी श्री मां आई.टी.आई के प्रधानाचार्य हरीश पटेल ने बताया कि हमारे शिक्षण संस्थान में 44 शिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षणार्थियो को टेबलेट वितरण किया गया है। इससे टेक्नोलॉजी के द्वारा शिक्षण कार्य में सहयोग मिलेगा और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री के वादे को भी पूर्ण किया जा रहा है। वहीं अतिथि के रूप में सरिता तिवारी नगर उपाध्यक्ष भाजपा, धर्मवीर शुक्ला सभासद सिविल लाइन, मनोज मिश्र अवध नन्दन उदयवीर सिंह ने आईटीआई में टेबलेट बांटने में सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम के दौरान आईटीआई के सावित्री दीक्षित प्रबंधक, विश्वनाथ पान्डेय निदेशक, अंशू, नीलू, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक विशेश्वरगंज में पंचायत उपचुनाव का नामांकन पूरा, 19 को मतदान

▸ प्रधान पद के लिए छह प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विशेश्वरगंज विकास क्षेत्र में पंचायत उपचुनाव की हलचल तेज प्रधान पद के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर चुनावी रण में उतरने का ऐलान कर दिया है। इसी के साथ ग्राम सदस्य पद के लिए भी कई गांवों में उम्मीदवारों ने ताल ठोकी है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान थाना प्रभारी नवीन सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने जबरदस्त सुरक्षा घेरा बनाया, जिससे चुनावी माहौल शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बना रहा। पूरे क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे किसी भी तरह की अराजकता या विवाद की कोई गुंजाइश नहीं रही। ग्राम पंचायत दिगित पुरवा में प्रधान पद के लिए 6 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा, जिससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। वहीं, ग्राम सदस्य पद के लिए पुरैना, खरगौरा जनूब, सरकाही, डोल कुँआ, झूरी कुइयाँ, शेखापुर, बिलरवा और दिगित पुरवा में चुनाव होंगे। हालांकि पुरैना, शेखापुर, दिगित पुरवा और झूरी कुइयाँ में किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जबकि अन्य चार पंचायतों में एक–एक उम्मीदवार सामने आए हैं।10 फरवरी को नामांकन पत्रों की कड़ी जांच। 11 फरवरी को नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटन। 19 फरवरी मतदान का बड़ा दिन। 21 फरवरी को वोटों की गिनती और विजेता का ऐलान। चुनावी संग्राम शुरू हो चुका है क्या नया चेहरा गांव की तकदीर बदलेगा या फिर पुराना राज चलेगा।

# एसडीएम ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के दिए निर्देश

▸ सीएचसी अधीक्षक पयागपुर डॉ. धीरेंद्र तिवारी की सराहना

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



पयागपुर तहसील मुख्यालय पर आयोजित तहसील स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी एवं मॉप-अप दिवस 14 फरवरी को सफल बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार ने की, जबकि संचालन बीपीएम अनुपम शुक्ल ने किया। एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल अनिवार्य रूप से खिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को यह दवा सुनिश्चित रूप से दी जाए। बैठक के दौरान चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी की स्वास्थ्य अभियानों में उत्कृष्ट भूमिका के लिए विशेष सराहना की गई। उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्पण से क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है।इसके अलावा, बैठक में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग खोजी अभियान 20 फरवरी - 6 मार्च, 100 दिवसीय क्षय रोगी अभियान, नियमित टीकाकरण और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में डॉ. प्रवीण पांडेय, कमलेश मिश्रा बीईओ, सीडीपीओ अनिल पांडेय, अजय त्रिपाठी, गोपालजी शुक्ल, विनोद पांडेय, प्रतिभा सोनकर, बीपीएम पवन कुमार, धर्मेंद्र मिश्रा, डब्ल्यूएचओ के फील्ड मॉनिटर प्रीतम मिश्रा और अखिलेश कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और इस अभियान को सफल बनाने में हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

# अनाथ भाई-बहन की मदद को थानाध्यक्ष ने बढ़ाया हाथ



▸ थानाध्यक्ष द्वारा उठाए गए इस कदम की ग्रामीण कर रहे सराहना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

अपने माता-पिता को खो चुके दो बच्चों को तमाम दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है। खाने के भी लाले पड़े हुए हैं। बीमारी से एक बच्चे की आंख की रोशनी भी जा चुकी है, इसके बावजूद किसी ने भी उनकी मदद करना उचित नहीं समझा। विगत दिनों सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रेश शास्त्री जो जनपद महाराजगंज के रहने वाले हैं।

कैसरगंज के ग्राम भखरौली कनपुरवा भ्रमण पर गए हुए थे। उन्हें पता चला कि इस गांव के दो बच्चे आदित्य व अर्चना दोनों असहाय रूप से किसी तरह अपना गुजारा कर रहे हैं और वह अपने चाचा के सहारे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता की शिकायत पर थानाध्यक्ष ने गांव पहुंच कर मदद की। कैसरगंज के कनपुरवा में शास्त्री बच्चों के घर पहुंचे। उन दोनों से बातचीत की तो पता चला कि आदित्य व अर्चना दोनों भाई-बहन है तथा लगभग 5 साल पूर्व उनके माता-पिता का देहांत हो चुका है तथा एक भाई की भी मौत हो चुकी है। घर भी खंडहर में तब्दील हो गया है तथा उन्हें तमाम परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

चंद्रेश शास्त्री ने इसकी लिखित रूप से जानकारी एसडीएम व प्रभारी निरीक्षक को दी प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने तत्काल गांव पहुंचकर दोनों अनाथ बच्चों से मुलाकात की तथा उन्हें कपड़े, खाने का सामान, चप्पल व पढ़ाई के लिए कॉपी-किताब उपलब्ध कराया तथा अपने हाथों से उन्हें खाना भी खिलाया। उन्होंने उपस्थित लोगों से इन बच्चों की हर संभव मदद करने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक द्वारा उठाए गए इस कदम की ग्रामीण सराहना कर रहे हैं।

# जेल में निरुद्ध बंदी ने धारदार हथियार से गला रेता

▸ गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

▸ जमानतदार नहीं मिलने पर अपना ही रेता गला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिला कारागार में शुक्रवार को गैर इरादतन हत्या के मामले में विचाराधीन बंदी ने धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया। जब पहरेदारों ने उसे घायल अवस्था में पड़ा देखा तो जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में पुलिस अभिरक्षा में उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताकर उसे लखनऊ रेफर कर दिया। बंदी ने जमानतदार न मिलने पर कदम उठाया है।श्रावस्ती जिले के भिनगा थाना क्षेत्र के बबरापुर गांव निवासी ननके उर्फ ननकने (23) बहराइच जिला कारागार में गैर इरादतन हत्या के मामले में विचाराधीन बंदी है। वह सात दिसम्बर को जेल में बंद हुआ था। उसने शुक्रवार शाम को सात बजे जेल के टॉयलेट में धारदार हथियार से अपना गला रेतकर जान देने की कोशिश की। ड्यूटी पर मौजूद पहरेदार काफी देर बीतने के बाद भी बंदी के बाहर न आने पर टॉयलेट के पास पहुंचे तो उसे घायल अवस्था में तड़पते हुए पड़ा देखा और जेल प्रशासन के उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इससे हड़कंप मच गया। जेल प्रशासन की अभिरक्षा में उसे एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल में भर्ती बंदी ने धीमी आवाज में बताया कि उसकी जमानत मंजूर हो गई है, लेकिन कोई जमानतदार नहीं मिल रहा है। जिसके चलते उसने धारदार हथियार से गला रेता है।लोहे के टीन से काटा गला। जिला कारागार के जेलर अजय झा ने बताया कि बैरक से बंदी नित्यक्रिया के लिए शौचलय गया। वहां पर उसने शौचलय के लोहे के गेट के टीन को काटकर धारदार कर अपना गला रेत लिया। ड्यूटी पर मौजूद पहरेदारों ने जैसे ही उसे गला काटते हुए देखा, तो उसे तुरंत अस्पताल लेकर गए।

### राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का आगमन आज

**गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के वृहद चिकित्सा शिविर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी अपर्णा यादव**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव का 09 फरवरी 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उपाध्यक्ष 09 फरवरी को अपरान्ह 02:00 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर गेंद घर मैदान में पांचवी ''गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा'' के वृहद चिकित्सा शिविर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी तथा सुविधानुसार लखनऊ के लिए प्रस्थान का जाएंगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

# राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में जिले के दो शिक्षकों का चयन

▸ नए नियमों से अपडेट रहेगी विद्यालय प्रबंध समिति : आशीष कुमार सिंह

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष समेत सभी सदस्यों को जागरूक करने के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण जो आगामी 11 एवं 12 फरवरी को दो दिवसीय राज्य ग्राम विकास संस्थान बक्शी का तालाब इंदौरा लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। उस प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए जनपद के दो शिक्षक राजेश कुमार मिश्र सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा पयागपुर तथा श्री प्रकाश, सहायक अध्यापक चेतरा को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए नामित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि ये दोनों नामित शिक्षक प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद के मास्टर ट्रेनर के रूप में पूरे जनपद के प्रत्येक विकासखंड के जिला मुख्यालय पर दो-दो शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे और यही प्रशिक्षित शिक्षक विकासखंड स्तर पर विद्यालय प्रबंध समिति को प्रशिक्षित करेंगे। सभी विद्यालय प्रबंध समिति प्रशिक्षण के बाद नवीन नियमों से अपडेट रहकर नए कलेवर में दिखेगी और विद्यालय में पूर्ण सहयोग के साथ विद्यालय की पूरी देखरेख में मदद मिलेगी।

### राज्य मंत्री उद्यान का जनपद आगमन आज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह का 09 फरवरी को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मंत्री 09 फरवरी को अपरान्ह 02:00 बजे गेंदघर पहुंचकर नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, अवध प्रांत के तत्वावधान में पॉचवी ''गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा'' के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तदोपरान्त अपरान्ह 03:00 बजे इन्दिरा उद्यान पहुंचकर भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती जनपदों में फल, शाकभाजी, औषधीय एवं पुष्पीय फसलों के उत्पादन, सम्बर्द्धन एवं विपणन विषयक विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर अपरान्ह 04:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

# शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए बैठक आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को बीआरसी गजाधरपुर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-फखरपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें शिक्षक समस्याओं, पैन कार्ड संशोधन, अपार आईडी पर विशेष चर्चा-परिचर्चा हुई। शिक्षक समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए खंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर समस्याओं के निदान की बात की गई। बैठक में संगठन के संरक्षक साकेत भूषण तिवारी, अध्यक्ष सुखद राज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इरशाद अहमद, मंत्री तनवीर आलम, कोषाध्यक्ष चंचरीक कुमार पांडेय, संयुक्त मंत्री मनोज कुमार, उपाध्यक्ष जुनैद अहमद अंसारी, उदय प्रताप सिंह, अमित कुमार आर्या, शरीफ अहमद, रियाज अहमद, संगठन मंत्री विरेंद्र निषाद, यतेन्द्र राजपूत, संजय कुमार यज्ञसेनी, रेनू मिश्रा, प्रचार मंत्री कुलदीप सिंह, राम निवास, रियाज बाबू एंव शमीम अहमद उपस्थित रहे।

# जिले के सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदयानी बने यूपी लेबर डिपार्टमेंट ऑफिसर्स एसोसिएशन के सचिव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



**कर्मचारियों ने जताई खुशी**

यूपी की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में उत्तर प्रदेश लेबर डिपार्टमेंट ऑफिसर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें बहराइच के सहायक श्रम आयुक्त प्रदेश सचिव/महासचिव के पद पर जीत हासिल की है। इसको लेकर जिले के विभागीय कर्मचारियों में हर्ष है।यूपी लेबर डिपार्टमेंट ऑफिसर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव लखनऊ के गोमती नगर स्थित किसान मंडी भवन में चुनाव अधिकारी राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली की देखरेख में हुआ। चुनाव अधिकारी ने बताया कि चुनाव में उप श्रमायुक्त शमीम अख्तर को संघ का अध्यक्ष, सहायक श्रम आयुक्त शेर सिंह को उपाध्यक्ष, निक्की नैन्सी को कोषाध्यक्ष को चुना गया। जबकि महासचिव और और सचिव पद के चुनाव में बहराइच के सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदयानी ने सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल को सात मतों से पराजित किया। इसके अलावा महामंत्री पद की भी जिम्मेदारी दी गई है। इसकी सूचना जिला मुख्यालय पहुंचने पर विभागीय कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

# उपचुनाव में जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव व मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद बछरावां के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया गया।



इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी ने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि यह जो जीत हुई है वह ऐतिहासिक है मिल्कीपुर की जनता ने यह साबित किया है कि अयोध्या के राजा श्री राम थे, है और रहेंगे। आने वाले समय मे भारतीय जनता पार्टी पूरे देश के सभी राज्यों में अपना परचम लहराएगी और राष्ट्रहित और जनहित में काम करेगी और एक न एक दिन हमारा देश हिंदू राष्ट्र घोषित होगा।

इस मौके पर भाजपा नेता मनीष गुप्ता, शशांक सैनी, उज्जवल सिंह पटेल, अंशुल पांडे, निश्चय तिवारी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिल्ली की जीत मोदी व राष्ट्रवाद की जीत



दिल्ली और मिल्कीपुर में भाजपा को मिली बम्पर जीत को लेकर रायबरेली में भजपाइयों ने जमकर जश्न मानया है। इस मौके पर यहाँ भाजपा के नवीन कार्यालय अटल भवन पर जुटे भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और जमकर ढोल नगाड़े बजाये। इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि दिल्ली में मोदी और राष्ट्रवाद की जीत है। भाजपाइयों का कहना है कि पिछले दस साल से दिल्ली की जनता ठगा महसूस कर रही थी। जनता ने इस बार अपने मतों के ज़रिये एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाई है।

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर मनाया जश्न



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत के बाद पार्टी कार्यालय( अटल भवन) और सादुल्लानगर सहित सभी मंडलो में जश्न का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी मनाई।

पार्टी कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने जीत के समर्थन में नारे लगाए और आतिशबाजी भी की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत है।

इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उनकी मेहनत की सराहना की। समर्थकों ने कहा कि यह जीत दिल्ली के विकास और भाजपा की नीतियों की लोकप्रियता को दर्शाती है।

पूरे जनपद में भाजपा समर्थकों में उत्साह देखने को मिला ।

सादुल्लानगर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। जनता ने विपक्ष के भ्रम को सिरे से खारिज किया,और कहा कि मिल्कीपुर के परिणाम से यह स्पष्ट हो गया कि अब जनता समाजवादी पार्टी के द्वारा फैलाई जाने वाले भरम को समझ चुकी है।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, श्याम मनोहर तिवारी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, बृजेंद्र तिवारी,संदीप उपाध्याय,मंडल अध्यक्ष विष्णु गुप्ता,आध्या सिंह,ललिता तिवारी,मंजू तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

## खबरें एक नजर में

### ड्रोन कैमरा से महिला, तो बाइक से गिरकर दो घायल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग दुर्घटनाओं में जहां एक महिला ड्रोन कैमरा से घायल हो गई तो वहीं बाइक सवार सड़क पर गिरने से घायल हो गए। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुबना गांव में बारात थी उसी बरात में रीता पत्नी संजय उम्र 40 वर्ष ड्रोन कैमरा की चपेट में आ गई ड्रोन कैमरा से चेहरे पर चोट लग गई जिन्हें डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया ।वह दूसरी घटना में अनुज पुत्र बाबूलाल उम्र 28 वर्ष निवासी फुरसतगंज अमेठी बाल गोविंद पुत्र रामगोपाल उम्र 26 वर्ष निवासी फुरसतगंज अमेठी कोतवाली क्षेत्र के सधई का पुरवा के पास बाइक से गिर गए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी।

### ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, सात घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां राजामऊ मार्ग पर आश्रम पद्धति स्कूल शेखपुर समोधा के पास राजामऊ से बछरावां जा रहा है एक तेज रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया, जिसमें चालक समेत सवार सात लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दो की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि राजामऊ से बछरावां अपना ई रिक्शा लेकर आ रहा ई रिक्शा चालक जलील पुत्र हमीद उम्र 35 वर्ष निवासी राजामऊ व उसमें सवार यात्री जितेंद्र पुत्र फूलचंद उम्र 40 वर्ष, सोनल पत्नी जितेंद्र उम्र 34 वर्ष, वेदांत पुत्र जितेंद्र उम्र 17 वर्ष, संस्कृति पुत्री जितेंद्र उम्र 14 वर्ष, आशा पत्नी फूलचंद उम्र 58 वर्ष निवासीगण सूरत गुजरात, विमल कुमार पुत्र राम लखन उम्र 45 वर्ष निवासी राजामऊ ई रिक्शा पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात विमल कुमार एवं सोनल की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### घरेलू विवाद को लेकर दो बहनों में चले लाठी-डंडे

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दो चचेरी बहनों के बीच ससुराल में घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हो गया जिसमें एक गर्भवती महिला घायल हो गई हलाकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है दोनों बहनों ने आपसी सुलह के चलते कानूनी कार्रवाई से इनकार किया है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे कोल्हू मजरे तेरुखा गांव में दो चचेरी बहनों के बीच ससुराल में घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हो गया जिसमें एक बहन ने दूसरे के ऊपर लाठी डंडे लेकर हमला कर दिया मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मुस्लिम समुदाय की दो चचेरी बहनें ससुराल में एक ही घर में ब्याही है दोनों के बीच घरेलू विवाद हो गया दोनों ने लिखित रूप से कार्रवाई न किए जाने का सहमति पत्र दिया है।

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सरेनी, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पूरे पाण्डेय से भोज पुर रोड़ पर झारखण्डेश्वर पेट्रोल पम्प के निकट लोहरा मऊ निवासी विनोद सिंह बाइक से जा रहे थे तभी पीछे से आ रही वैगन आर कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायल विनोद सिंह के पुत्र वीर विक्रम सिंह ने थाना सरेनी में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से शिकायत की है वह यह दावा किया है कि वह कार शिव बोध सिंह निवासी पूरे चित्ता मजरे मथुर पुर चला रहे थे जिन्होंने पूर्व में जान से मारने की धमकी दी थी और जान से मारने की नियत से ही टक्कर मारी है। पीड़ित की तरफ से भेजे वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि बाइक चालक रोड़ के बाई ओर किनारे पर हैं जबकि कार चालक ने जान से मारने की नीयत से कार से टक्कर मारी है। अब मामला पुलिस के पास है। देखना ये है कि पुलिस किस स्तर की कार्यवाही करती है।

# पीडीए जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

उतरौला विधान सभा के ग्राम पंचायत बंजरिया हुसैन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव शत्रोहन प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में पीडीए पंचायत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में डाक्टर एहसान,राम दयाल यादव,मुनीर पाशा ने उपस्थित लोगों को पीडीए की विस्तृत जानकारी दी। प्रदेश सचिव शत्रोहन प्रसाद वर्मा ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा की प्रत्येक पंचायत के हर वार्ड में पीडीए पंचायत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन पंचायतों का मुख्य उद्देश्य जनता को जागरूक करना, वर्तमान सरकार के कथित झूठ को उजागर करना और समाज के सभी वर्गों को उनका अधिकार दिलाना है।सपा प्रदेश सचिव शत्रोहन प्रसाद वर्मा ने कहा की पीडीए के लोगों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ समाजवादी पार्टी हमेशा लड़ाई लड़ती रहेगी। पीडीए की परिकल्पना तभी सार्थक होगी। जब पीडीए के लोग एक दूसरे की मदद करें। उन्होंने उपस्थित लोगों से आगामी विधान सभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मनोज कुमार, रघुराज एडवोकेट, रिंकू मौर्या, हर्षित मौर्य, चिन्ता राम, मुनीर पासा, रघुनाथ, सुहेल खान, अंकित वर्मा, राजेश मोहम्मद तालिब पूर्व जिला पंचायत सदस्य, दीपक वर्मा, अब्बास, मोहम्मद अबरार खान पूर्व जिला सचिव, मुस्ताक, घनश्याम, चिद्दू यादव, काशीराम यादव आदि मौजूद रहे।।

# थाना समाधान दिवस में 10 शिकायती पत्रों में किसी का नहीं हो पाया निस्तारण



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना दिवस का हुआ आयोजन 10 शिकायती पत्रों में किसी का नहीं हो पाया समाधान।

महराजगंज में कोतवाली परिसर मे थाना समाधान का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार मंजुला मिश्रा द्वारा की गई वहीं इस अवसर पर 10 शिकायती पत्र थाना समाधान दिवस में आए जिसमें किसी भी शिकायती पत्र का निस्तारण नहीं हो सका। इस मौके पर कोतवाल जगदीश यादव एस आई रवि पवार एस आई दिनेश गोस्वामी सहित क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर किया।



प्रधानाचार्य बेबी द्वारा कक्षा 12 के छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं हेतु अच्छी तैयारी करने के लिए बहुत सारे तरीके बताए गए और उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई द्य विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में कक्षा 11 के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत डांस प्रतियोगिता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी ताल और लयबद्धता ने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। कक्षा 11 के बच्चों द्वारा कुछ गीत और नित्य प्रस्तुत किया गया जो इस प्रकार है नृत्य की लय में बसी, हमारी यादें अनमोल। विदाई के इस पल में, दिलों में बसीं हैं ये रोल। संगमित कदमों से, बंधी हमारी दोस्ती की डोर। विदाई के इस अवसर पर, नृत्य ने दी हमें एक और। इस मौके पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवा व्यापारी का मिला शव



**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में सहज जन सेवा केंद्र के संचालक का शव मिला।खेत में शव मिलने से हड़कंप मच गया।घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।सलोंन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत गोठिया गांव निवासी रत्नेश मौर्य उम्र लगभग 25 वर्ष सूची कस्बे में सहज जन सेवा केंद्र का संचालन करता था।जिनका जगतपुर थाना क्षेत्र के विश्वनाथगंज के पास संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण लिए भेज दिया।पीएम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।स्वजन का करुण क्रंदन सुनकर बाकी लोग अपने आप को नहीं रोक पाए।फिलहाल मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया।इधर व्यापारी की मौत से अन्य व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई।तो वहीं दुख की इस घडी में सूची कस्बे की कुछ दुकानें बंद हो गई।उधर जगतपुर पुलिस का कहना हैं कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।रिपोर्ट आने के बाद मौत की वास्तविक कारण पता चल पाएगा।

# ट्रेन में चढ़ने को लेकर यात्रियों ने किया हंगामा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ट्रेन की बोगी का दरवाजा न खोलने पर महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु आक्रोशित हो गए और जमकर प्लेटफार्म पर हंगामा काटा गया मौके पर मौजूद जीआरपी सिपाहियों द्वारा कुछ देर बाद ट्रेन की बगियां का दरवाजा खुलवाकर यात्रियों को बैठाया गया जिसको लेकर ट्रेन लगभग 15 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही के लिए




शनिवार को कानपुर से चलकर प्रयागराज जाने वाली इलाहाबाद कानपुर पैसेंजर प्रात लगभग 6:05 पर डलमऊ जंक्शन पहुंची जहां पर महाकुंभ स्नान के लिय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद थी ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची तो अंदर बैठे यात्रियों ने दरवाजा अंदर से बंद किया हुआ था बोगी में चढ़ने वाले यात्रियों ने दरवाजा खोलने के लिए कहा लेकिन किसी ने बोगी का दरवाजा नहीं खोला गया तो प्लेटफार्म पर खड़े यात्री आक्रोशित हो गए और हंगामा करना शुरू कर दिया हंगामा होता देखा स्टेशन पर तैनात अधिकारियों द्वारा ट्रेन को रोक दिया गया और स्टेशन पर तैनात जीआरपी सिपाहियों ने दरवाजा खुलवाकर सभी यात्रियों को ट्रेन की बोगी में बैठाया गया इस दौरान ट्रेन लगभग 15 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही सब कुछ सामान्य होने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया सहायक स्टेशन अधीक्षक अंकित सिंह ने बताया कि ट्रेन की बगियां एवं प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ अधिक होने के कारण बोगी में बैठे यात्रियों द्वारा अंदर से दरवाजा बंद कर लिया गया था जिसे ना खोलना पर यात्री आकर्षित हो गए और हंगामा करने लगे जिस पर जीआरपी की मदद से दरवाजा खुलवाकर यात्रियों को ट्रेन में बैठाया गया और ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

# सकरा पुल व पटरी न होने के कारण नाला में गिरी ठेलिया

**महराजगंज रायबरेली**

पुल सकरा होने के कारण ठेलिया वाला नैय्या नाला में गिरा गनीमत ये रहेगी किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ और न ही वह चोटिल हुआ ।महराजगंज से दुसैती मार्ग पहरावा के पास नैय्या नाला पर पुल बना हुआ है। वही यह मार्ग डबल लेन का तो हो गया लेकिन वन विभाग की हठधर्मिता के कारण नैय्या नाला के पास करीब 1 किलोमीटर में चौड़ीकरण ना होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है।शनिवार को लगभग 2:00 बजे ठेलिया वाला अपनी ठेलिया लेकर चला जा रहा था



कि तभी सामने से कुछ साधन आ गए और पटरी न होने के कारण ठेलिया वाला नैय्या नाला में जाकर गिर गया गनीमत या रही कि वह चोटिल नहीं हुआ और उसकी ठेलिया भी बच गई वहीं पटरी और पुल संकरा होने के कारण अक्सर यहां पर दुर्घटनाएं करती रहती है।

# सफाई कर्मियों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

सादुल्लानगर कस्बे में सफाई कर्मीयों ने चलाया सफाई अभियान

जिलाधिकारी बलरामपुर के आदेश पर सादुल्लानगर कस्बे की एडीओ पंचायत इरफानुल्लाह खान के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मीयों ने बाजार की सफाई की

सादुल्लानगर कस्बे के एकता चौक, हाजी इस्माईल इण्टर कॉलेज गली,चौक बाजार, मुबारकमोड, रेहराबाजार तिराहे आदि सडकों पर बिखरे कूड़े करकट की सफाई की। एडीओ पंचायत की उपस्थिति में बाजार की सड़कों की सफाई कर कूड़े को कूड़ा गाड़ी में भरकर उचित स्थान पर निस्तारित किया गया। एडीओ पंचायत ने बताया कि टीम बनाकर मंदिर तिराहे से मुबारकमोड, मेन मार्केट, एकता चौक गली आदि स्थानों सहित पूरे बाजार की सफाई कराई गई है। सादुल्लानगर कस्बे में सफाई कर्मी की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

# व्यापार मंडल ने की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा प्रस्तावित नए गृहकर नियमों के तहत मकानों और दुकानों पर वर्गफुट एवं वर्गमीटर के आधार पर कर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस प्रस्ताव का व्यापक विरोध शुरू हो गया है।

उद्योग व्यापार मंडल उतरौला के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों और नगरवासियों ने इस नई प्रणाली को निरस्त कर पुराने नियमानुसार गृहकर लिए जाने की मांग की है। व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अधिकारी राजमणि और चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि नगर क्षेत्र में अधिकांश निम्न और मध्यम वर्गीय लोग निवास करते हैं, जिनके लिए यह नई कर प्रणाली आर्थिक रूप से बोझिल साबित होगी। उन्होंने कहा कि नगरवासी भारी-भरकम कर देने में असमर्थ हैं, इसलिए इस नई व्यवस्था को तत्काल निरस्त किया जाए। नगर पालिका द्वारा मकानों, दुकानों और खाली पड़ी जमीनों का सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिसमें लंबाई, चौड़ाई, कमरों की संख्या जैसी जानकारियां संबंधित प्रपत्रों में भरी जा रही हैं। इस नई व्यवस्था के तहत



**नए गृहकर नियमों का विरोध**

व्यापारियों और मकान मालिकों पर पहले की तुलना में अधिक कर भार पड़ने की संभावना है, जिससे व्यापारियों और नगरवासियों में असंतोष व्याप्त हो गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने इस नई कर प्रणाली को वापस नहीं लिया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। व्यापारियों ने कहा कि पहले से ही महंगाई और मंदी की मार झेल रहे लोग इस अतिरिक्त कर को वहन नहीं कर सकते। इस बैठक में व्यापार मंडल के गुरविंदर सिंह, अर्जुन गुप्ता, उमानंद गुप्ता, मनोज कसेरा, जयप्रकाश गुप्ता, अमित कुमार, पवन गुप्ता, प्रीतपाल सिंह, वेदप्रकाश, आशीष कसौधन एडवोकेट, अभिषेक गुप्ता और नीरज गुप्ता सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी राजमणि और चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने व्यापार मंडल के ज्ञापन को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और नागरिकों की आपत्तियों पर विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा। व्यापार मंडल ने कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई नहीं करता, तो वे व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। व्यापारियों ने सभी नगरवासियों से इस मुद्दे पर एकजुट होने की अपील भी की।

इस पूरे मामले पर अब नगर पालिका प्रशासन का अगला कदम क्या होगा, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

## सूचना

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563 जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड नियर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जनपद रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक जनमेजय मिश्रा अपनी संपत्ति न्यू मकान नंबर 179 (पुराना मकान नंबर - 92/1) वार्ड नंबर 18 स्थित फिरोज गांधी कॉलोनी तहसील सदर जनपद रायबरेली का संपूर्ण भाग रकबा 42.16 वर्ग मीटर को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से लोन ले रहे है यह कि उक्त संपत्ति से जुड़ी उसकी पुरानी रजिस्ट्री लीज डीड दिनांक 01.11.1989 बुक नं. 01 खंड नं. 879/852, पृष्ठ 215-1053/1066 पर क्रम संख्या 3167/3166 पर एसआरओ सदर, रायबरेली के समक्ष उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा श्री सीताराम पुत्र बाबू लाल के पक्ष में निष्पादित की गयी थी दिनांक 08/12/2024 श्री जनमेजय मिश्रा रजिस्ट्री को लेके किसी कारन वस तहसील जा रहे थे लगभग 1 बजे के समय सिविल लाइन ओवर ब्रिज के आस पास जन्मेजय पुत्र राजेंद्र प्रशाद मिश्रा से अपनी रजिस्ट्री कहीं गुम हो गयी अत: आपको यह सूचित करता हूँ की उक्त सम्पति यदि किसी प्रकार से प्राप्त हो तो वो मुझे वापस की जाये तथा इसका कोई गलत इस्तेमाल न किया जाये और यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी का किसी प्रकार से कोई दावा हो तो वह नीचे दिए गए पते पर 7 दिन के अंदर संपर्क कर अपना दावा पेश करे अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है और बाद में किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आपत्ति हेतु संपर्क
संजीव कुमार शुक्ला
2nd फ्लोर एन एन कॉम्प्लेक्स एबोव केनरा बैंक सुपर मार्केट रायबरेली
9415190904

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत, विकास के मंत्र पर देवतुल्य मतदाताओं की मुहर : शिवेंद्र

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय के लिए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेंद्र सिंह के साथ क्षेत्र में कैंप कर जी-तोड़ मेहनत करने वाले ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की टीम ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान की ऐतिहासिक विजय पर दिल खोल कर खुशी का इजहार किया।तकरीबन दोपहर शाम के बीच चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र



सिंह विजय श्री प्राप्त कर चुके भाजपा प्रत्याशी चंद्रभान पासवान को गोद में उठाकर झूम उठे जिसे भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने पूरा सम्मान देकर स्वीकार किया और भावुक होकर इसके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उनके साथ मौजूद प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने भी भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को गले लगा कर शुभकामना और बधाई दी। इस चुनाव परिणाम पर ब्लाक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत मिल्कीपुर के देवतुल्य मतदाताओं की जीत है। हमारे देवतुल्य मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में किए गए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर मुहर लगा दी है। अब हमारी बारी है, देवतुल्य मतदाताओं के विश्वास पर शत् प्रतिशत खरी उतरेगी भारतीय जनता पार्टी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान की जीत के बाद अब मिल्कीपुर क्षेत्र के विकास की बाकी योजनाओं को भी युद्ध स्तर पर लग पूरा किया जाएगा और हमारा मिल्कीपुर क्षेत्र जिले का आदर्श क्षेत्र बनेगा।

# खेतों की टूटी पुलिया किसानों के लिये बनी मुसीबत का सबब

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** खेतों तक पहुंचने के लिए बनी पुलिया काफी समय से टूटी पड़ी है। जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। पीड़ित किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पुलिया का पुर्ननिर्माण कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी किसान संजय कुमार चतुर्वेदी, नीतू आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि सहाव रजवहा पर एक पुरानी पुलिया था। समय के साथ पुलिया जीर्ण शीर्ण हो गई थी। वर्तमान में पुलिया का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया है। पुलिया टूटने के चलते किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में परेशान होना पड़ रहा है। या तो उन्हें पानी घुसकर खेतों में पहुंचना पड़ता है अथवा चार से पांच किमी का चक्कर लगाना पड़ता है। इसमें समय और मेहनत लगती है। सबसे अधिक दिक्कत खेतों तक कृषि उपकरणों को पहुंचाने में होती है। आरोप लगाया कि वह पूर्व में भी तीन चार बार इस बाबत शिकायत कर चुके हैं। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। किसान लगातार परेशान हैं। उन्होंने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि टूटी पड़ी पुलिया का पुर्ननिर्माण कराया जाए। ताकि किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में परेशान न होना पड़े।

## जीत के जश्न में डूबी भाजपा

भारतीय जनता पार्टी जीत के जश्न में डूबी हुई है। पार्टी मुख्यालयों में रंग गुलाल लगाये जाने के साथ मिठाइयां बांटी जा रही हैं। यहां तक कि प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर भी हर्षोल्लास भरे माहौल में एक दूसरे का मुंह मीठा कराये जाने की सूचना है। बहरहाल भाजपा एक तरफ अयोध्या की लोकसभा सीट की हार का बदला अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव बड़ी मार्जिन से जीत कर पूरा कर लिया है तो दूसरी तरफ दिल्ली में आम आदमी पार्टी के हाथों लगातार मिल रही शर्मनाक हार को दिल्ली की जनता ने सूद समेत भाजपा को लौटाया है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनाने का हक अदा किया है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को इसका सबक भी दिया है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसौदिया जहां जंगपुरा सीट से चुनाव हार गए, वहीं नई दिल्ली सीट से दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे और आप संयोजक अरविन्द केजरीवाल को भी झटक दिया है, केजरीवाल को भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा से जबरदस्त शिकस्त मिली है। आप की इस दुर्गति के लिए आप नेता पार्टी संयोजक अरविन्द केजरीवाल खुद जिम्मेदार हैं जो अपनी नाकामियों का ठीगरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर पर बार-बार फोड़ने की अपनी फितरत में शामिल कर चुके थे। कहीं न कहीं दिल्ली की जनता सच्चाई से भिज्ञ भी होने लगी थी। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव पूर्व दिल्ली वासियों के लिए आपदा बनकर आई है आप, कहकर जनसभा को संबोधित किया जाना, प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा जताना, पीएम जो कहते हैं, वो करते हैं, पर विश्वाश करना और डबल इंजन की सरकार से ही उनका विकास सुनिश्चित होना दिल्ली की अवाम में कूट-कूट कर भर गया। जिसके चलते दिल्ली की जनता ने भाजपा को 36 सीटों का बहुमत का आंकड़ा पार करते हुए 48 सीटें भेंट कर दीं। उन्होंने ऐतिहासिक बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने के लिए इतनी सीटें दी हैं। निश्चित रूप से इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी और कड़ी मेहनत करने वाले प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के विकास की बात की थी और लोगों ने उन पर भरोसा किया है। उम्मीद है कि दिल्ली की नव गठित सरकार विकसित दिल्ली के लिए काम करेगी।

# कांग्रेस ने बिगाड़ा आम आदमी पार्टी का खेल

**सुरेश हिंदुस्तानी**

कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है, वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। संघर्षों से मिली सफलता अपने साथ स्थायित्व और अनुभव दोनों लेकर आती है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि के बाद अपना असर खो देते हैं, वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकते। दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और पार्टी में दूसरे नंबर के नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा।

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी के लिए स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने का रास्ता तैयार हो गया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो इसका संकेत मिलता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया। इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिला, वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर पाती। जहां तक पंजाब में आम आदमी पार्टी के सरकार बनाने की बात है तो यह देखा गया कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गया, जिसका राजनीतिक लाभ पार्टी को मिला।




**दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। अगर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और होती, लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार उन्हें ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि मोदीजी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो हरा नहीं सकते। ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बात यह कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। अगर अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और होती, लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार उन्हें ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि मोदीजी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो हरा नहीं सकते। ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बात यह कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। केजरीवाल की तरफ से भाजपा पर लगाए गए तमाम आरोपों को दिल्ली की जनता ने झूठ माना। केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भाजपा का दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा चुनाव में बार-बार भाजपा को दिल्ली की सभी सीटें प्राप्त होना, इसे प्रमाणित करता है। विधानसभा में भाजपा को भले कम सफलता मिली रही हो लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

दिल्ली चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गया, उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफ करने के नाम पर बार-बार वादे करना केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है, उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे, वे वही वादे थे, जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफ करने का ही था।

इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे। हद तो तब हो गई, जब वे अपनी सरकार को जेल से ही चलाने लगे। उधर, उनको ज़मानत मिलने पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट निर्देश दिया कि केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय में जा सकते हैं और न ही किसी फ़ाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। केजरीवाल अभी भी आरोपी हैं, इसलिए उनका मुख्यमंत्री बनना असंभव ही था, क्योंकि अगर वे चुनाव जीतते तो बिना काम के मुख्यमंत्री ही रहते। ये सब भ्रष्टाचार के आरोप के कारण ही हुआ। आम आदमी पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बारे में यह भी कहा जा रहा आम आदमी पार्टी को दूसरों ने कम उनके अपनों ने ही पराजित किया है। पार्टी के कई बड़े नेता इससे नाराज थे कि आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री क्यों बनाया जबकि पार्टी में इस पद के कई दावेदार थे। रही-सही कसर कांग्रेस ने पूरी कर दी। कहा यह भी जा रहा है कि इंडी गठबंधन का बिखराव भी आम आदमी पार्टी की पराजय का कारण बना। अभी तक राजनीतिक शून्यता का टैग लगा चुकी कांग्रेस ने इस चुनाव को बहुत गंभीरता से लिया। कांग्रेस ने हालांकि उन्हीं क्षेत्रों में बहुत परिश्रम किया, जहां उनका व्यापक प्रभाव था। लगभग बीस सीटों पर किए गए इस प्रयास के कारण भले कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली लेकिन कांग्रेस के इसी प्रयास ने भी आम आदमी पार्टी की विदाई का रास्ता तैयार किया। पिछले लोकसभा चुनाव में साथ जीने-मरने की कसम खाने वाले भाजपा विरोधी राजनीतिक दल एक मंच पर आकर मिलकर चुनाव लड़ने की बात कर रहे थे, लोकसभा चुनाव में कहीं-कहीं ऐसा दिखा भी, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में केजरीवाल अकेले मैदान में कूद गए। कांग्रेस भी मैदान में आ गई और विपक्ष का वोट, जो अब तक केजरीवाल को मिलता था, वह नहीं मिला। इसलिए कहा जा सकता है कि भाजपा के लगातार व्यापक प्रयासों के साथ-साथ कांग्रेस की अपनी जीत के लिए की गई मेहनत, आम आदमी पार्टी की चुनावी हार की पटकथा लिख दी।

## केजरीवाल की दिल्ली हार के निहितार्थ

**डॉ. सुदीप शुक्ल**

देश की नजरें जब दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों पर टिकी थी, तब प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल की छवि खराब हुई है, वह पैसे और शराब के चक्कर में फंस गए। यह प्रतिक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अन्ना आंदोलन से ही आम आदमी पार्टी की जमीन तैयार हुई और यह जमीन ताजा चुनाव परिणामों के साथ दरक गई है।

11 साल बाद आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता से बाहर हो गई है। आम आदमी पार्टी के एकछत्र नेता, संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं चुनाव हार गए। केजरीवाल की इस हार के साथ मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना को छोड़कर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन सहित अधिकांश पार्टी नेता अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं। 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी दिल्ली विजय कर चुकी है। भाजपा की आंधी में वह आप बुरी तरह से पराजित हुई जिसने पिछले एक दशक से अपनी अजेय छवि गढ़ी थी। पिछले पांच साल में केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की छवि टूटी है। आम आदमी पार्टी की इस पराजय में ही इसके अर्थ छिपे हुए हैं। 11 साल पहले आम आदमी पार्टी का सत्तासीन होना जनता का उस विकल्प को परखना था जिसने राजनीतिक शुचिता, ईमानदारी, शुद्ध आचरण, सत्य और आम आदमी के प्रभावी होने की उम्मीद का सपना दिखाया था। आप जनता का यह सपना पूरा नहीं कर पायी उल्टे खुद भी भ्रष्टाचार, शराब जैसे घोटालों, राजनीतिक गिरावट और राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों की अनदेखी की प्रवृत्ति में शामिल हो गई। ऐसे में जनता के उस विकल्प की उम्मीद टूटती गई, जिसकी उसने आदर्श कल्पना की थी। ईमानदारी, साधारण आदमी, मफलर, सादे कपड़े, छोटा फ्लैट, नीली वैगनआर कार जैसे प्रतीकों से केजरीवाल और आप की ओर दिल्ली की जनता आकर्षित हुई थी। केजरीवाल और आप उस दावे के प्रतीक थे जो राजनीति में बदलाव को लेकर किया गया था। केजरीवाल का दावा था कि वे राजनीति में आम आदमी को प्रभावी रखेंगे लेकिन सत्ता में आने के बाद ये प्रतीक, दावे और वादे पीछे छूटते चले गए। दिल्ली की जनता को जब तक यह समझ आया, काफी देर हो चुकी थी। जनता ने तब अपने को ठगा अनुभव किया जब केजरीवाल ने अपने लिए आलीशान शीशमहल' पर 40 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। ईमानदारी के प्रतीक के रूप में सामने आए केजरीवाल और उनके साथियों का शराब घोटाले में जेल जाना और फिर भी कुर्सी नहीं छोड़ना, लोगों के लिए तगड़ा झटका था। अन्ना आंदोलन के समर्थकों के लिए यह सब धक्के और धोखे जैसा था। जनता ने अपने दरकते सपनों की पीड़ा को ईवीएम का बटन दबाते समय याद रखा और परिणाम सबके सामने है। केजरीवाल और उनकी पार्टी ने पंजाब, गोवा और गुजरात के चुनावों में जमकर पैसा खर्च किया। उनकी पार्टी का नाम ही आम आदमी पार्टी रह गया और वह कब खास होती गई किसी को पता नहीं चला। पार्टी के भीतर भी कम गड़बड़ नहीं थी। पार्टी की ही महिला सांसद को मुख्यमंत्री निवास में पीटा जाना और उस पर मुख्यमंत्री का मौन रहना, महिलाओं के आप से मोहभंग के लिए बड़ा कारण था। एक बड़ी गलती केजरीवाल यह भी कर बैठे कि उन्होंने अपनी रेवड़ी स्कीमों के आगे इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास की मूल अवधारणा पर ही ध्यान नहीं दिया। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि और कद ईमानदारी और राजनीतिक शुचिता के मामले में भी अरविंद केजरीवाल से कहीं बड़ी है। मोदी का प्रभाव जनता पर बहुत व्यापक है। भाजपा के घोषणापत्र में भी जनता से जुड़ी लोककल्याणकारी योजनाओं का वादा किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रचार में पूरी शक्ति? लगा दी और एकजुट रहकर चुनावी लड़ाई को प्रभावी तरीके से अंजाम तक पहुंचाया। इसलिए जब वोट देने की बारी आई तो मतदाताओं ने भाजपा को ही चुना। परिणाम सामने है, 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। अन्ना हजारे ने चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जो कहा है, वह बताता है कि कैसे आप ने अपनी जमीन छोड़ दी है। अन्ना ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि उम्मीदवार का आचरण विचार शुद्ध होना चाहिए, जीवन दोष- अयोग्य होना चाहिए, त्याग करना चाहिए।

## विचार

# अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं श्रीकृष्ण

**गिरीश्वर मिश्र**

श्रीकृष्ण भाव पुरुष हैं, परब्रह्म के पूर्ण प्रतीक जो लीला रूप में अनुभव गम्य होते हैं। अक्षय स्नेह के स्रोत रस से परिपूर्ण श्रीकृष्ण इंद्रियों के विश्व में आनंद के निर्झर सरीखे हैं। उनका सान्निध्य चैतन्य की सरसता के साथ सारे जगत को आप्लावित और प्रफुल्लित करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में विभूति योग की व्याख्या करते हुए श्रीकृष्ण खुद को ऋतुओं में बसन्त घोषित करते हैं : ऋतूनाम् कुसुमाकर (गीता,10,35)। श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध में रास प्रवेश करते हुए उनकी निराली छवि कामदेव को भी लजाने वाली है।




गोपियों के सामने भगवान श्रीकृष्ण अपने मुस्कुराते हुए मुखकमल के साथ पीताम्बर धारण किए तथा वनमाला पहने हुए प्रकट हुए। उस समय वे साक्षात मन्मथ यानी कामदेव का भी मन मथने वाले लग रहे थे। श्रीकृष्ण अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं तो काम को सौंदर्य के मानदंड की तरह रखा गया है। भारतीय संस्कृति में कामदेव की संकल्पना अत्यंत प्राचीन है। इच्छा और कामना की प्रतिमूर्ति के रूप में काम शब्द का प्रथम उल्लेख ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में मिलता है जिसके ऋषि परमेष्ठी प्रजापति हैं, और देवता हैं परमात्मा। विश्व की सृष्टि के कारण या प्रयोजन पर चिंतन करते हुए के रूप में ऋषि की अनुभूति कुछ इस तरह प्रस्फुटित हुई थी। अंधकार में अंधकार व्याप्त था (मानों अपने आप में वह छिप कर बैठा हो)। जल में जल समाहित था। तब असत् अर्थात् जो शून्यमय था, वह तप की महिमा से मंडित था और वह प्रकट हुआ। इसके मन का प्रथम बीज निकला, वही आरम्भ में काम बन गया- (अर्थात् सृजन की प्रवृत्ति)। ऋषियों ने अपने अंतःकरण में विचार करके यह निश्चित किया कि असत् में- मूल परब्रह्म में सत्- का, विनाशी दिखने वाली सृष्टि का यह पहला सम्बन्ध है। व्यक्त और अव्यक्त रूपों वाले कामदेव मन्मथ, अतनु, अनंग, कंदर्प, मदन, पुष्पधन्वा आदि कई नामों से जाने जाते हैं। उनको लेकर अनेक कथाएँ और मिथक प्रचलित हैं। एक कथा यह है कि कामदेव ब्रह्मा के मन से जन्मे थे। कहते हैं वसंत पंचमी की तिथि पर कामदेव का धरती पर आगमन हुआ। वे धनुष बाण से सज्जित रहते हैं। गन्ने (यानी मधु!) से बने धनुष, भ्रमरों की पंक्ति वाली डोरी (प्रत्यंचा) और फूलों के बाण के साथ वह किसी को भी बेध सकते हैं। जहां सौंदर्य है वहीं काम की उपस्थिति है जैसे- यौवन, स्त्री, सुंदर पुष्प, गीत, पराग कण, सुंदर उद्यान, वसंत ऋतु, चंदन, मंद समीर आदि। आनंद, उल्लास, हर्ष, कामना, इच्छा, अभीष्ट, स्नेह, अनुराग आदि के भाव काम की ही अभिव्यक्तियाँ हैं।

**जीवन में काम केंद्रीय है और धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ उसे भी पुरुषार्थ का दर्जा मिला हुआ है। एक कथा के अनुसार देवताओं को तारक असुर के विरुद्ध युद्ध के लिए सेनापति की आवश्यकता हुई। कामदेव की सहायता से शिव का ध्यान पार्वती की ओर आकृष्ट किया गया, जिससे शिव की तपस्या भंग हुई। उन्होंने क्रुद्ध होकर तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया। कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर शिव ने कामदेव को प्रद्यम्न के रूप में जन्म पाने की अनुमति दी। फिर श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव ने जन्म लिया था।**

जीवन में काम केंद्रीय है और धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ उसे भी पुरुषार्थ का दर्जा मिला हुआ है। एक कथा के अनुसार देवताओं को तारक असुर के विरुद्ध युद्ध के लिए सेनापति की आवश्यकता हुई। कामदेव की सहायता से शिव का ध्यान पार्वती की ओर आकृष्ट किया गया, जिससे शिव की तपस्या भंग हुई। उन्होंने क्रुद्ध होकर तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया। कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर शिव ने कामदेव को प्रद्यम्न के रूप में जन्म पाने की अनुमति दी। फिर श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव ने जन्म लिया था। वर्षपर्यंत की भारतीय काल-यात्रा का आरंभ चैत्र मास से होता है और तभी वसंत भी शुरू होता है। वसंत ऋतु समग्रता और पूर्णता का प्रतीक होती है जिसमें विकासमान प्रकृतिकुसुमित, प्रफुल्लित, प्रमुदित रूप में सजती-संवरती है। महाकवि कालिदास के शब्दों में इस ऋतु में सब कुछ प्रिय हो उठता है = सर्वम् प्रिये चारुतर वसंते (ऋतु संहार, 6,2 )। श्रीकृष्ण के रूप में सभी गुण नया सौंदर्य पा जाते हैं और उनका प्रकटन बसन्त में होता है। इस दृष्टि से महाकवि जयदेव के श्रुतिमधुर काव्य गीत गोविन्द की चर्चा के बिना कोई भी चर्चा अधूरी रहेगी। इस काव्य के 'सामोददामोदर' नामक पहले सर्ग में वसंत ऋतु में श्रीकृष्ण का वर्णन किया गया है।

इस वासंती रस वृष्टि की इस रचना ने भारत के मन को मोह लिया है। संगीत और नृत्य में अनेक कलाकारों ने इसकी अभिव्यक्ति की है। मूर्त या मानवीकृत वसंत कामदेव का परम सुहृद और सहचर है। वह सृष्टि के उद्भेद का संकल्प है। फागुन-चैत, यानी आधा फ़रवरी, पूरा मार्च और आधा अप्रैल बसन्त ऋतु के महीने कहे जाते हैं। वसन्त या फागुन-चैत के साथ भारतीय नया वर्ष भी शुरू होता है। वसन्त कुछ नया होने की और कुछ नया पाने की उत्कट उमंग है जो प्रकृति की गतिविधि में भी प्रत्यक्ष अनुभव की जाती है।



## राशिफल

**मेषः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# मानव सेवा के लिए जीवन होम करने वाले महान तपस्वी डॉ. नित्यानंद

**जयंती (9 फरवरी 1926) पर विशेष**

**तीसरे दिन जानकारी मिली कि केन्द्र उत्तरकाशी के अगोड़ा में था। डॉ. नित्यानंद इसकी खबर से बेचैन थे। उन्होंने तत्काल नकयुवकों की टीम को राहत सामग्री के साथ उत्तरकाशी की ओर रवाना किया और इसकी सूचना देश के सभी प्रांतीय कार्यालयों को दी। डॉ. नित्यानंद के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संघ की सहयोगी संस्थाओं ने भागीरथी के तट पर राहत और पुनर्वास के लिए 'उत्तरांचल दैवी आपदा पीड़ित सहायता समिति' का गठन किया। समिति ने युद्धस्तर पर राहत एवं पुनर्वास के कार्य आरंभ किए। देशभर की अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं ने इसमें सहयोग दिया। उत्तरकाशी से गंगोत्री तक 60 ग्राम में सब कुछ बिखरा हुआ था, आवास ध्वस्त होने के साथ ही पत्थरों के नीचे लोग दबे हुए थे। ऊपरी भागीरथी घाटी में नदी किनारे ऐसा एक घाट नहीं था, जहां चिता न जली हो।**

दूर या पास जब धरती में हलचल, नदियों में उफान, चट्टानों की दरकने की आवाज उनके कानों में पहुंचती तो वे अपनी टोली को लेकर उस ओर चल देते। जीवन पर्यंत समाज के लिए तिल-तिल जीवन का होम करने वाले हिमालय के महान तपस्वी डॉ. नित्यानंद भले मानव देह से मुक्त हो चुके हों लेकिन उनके कार्य हमेशा समाज कि लिए प्रेरणा और पाथेय बने रहेंगे।

प्राकृतिक आादाओं की दृष्टि अति संवेदनशील उत्तराखंड का पहाड़ी जीवन बेहद कठिनाइयों भरा है। भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन आदि आपदा आंसू ही देती रही है। आपदाओं का इतिहास देखें तो वर्ष 1803 के कालखंड में विनाशकारी भूकंप में कई लोग अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए।1970 में 'गोहना ताल' टूटने से सम्पूर्ण अलकनंदा घाटी में भारी नुकसान हुआ। पहाड़ों में आपदाएं कभी थमती नहीं, हर वर्ष यह घटनाएं मानव जीवन को अस्त-व्यस्त कर देती हैं। उत्तराखंड का सीमांत जनपद उत्तरकाशी मुख्यतः गंगा और यमुना घाटी में बसा है। जनपद का मुख्यालय उत्तरकाशी गंगा घाटी में अवस्थित है। 19 अक्टूबर 1991 की रात उत्तरकाशी जिले में 6.3 तीव्रता के भूकंप का विचार आते ही आज भी मन में भय उत्पन्न हो जाता है। तब 652 लोगों की मृत्यु हुई। भूकंप की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरकाशी से गरीब 12 किलोमीटर दूर मनेरी से कुछ ऊचांई पर बसे जामक गांव में 72 लोग कालकलिव हुए। गांव के उन्हीं लोगों के प्राण बच पाए जो रामलीला देखने गए थे या फिर गांव से बाहर थे। तब जनसंचार की सुविधाएं न होने के कारण पहली सरकारी घोषणा में कहा गया कि भूकंप का केन्द्र अल्मोड़ा में है।

तीसरे दिन जानकारी मिली कि केन्द्र उत्तरकाशी के अगोड़ा में था। डॉ. नित्यानंद इसकी खबर से बेचैन थे। उन्होंने तत्काल नकयुवकों की टीम को राहत सामग्री के साथ उत्तरकाशी की ओर रवाना किया और इसकी सूचना देश के सभी प्रांतीय कार्यालयों को दी। डॉ. नित्यानंद के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संघ की सहयोगी संस्थाओं ने भागीरथी के तट पर राहत और पुनर्वास के लिए 'उत्तरांचल दैवी आपदा पीड़ित सहायता समिति' का गठन किया। समिति ने युद्धस्तर पर राहत एवं पुनर्वास के कार्य आरंभ किए। देशभर की अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं ने इसमें सहयोग दिया। उत्तरकाशी से गंगोत्री तक 60 ग्राम में सब कुछ बिखरा हुआ था, आवास ध्वस्त होने के साथ ही पत्थरों के नीचे लोग दबे हुए थे। ऊपरी भागीरथी घाटी में नदी किनारे ऐसा एक घाट नहीं था, जहां चिता न जली हो। बेहद दर्दनाक मंजर। भूकंप के बाद उजड़े घरों को फिर से बसाने और अपनों को खो चुके लोगों के दर्द को महसूस करते हुए डॉ. नित्यानंद की देखरेख में उत्तरांचल दैवी आपदा पीड़ित सहायता समिति का विधिवत गठन किया गया।

राहत और पुनर्वास कार्य की देखरेख के लिए गंगोत्री यात्रा मार्ग पर सेवाश्रम के नाम से एक केंद्र स्थापित किया गया। डॉ. नित्यानन्द सेवाश्रम परिसर को केशवपुरम् नाम दिया। इसके बाद डॉ. नित्यानंद ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद दिन-रात सेवा में जीवन को तिल-तिल खपाने लगे। मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उन्हें इस कार्य के लिए उन्हें निर्देशित नहीं किया, यह उनके मन का स्वतः संकल्प था। संकल्प के साथ वे बढ़ते रहे और बाद में संघ के केन्द्रीय नेतृत्व को मनाने में वे सफल हुए। संसाधन सीमित थे लेकिन हौसले बुलंद थे। सीमांत ब्लॉक भटवाड़ी के 10 गांवों में स्थानीय भवन निर्माण तकनीक पर आधारित 427 भूकंपरोधी भवन बनाए। यह कार्य सरकारी संस्थाओं पर निर्भरता के बजाय ग्रामीणों की सहभागिता से किया गया।

डॉ. नित्यानंद ने क्षेत्र में फिर से जीवन को सरल बनाने की संसाधन जुटाने आरंभ किए। शिक्षा, स्वास्थ्य की दीर्घकालिक योजनाओं के तहत सुविधाओं से वंचित मनेरी गांव को गतिविधि का केंद्र बनाया गया । शुरूआत में इस प्रखंड के 60 गांवों तक एकल शिक्षक विद्यालय चलाने का अभियान प्रारम्भ हुआ। इन छोटे छोटे शिक्षा केंद्रों ने समाज जागरण में अहम भूमिका निभाई। आपदाओं को लेकर डॉ. नित्यानंद की गहरी सोच रही। उन्होंने लिखा- हिमालय निरन्तर आपदाओं का क्षेत्र है किन्तु इनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। सहयोग व स्वावलंबन में बड़ी शक्ति होती है। स्वयं खड़े होकर यहां के पुरुषार्थी समाज ने इन चुनौतियों का सामना किया और उदाहरण प्रस्तुत किया कि परस्पर सहयोग के बूते हम निश्चित रूप से सफल हो सकते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# श्रद्धालुओं से भरी मिनी बस ट्रक से टकराई दो की मौत, पांच घायल

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।



- महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे थे श्रद्धालु, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा

शनिवार की सुबह प्रयागराज से कुंभ स्नान कर वापस जा रहे तेरह सवारियों का ट्रैवलर वाहन बुंदेलखंड एक्सप्रेस में साइड में खड़े खराब ट्रक से टकरा गयी जिसमे दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 11 श्रद्धालु घायल हो गए। जहां पांच की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। सीएचसी पहुंचे एसडीएम व सीओ ने घायलों का हाल.चाल जाना। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

हिमाचल प्रदेश के कांगरा जिले के चडियार गांव के श्रद्धालुओं से भरी टेंपो ट्रेवल की मिनी बस पांच जनवरी को प्रयागराज कुंभ स्नान करने के लिए गए हुए थे। शुक्रवार की रात नौ बजे प्रयागराज से लौटकर घर जा रहे थे। तभी शनिवार सुबह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के चिल्ली गांव के पास मौरंग लदे खराब ट्रक से टकरा गई। हादसा होते ही बस में सवारियों में चीख पुकार मच गई। जहां डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने सुरेंद्र राणा और निर्मला उर्फ गुड्डी देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि तंबो देवी शीला रानी सुनील सुदर्शन रमना पत्नी सुरेन्द्र की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हिमाचल प्रदेश के थाना बैजनाथ अंतर्गत ग्राम कांगड़ा निवासी सुदर्शना विपुल शर्मा जीवना देवी सुदेश कुमारी पत्नी राजेंद्र शर्मा सुनील कुमारी पत्नी वख्तावल कुसुम लता पत्नी अनिल चंदी पत्नी स्वण् स्वरूप राणा अंजूबाला पत्नी सुरेंद्र राणा अंजना कुमारी पत्नी अनिल शर्मा रक्षा देवी पत्नी अर्जुन राणा शीलारानी पत्नी अशोक कुमार और तंबो देवी पत्नी शांतिस्वरूप शर्मा घायल हो गई है।

# मूंगफली की खरीद एक माह और बढाई जाये : पूर्व सांसद

महोबा, समृद्धि न्यूज।

एक माह बाद मूंगफली की खरीद प्रारम्भ होने के बाद खरीद केन्द्र प्रभारियों द्वारा किसानों की मूंगफली न खरीद कर व्यापारियों की मूंगफली की खरीद की गई। जिससे किसान दर दर भटक रहे है। पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुये मूंगफली की खरीद एक माह अतिरिक्त करवाये जाने की मांग करते हुये व्यापारियों की मूंगफली खरीदने वाले प्रभारियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को लिखे प्रार्थना पत्र में उल्लेख करते हुये बताया कि महोबा एवं हमीरपुर जनपद में एमएसपी रेट पर खरीद केन्द्रों में निर्धारित तिथि से एक माह बाद खरीद प्रारम्भ की गई थी। जहां केन्द्र प्रभारी ने सरवर फेल होने का बहाना बना किसानों की मूंगफली नही खरीदी। जब उन्होने स्वयं सूपा खरीद केन्द्र में जाकर केन्द्र प्रभारी को डांटा, कि तुम्हारी शिकायत शासन से करेंगे। तब खरीद केन्द्र में किसानों की मूंगफली की खरीद प्रारम्भ हुई। खरीद केन्द्रों पर प्रभारियों ने व्यापारियों से पैसा लेकर किसानों के साथ व्यापारियों की भी मूंगफली तौली। उन्होने किसानों की ओर से मांग करते हुये कहा कि जो एक माह बाद खरीद शुरु हुई, अब किसानों को एक माह का अतिरिक्त समय और बढाया जाये। जिन किसानों के टोकन दे दिये गये, पहले उनकी तौल कराई जानी चाहिये। व्यापारियों की तौन करने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेग। जिससे किसान आसानी से अपनी मूंगफली को बेंच सके।

# चुनाव आयोग के कार्य शैली को लेकर सपाइयों ने पास किया निंदा प्रस्ताव

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार को पीडीए महापंचायत घाटमपुर विधानसभा के सजेती कस्बे में आयोजित किया जिसमें चुनाव आयोग की तानाशाही के खिलाफ़ निंदा प्रस्ताव पास किया गया साथ ही ग्रहमंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के अपमान की निंदा की गई व पीडीए समाज को जागरूक किया गया जिसमे मुख्य अतिथि श्री राजराम पाल पूर्व सांसद व विशिष्ट अतिथि प्रांतीय नेता वीरसेन यादव रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा ने किया इस मौके पर संचालन अमर सिंह यादव महासचिव संयोजक अनिल सोनकर वारसी, मीना संखवार, शिव सिंह पाल सपा नेता प्रवीण पंकज, जिलासचिव विजय पटेल, जिला सचिव कर्मवीर सिंह, सपा नेता प्रशांत बाजपेयी, मुखिया उमराव , कॉर्डिनेटर राजकुमार पाल, मनोज यादव, राजकुमार कुशवाहा, शिवसिंह यादव पूर्व ब्लॉकअध्यक्ष, प्रताप यादव, गुलाब सिंह, शिवा बाबा, मंजुलता सचान, विराजन बाबू सचान, रामबाबू प्रधान, रामवीर, अजय यदुवंशी, रोहित कुशवाहा, पप्पू यादव रामपूजन चौरसिया, अश्वनी उमराव आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### तुनक तुनक तुन्ना सितारों को मिलेगा पुष्कल सिंह सम्मान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** महोबा जिला स्थापना दिवस पर 11 फरवरी को बुंदेली समाज वीरभूमि का नाम रौशन करने वाली विभिन्न क्षेत्रों की आठ प्रतिभाओं को स्व. पुष्कल सिंह वीरभूमि स्मृति सम्मान से नवाजेगा। इन प्रतिभाओं में सुपरहिट बुंदेली गीत तुनक तुनक तुनक तुन्ना के कलाकार रौनक राजपूत व सपना श्रीवास भी शामिल हैं। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि आल्हा चौक के अंबेडकर पार्क में आयोजित सम्मान समारोह में तुनक तुनक तुन्ना कलाकारों के साथ अपने स्वादिष्ट पान के लिए मशहूर मामा पान वाले, चिंटू महाराज मंगौड़ा वाले, भूपेन्द्र चौरसिया बदनाम लस्सी वाले, भूखों को भोजन खिलाने वाली संस्था नर सेवा नारायण सेवा रोटी बैंक, गौसेवा के लिए राम कुंड गौशाला के भारत सिंह व बिलवई तिगैला गौशाला के डा. एसडी त्रिपाठी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्व. पुष्कल सिंह वीरभूमि स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोबा वासियों के लंबे संघर्ष के बाद उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार ने बड़े नाटकीय अंदाज में महोबा को 11 फरवरी,1995 को जिला घोषित किया था। तत्कालीन सदर विधायक अरिमर्दन सिंह ने इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। महोबा जिला आंदोलन के मुख्य स्तंभ पुष्कल सिंह थे, जिनकी दो वर्ष बाद 1997 में हत्या हो गई थी। उनकी स्मृति में बुंदेली समाज हर वर्ष यह सम्मान प्रदान करता है।

### आग से लाखों का सामान राख

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के विदोखर पुरई में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लगनेसे एक व्यक्ति का घर जलकर खाक हो गया। आग से गृहस्वामी की करीब डेढ़ लाख की संपत्ति नष्ट हो गई। गृहस्वामी ने इस घटना के पीछे रंजिशन आग लगाए जाने की आशंका जताई है। घटना रात करीब 9 बजे की है जब मनोज कुमार निषाद परिवार सहित भोजन के बाद सो चुका था। अर्धरात्रि में अचानक घर के कच्चे बरामदे और अटारी में आग भड़क उठी। तेज लपटें देखकर गृहस्वामी ने शोर मचाया जिससे पड़ोसी मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायाए ग्रामीणों ने आग पर समय रहते काबू पाने में अहम भूमिका निभाई जिससे आग अन्य घरों तक नहीं फैल सकी। गृहस्वामी ने पुलिस प्रशासन से घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### मौदहा बांध में कायम है जंगलराज, अभियंताओं के सीट में न बैठने से ग्रामीण परेशान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मौदहा बांध कार्यालय में जंगलराज कायम है चमचमाती इमारत में कोई भी कर्मचारी नही बैठते है अभियंताओं के न बैठने से दूरदराज से आने वाले ग्रामीण निराश होकर वापस लौट जाते है यही नही विभाग से रिटायरमेंट कर्मी रनर उमाशंकर अपनी पेंशन के लिये चार सालों से दौड रहा है मगर उसके कागजात नही दिये जा रहे है उसने जिलाधिकारी से शिकायत लिखित शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक मौदहा बांध का हाल बेहाल है यहां पर सिचाई के मामले में किसी भी ग्रामीण की नही सुनी जाती है। विभागीय अभियंता कभी भी अपनी सीट पर नही बैठते है जब भी जानकारी की जाती है तो क्षेत्र जाने का बहाना बना कर कर्मचारी अपना पल्ला झाड़ लेते है जिससे लोगो ने आना जाना बंद कर दिया है। उधर उमाशंकर रनर ने बताया कि वह चार साल पहले रिटायरमेंट हो गया था मगर आज तक उसके अभिलेख नही बनाये गये है वह हजारो चक्कर लगा चुका है हर बार उसे टाल कर भगा दिया जाता है उसने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत की है कि उसे पेशन न मिलने के कारण एक एक पैसा के लिये परेशान घूम रहा है मगर विभाग मे उसकी कोई सुनने वाला नही है। इस मामले की जांच डीएम ने सीडीओ को सौपी है। इसी प्रकार अन्य कर्मचारी परेशान रहते है। विभागीय उच्चाधिकारी अपने आवासो में रहकर आराम फरमाते रहते है।

### मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम विदोखर पुरई में तीन दिन पहले ईंट भट्ठे से परिवार सहित लौटे एक मजदूर ने शनिवार को अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोहन निषाद(35) अपनी पत्नी लक्ष्मी व चार बच्चों के साथ ईंट भट्ठे पर रहकर मजदूरी करता था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की बात कहकर वह तीन दिन पूर्व परिवार सहित गांव लौटा था। शनिवार सुबह उसने पत्नी और बच्चों की नजर बचाकर घर में फांसी लगा ली। घटना के बाद परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके।


### बालिका सशक्तिकरण के लिए दो दिवसीय सेल्फ एस्टीम प्रशिक्षण का समापन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र कुठौंद में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत सेल्फएस्टीम, मीना मंच, जीवन कौशल, पावर एंजल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु विकास क्षेत्र की उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की मीना सुगमकर्ताओं का चल रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ. ममता स्वर्णकार, डॉ. कल्पना श्रीवास्तव, मनीष ओझा द्वारा प्रगति के पंख, आधा फुल कॉमिक सीरीज, अरमान माड्यूल सेल्फ डिफेंस, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य शिक्षा, जेन्डर स्टीरियो टाइप, मीडिया का आदर्श रूप, बॉडी टॉक आदि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार पूर्वक परिचर्चा तथा रोल प्ले द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मीना मंच के गठन की नवीन प्रक्रिया, आत्मरक्षा क्लब सुगमकर्ता के कार्य पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रशिक्षण के उपरांत सभी सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालयों के दो अन्य साथी अध्यापकों को प्रशिक्षित तथा सभी टीम वर्क के रूप में बच्चों के सशक्तिकरण हेतु कार्य करेंगे। प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार उत्तम ने पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियों को समझा ओर सभी प्रतिभागियों से परिचर्चा की, बेहतर प्रशिक्षण के लिए प्रतिभागियों एवं मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# महिला जिला अस्पताल में कुत्तों का आतंक

- वार्ड और अल्ट्रासाउंड कक्ष के आसपास टहलते रहते हैं आवारा कुत्ते
- गर्भवती महिलाओं और नवजातों की सुरक्षा खतरे में

महोबा, समृद्धि न्यूज।



महिला जिला अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण जिला अस्पताल में दिन रात आवारा कुत्ते घूमते रहते है। यह कुत्ते कई बार तीमारदारों को काट भी चुके है। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। जिससे प्रसूता महिलाओं व नवजातों की सुरक्षा खतरे में बनी हुई है।

बता दे कि महिला जिला अस्पताल में आवारा कुत्तों की मौजूदगी चिंता का विषय बन गया है। अस्पताल के अंदर घूमते आवारा कुत्तों झुण्ड स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। साथ ही भर्ती गर्भवती महिला मरीजों और नवजात बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे है। इसके कुछ वर्ष पहले महिला अस्पताल में चीटियों का आतंक भी देखने को मिला था। जिससे एक नवजात की मौत हो गई थी। महिला जिला अस्पताल में आवारा कुत्ते टहलते रहते है और अस्पताल प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। जबकि कुछ माह पूर्व आवारा कुत्ते कई लोगों को काट चुके है। यह आवारा कुत्ते अस्पताल के वार्ड और अल्ट्रासाउंड कक्ष के आस-पास बेखौफ घूमते रहते हैं। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। यह कुत्ते अस्पताल के आसपास पडी गन्ददी को खाकर वार्डो में टहलते है। जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का भी डर बना रहता है। वही प्रसूता महिलाओं, नवजातों तथा तीमारदारों पर भी खतरा बना रहता है। इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है।

### भ्रष्टाचार एवं अनिमित्ताओं के आरोप में अधिवक्ताओं ने किया तहसील अदालत का बहिष्कार

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** तहसीलदार घाटमपुर के न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनिमिताओ का आरोप लगाकर घाटमपुर बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने उनके न्यायालय का बहिष्कार शुरू कर दिया है घाटमपुर बार एसोसिएशन के के अध्यक्ष अनूप तिवारी व महामंत्री नवीन कुमार कमल ने बताया कि इस संबंध में पहले ही बार एसोसिएशन की बैठक में निर्णय लिया गया था इस परिपेक्ष में आज से तहसीलदार के न्यायालय का बहिष्कार शुरू कर दिया गया है जो अनिश्चितकालीन चलेगा संगठन के दोनों पदाधिकारी ने आरोप लगाया है कि तहसीलदार के न्यायालय में लंबे समय से भ्रष्टाचार एवं अनियमिताओ को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# गोवशों के निवाले को किया आग के हवाले, कार्रवाई की मांग

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



क्षेत्र के ग्राम सिलौली में स्थित गौशाला में बीती रात अराजक तत्वों ने धान के पुवाल पर आग लगा दी। पुवाल जलने से गौशाला में कैद मवेशियों के पेट भरने की समस्या खड़ी हो गई है।ग्राम प्रधान ने दो आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। गौशाला में रखे हुए धान की पुवाल पर शुक्रवार की रात अराजक तत्वों ने आग लगा दी जो देखते ही देखते राख में तब्दील हो गया। इस घटना से गौशाला में कैद मवेशियों के पेट भरने की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्राम प्रधान देवा दास ने गांव के अरविंद पुत्र रामपाल व मौदहा के मीरा तालाब निवासी राकेश मिस्त्री के खिलाफ गौशाला में आग लगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप आरोपियों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है वही ग्राम प्रधान ने आरोपियों से जान माल का खतरा भी बताया है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

# पाटनपुर में गोवंश भूख प्यास से तोड़ रहे दम, कुत्ते बना रहे निवाला

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



ग्राम पाटनपुर में गौबंशों की दुर्दशा हो रही है भूख प्यास व बीमारी से गौबंश दम तोड़ रहे है वही आवारा कुत्ते गौबंशों को निवाला बना रहे है। कुछ दिन पूर्व में सिसोलर गांव में हुई घटना पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए केयरटेकर के खिलाफ मामला थाने में पंजीकृत कर दिया था फिर भी घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार की रात पाटनपुर ग्राम ग्राम पंचायत गौशाला में एक मृत्यु बछड़े को चार.चार कुत्ते नोच नोच कर खा रहे हैं यह वीडियो सोशल मीडिया में चलने के बाद आनन .फानन में नायब तहसीलदार व ग्राम पंचायत सचिव मौके पर पहुंच बछड़े बच्चे अवशेषों का वहां से हटवा कर उसकी अंतुष्टि कर इतिश्री भी कर दी।जबकि गांव व क्षेत्र में इस घटना से लोगों में भारी आक्रोश है।जब इस घटना के संबंध में नायब तहसीलदार सत्य प्रकाश वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमने जाकर उसका सासम्मान अंतुष्टि कर दी है यही जवाब पंचायत ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार निगम ने भी बताया कि दो बछड़ों की लड़ाई में एक बछड़ा मर गया जिसे निकालकर अंत्येष्टि कर दी गई है।

### ट्रैक्टर ट्राली में दबकर चालक की मौत

**मौदहा, (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मिट्टी पुराई का काम कर रहे मजदूर की ट्रैक्टर ट्राली के पलट जाने से दबाकर की मौत हो गई जहां आनंन फानन में परिजन ग्रामीण की मदद से बांदा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया कोतवाली क्षेत्र के गांव नायक पुरवा निवासी राजेश(55) मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था जहां वह शुक्रवार की सुबह गांव से ट्रैक्टर में लेकर ग्राम जिगनौडा में चल रहे मिट्टी पुराई का कार्य के लिए ट्रैक्टर लेकर निकल गया था ट्राली की मिट्टी खाली कर दोबारा मिट्टी लेने जा रहा था तभी ट्रैक्टर असंतुलित होकर जिगनौडा मंदिर के पास खाई में पलट गया जहां राजेश ड्राइवर ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दब जाने राहगीरों की मदद से आनंद.फानन में ट्रैक्टर से निकल गया वहां मौजूद मजदूरों ने परिजनों को सूचना दी जिससे परिजन ग्रामीण की मदद से आनन फानन में बांदा सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरो ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया।

# मानदेय वृद्धि के लिए पंचायत सहायकों ने सीएम को भेजा पत्र

- प्रधान व पंचायत सहायक के मध्य अनुबंध भी कार्य में बाधा

पनबाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।



मानदेय वृद्धि के लिए पंचायत सहायकों ने पंचायत सहायक यूनियन के पनवाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत के नेतृत्व में सीएम को संबोधित पत्र लिखकर डाक द्वारा भेजा। इसमें मानदेय वृद्धि सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान कराने की मांग की गई। पंचायत सहायकों ने पत्र के हवाले से लिखा है कि ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई थी।

पंचायत सहायक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ग्राम पंचायत सचिवालय का संचालन कर जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं। वर्तमान में पंचायत सहायक अपने अधिकारों से वंचित हैं। अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इससे सचिवालय के संचालन में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। ग्राम प्रधान और पंचायत सहायक के मध्य अनुबंध भी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है। पंचायत सहायक को मात्र 6000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो एक परिवार के भरण-पोषण के लिए अपर्याप्त है। एक मनरेगा मजदूर भी 237 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी प्राप्त करता है। जबकि पंचायत सहायक कुशलकर्मी होने के बावजूद अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। पूर्णकालिक नौकरी होने के कारण उनकी पढ़ाई भी बाधित है। इससे उनका भविष्य इसी नौकरी पर निर्भर हो गया है। पंचायत सहायक का मानदेय बढ़ाकर अतिकुशल श्रेणी 26910 रुपये प्रति महीना किया जाए। इस दौरान कृष्णकांत, पन्नापत प्रजापति, जितेंद्र सिंह, प्रियंका, रश्मि,संदीप कुमार , शिवम, लक्ष्मी प्रसाद समेत अन्य पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# पीस कमेटी की बैठक में दिये दिशा-निर्देश

- माहौल करने वालों की खैर नहीं

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



आगामी त्योहारो को मद्देनजर रखते हुए नगर में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शनिवार को कोतवाली परिसर में एसडीएम पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न की।

बैठक में आगामी दिनों में महाशिवरात्रि संत रविदास जयंती शब .ए .बारात आदि त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के मद्देनजर एसडीएम ने विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओ एवं गणमान्य लोगों से आपसी सौहार्द के बीच व कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ पर्व मनाने की अपील की। पीस कमेटी बैठक के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने रविदास जयंती के संयोजक से नगर में निकलने वाले जुलूस के दौरान शराब के सेवन न करने की अपील की साथ ही यह भी कहा कि अगर कोई शराब के नशे में मिलता है उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।शबे बारात के दिन युवक तेज गति से बाइक चलाकर स्टंटबाजी न करें ऐसे अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी एवं माहौल खराब करने वालों के साथ कड़ाई से निपटा जाएगा। उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने शब ए बारात त्योहारों के मद्देनजर साफ.साफाई प्रकाश विद्युत पानी की व्यवस्थाए जर्जर सड़क की मरम्मत कराने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह क्राइम प्रभारी चंद्रशेखर गौतम व नगर के हाजी जावेद अख्तरए मौलाना करामात उल्ला जय प्रकाश त्रिपाठीए लाला मास्टर डॉ मुबीन अतीक सभासद गुरु तेज प्रताप लालता प्रसाद मनोज कुमार संत कुमार सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से हरे पेड़ों पर चल रहे कुल्हाड़े

महोबा, समृद्धि न्यूज।



विभागीय अधिकारियों की मिली भगत के चलते पनवाडी क्षेत्र में लकडी माफियाओं द्वारा दिन दहाडे हरे पेडों पर कुल्हाडे चलवाये जा रहे है और धडल्ले से लकडी को ट्रेक्टरों में भरकर आरा मशीनों सहित अन्य प्रान्तों में भिजवाई जा रही है। सबकुछ जानकार भी विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। जिससे लकडी माफियाओं के हौसले बुलन्द बने हुये है और वह दिन रात हरे पेडों को काटकर मालामाल हो रहे है।

बता दे कि प्रदेश सरकार क्षेत्र को हरा भरा रखने के लिये प्रति वर्ष करोडों रुपया खर्च कर वृक्षरोपण कराती है। परन्तु विभागीय अधिकारियों की भ्रष्ट नीतियों व गुलाबी नोटों की चमक के आगे कुछ भी दिखाई नही पडता है। लकडी माफिया पनवाडी क्षेत्र में हरे पेडों पर धडल्ले से कुल्हाडे चलवा रहे है और बिना किसी भय के हरी लकडियों को ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर आरा मशीनों में पहुंचा रहे है। दिन दहाडे वन विभाग कार्यालय के सामने व थाने के सामने से यह लकडियों से भरे ट्रेक्टर निकलते रहते है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों और पुलिस को यह दिखाई नही पडता है। जब कोई इन लकडी माफियाओं का विरोध करता है तो यह गाली गलौच करते हुये कहते है, कि तुम्हे जिससे शिकायत करनी है कर दो। हमारा कोई कुछ भी नही बिगाड सकता है। क्योकि वह प्रतिमाह विभागीय अधिकारियों को माहबारी पहुंचाते है। लकडी माफिया दिन रात हरे पेडों पर कुल्हाडे चलवाकर जंगल को खत्म करने पर तुले हुये है और विभागीय अधिकारी आंखें बंद किये हुये है। जिससे क्षेत्र के समाज सेवियों में विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी पनप रही है। उन्होने प्रशासनिक अधिकारियों से क्षेत्र में हरे पेडों की हो रही कटान को बंद करवाये जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# राजस्व कम आने पर विद्युत निदेशक कॉमार्शियल ने जताई नाराजगी

- तीन बिजली घरों के निरीक्षण में अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



शुक्रवार देर रात लखनऊ से आये विजली विभाग के डायरेक्टर कामार्शियल अजय अग्रवाल ने विभागीय समीक्षा बैठक कर ओटीएस का टारगेट बढ़ाने हर एक विजली घर के गैंग को दस ओटीएस रजिस्ट्रेशन कराने को कहा है। निदेशक ने शनिवार को चंदपुरवा सुमेरपुर टेढ़ा विजली घर जाकर वहा की स्थिति को देखा और व्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर की।

जानकारी के मुताबिक निदेशक कामार्शियल ने समीक्षा मे पाया कि जिले में अभियंताओं की लापरवाही के चलते ओटीएस में आने वाला राजस्व बहुत ही कम है इस पर नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि हर विभागीय गैंग को कम से कम दस ओटीएस पर काम करके उनसे पैसा जमा कराना है हर एक विजली घर के लाइन मैन व स्टाफ के कर्मी को चिंहित किया गया और चेतावनी दी गयी है कि यदि राजस्व नही बढ़ाया गया तो कठोर कार्यवाही की जायेगी। डायरेक्टर ने बताया कि हमीरपुर जिले का राजस्व बहुत ही कम है,इसके बाद चंदपुरवा सुमेरपुर टेढा विजलीघर जाकर वहा की व्यवस्था देखी जिसमे काफी अनियमितताए पायी गयी जिन्हे शीघ्र ठीक कराने के आदेश दिये है। विजली घर में विखरा सामान व तार क्लैम्प की कमी होने पर नाराजगी जतायी है। निदेशक ने देर रात अभियंताओं को राजस्व बढ़ाने के टिप्स दिये कहा कि अगली समीक्षा में फिर से इस ओर ध्यान दिया जायेगा। एक्शिय मीटर राकेश कुमार के मामले में भाजपा के सदर विधायक मनोज प्रजापति द्वारा लिखे गये पत्र के बारे में कहा कि इस मामले में कार्यवाही की जायेगी पहले ओटीएस पर काम कर लिया जाये नही तो उपभोक्ताओं को लाभ नही मिल पायेगा।

# आठवीं कक्षा का छात्र लापता, गुमशुदी दर्ज

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।



कस्बे के बांकी मार्ग का निवासी कक्षा आठ का छात्र शुक्रवार की शाम घर से दौड़ लगाने के लिए निकला था। उसके बाद लापता हो गया। पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

कस्बे के बांकी मार्ग निवासी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि उसका पुत्र बिट्टू उर्फ अंश यादव (14) कस्बे के स्टेशन मार्ग में संचालित एक विद्यालय में कक्षा आठवीं का छात्र है। शुक्रवार की शाम 7: 30 बजे यह दौड़ लगाने की बात कह कर तपोभूमि गया था। यहां से वापस लौटकर यह नेहा चौराहा तक आया। घर जाने की बजाय यह नरही मार्ग की ओर जाता सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ। छोटी बाजार तक यह सीसीटीवी फुटेज में जाता दिख रहा है। इसके बाद यह लापता हो गया है। पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस छानबीन कर रही है। गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# दो सौ चौतीस बच्चों ने छोड़ी परीक्षा

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

शनिवार को कस्बे के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 व 11 की प्रवेश के लिए परीक्षा अयोजित कराई गई। दोनों कक्षाओं के लिए 525 बच्चों ने पंजीकरण कराया था। 291 छात्र.छात्राओं ने परीक्षा दी जबकि 234 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। उरई रोड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य निधीश कुमार ने बताया कि विद्यालय में 9 व 11 कक्षाओं में प्रवेश के लिए विद्यालय में परीक्षा आयोजित कराई गई। कक्षा 9 के लिए 404 और कक्षा 11 के लिए 121 छात्र पंजीकृत हुए थे। कक्षा 9 के 258 छात्रों ने परीक्षा दी। 146 छात्र छात्राएं परीक्षा देने नहीं पहुंचे। वहीं 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण छात्रों में से मात्र 33 ने परीक्षा दी। 88 छात्र अनुपस्थित रहे।

# जनेसमा रोड पर चबूतरों से हटा अतिक्रमण

**▸ पुलिस प्रशासन व नगर पालिका के अधिकारी मौके पर रहे मौजूद**




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को जनेसमा रोड पर चबूतरों पर बनी अवैध और अतिक्रमण लोहे की दुकानें, दुकानदारों द्वारा स्वयं हटाई जाने लगी। शान्ति व्यवस्था बनी रहे इसके लिये पुलिस, प्रशासन व नगर पालिका के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। नगर के बस स्टेशन से पुलिस लाइन चौराहे तक सब्जी की दुकान लगाने के लिये आवंटित चबूतरों पर शर्तो का उल्लंघन करके लोहे की पक्की दुकानें बना ली गयी। इसके बाद सब्जी विक्रेता सड़क किनारे पटरी पर अपनी सब्जी की दुकानें लगाने लगे।

पटरी पर जगह न बचने के कारण ग्राहक अपने वाहन सड़क किनारे खड़ा करते है जिससे बस स्टेशन से जवाहर लाल नेहरू परास्नातक महाविद्यालय के सामने होते हुए पुलिस लाइन चौराहा तक जाम की स्थिति बनी रहती है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने 06 फरवरी को निरीक्षण कर शर्तो का उल्लंघन करके चबूतरों पर बनी लोहे की दुकानों को हटाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए थे।

जिसके चलते ईओ नगर पालिका द्वारा सम्बंधित दुकानदारों को समय देते हुए चबूतरों पर बनी लोहे की दुकानों को स्वयं से हटाने के निर्देश दिए गए। जिसके चलते शनिवार को दुकानदार स्वयं से अपनी लोहे की दुकानों को हटाते नजर आए। साथ ही अवशेष व मलवे को जेसीबी मशीन से हटाकर चबूतरे को समतल किया जा रहा है। इस मौके पर तहसीलदार शरद सिंह, ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज, संजय कुमार शुक्ला, सीओ हर्षित चौहान, कोतवाल नगर सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नोडल टीचरों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**दिव्यांगजनों की शिक्षा में इनफार्मेशन एवं कम्युनिकेशन तकनीकी के बारे में दी जानकारी**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ के दिशा निर्देश पर समावेशी शिक्षा के अंतर्गत नोडल टीचर का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया।

इस प्रशिक्षण में स्पेशल एजूकेटर सहदेव प्रजापति एवं मनोरमा सिंह ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शिक्षण प्रविधियों, कक्षा कक्ष प्रबंधन, पाठ्य सहगामी क्रियाये, समर्थ मोबाइल एप, ब्रेल लिपि, निदानात्मक शिक्षण, होम बेस्ड एजूकेशन एवं दिव्यांगजनों की शिक्षा में इनफार्मेशन एवं कम्युनिकेशन तकनीकी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर आशीष त्रिवेदी, संजय शुक्ला, विवेक गुप्ता, मदन मोहन वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, उमेश अवस्थी, कुलदीप मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव, अभय प्रताप यादव, राजेश सरोज विशाल,धीरेन्द्र सिंह, श्रद्धा वर्मा, रीना सिंह, ज्योति बाला, प्रेम चंद्र, रिजवान अहमद, अम्बुज शुक्ला,विष्णु पाण्डेय, शेर बहादुर यादव, अनुराग यादव,मोश इस्माइल, राम शंकर, माया सिंह, शिखा सोनकर, राकेश सिंह,शालिनी, विष्णु, राकेश सरोज एवं वीरेंद्र कुमार पाल आदि नोडल शिक्षक उपस्थित थे।

## एकादशी के दिन खाटू श्याम मंदिर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**फतेहपुर, बाराबंकी।** काशीराम कालोनी के श्री खाटू श्याम मंदिर पर एकादशी के पावन अवसर पर एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो काशीराम कालोनी नगर पंचायत कस्बा फतेहपुर खाटू श्याम मंदिर पूजा कमेटी एवं स्वास्थ्य विभाग सी एच सी फतेहपुर के संयुक्त प्रयास से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉ अवनीश चौधरी ने फीता काट कर किया शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ अखिलेश वर्मा और डॉ संध्या गुप्ता ने चिकित्सीय स्टाफ विष्णु गुप्ता व विमलेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ 100 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वहीं स्वास्थ्य परीक्षणोपरांत मौजूद सभी मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गई।

# विद्युत उपभोक्ता पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए अधिशाषी अभियंता ने पुलिस को दी तहरीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

**▸ शिकायतकर्ता ने कार्यालय के बाहर मोड पर मिलने का जो आरोप लगाया है वह पूर्णतया असत्य है**

विकासखंड त्रिवेदीगंज के शाहपुर सिदवी गांव निवासी विद्युत उपभोक्ता अमरजीत रावत पुत्र राजू द्वारा लगाए गए कथित आरोपों एवं बिना साक्ष्य के सोशल मीडिया पर वायरल करने से आहत अधिशासी अभियंता ने थाना प्रभारी लोनी कटरा एवं पुलिस उपाधीक्षक हैदरगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर विधिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जिससे उनकी और विभाग की छवि धूमिल न होने पाए एवं स्वच्छ छवि के साथ वह विभागीय कर्तव्यो एवं दायित्वो का निर्वहन कर सके। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के विद्युत वितरण खंड हैदरगढ़ के अधिशासी अभियंता पीके गौतम ने बताया कि विद्युत बिल सही करने के नाम पर जिस उपभोक्ता द्वारा अपना व अपनी पत्नी का शोषण की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया गया है, उक्त आरोप पूरी तरह से मनगढ़ंत और निराधार है क्योंकि वह शिकायतकर्ता को जानते एवं पहचानते तक नहीं है।

अधिशासी अभियंता ने सिल सिलेवार जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा 16 मार्च 2024 को विद्युत बिल सही करने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर उन्होंने सक्षम अधिकारी उपखंड अधिकारी हैदरगढ़ को मार्क कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र अग्रेषित कर दिया गया था। क्योंकि ऐसी शिकायतों को सही करने का अधिकार उन्हीं का होता है।आगे बताया कि गत 31 जनवरी 2025 को शिकायतकर्ता ने कार्यालय के बाहर मोड पर मिलने का जो आरोप लगाया है वह पूर्णतया असत्य है क्योंकि आज तक अमरजीत से कहीं भी मुलाकात नहीं हुई है। अभियंता ने आगे बताया कि यदि गलत बिल की समस्या का निस्तारण नहीं हुआ था तो शिकायतकर्ता उन्हें अवगत करा सकता था परंतु 1 वर्ष तक ऐसा क्यों नहीं किया गया और अब निराधार आरोप लगाकर शिकायतकर्ता द्वारा उनकी और निगम की छवि को धूल धूसरित किया जा रहा है।

## थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियादें



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने समस्याएं सुनी जिसमें मात्र एक शिकायत जमीनी बिवाद की आयी। जिसमें पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर भेजकर समस्या का गुणवत्ता युक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर काव्या सी, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर सौरभ श्रीवास्तव,नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, कोतवाल संतोष कुमार ,शुभेन्द्र अवस्थी प्रदीप कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**ज़ैदपुर, बाराबंकी।** थाना परिसर मे समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पुलिस व राजस्व के संयुक्त टीम द्वारा की जनसुनवाई की गई।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में राजस्व कि संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की गई।इस दौरान क्षेत्र से आने वाली सभी शिकायतों की सुनवाई की गई है। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र से आने वाली करीब आधा दर्जन शिकायतो की जनसुनवाई की गई है। शिकायतों के संबंध में टीम गठित कर जांच के उपरांत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महादेवा मेले की तैयारी में युद्धस्तर पर जुटा प्रशासन

**▸ सड़कों के किनारे लटक रही झाड़ियों की कटाई/छटाई का कार्य शुरू**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील रामनगर स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर धाम महादेवा में 16 फरवरी से शुरू हो रहे फाल्गुनी मेले व महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों में जिला प्रशासन युद्धस्तर पर जुट गया है। मेला परिसर व अभरन तालाब की साफ-सफाई के कार्य शुरू हो चुके है। कावरियों/ श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिये महादेवा जाने वाले रास्तों में लटक रही टहनियों/ झाड़ियों की कटाई/ छटाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। पल्हरी बाईपास व जिन्हौली सहित महादेवा जाने वाले सभी मार्गो पर श्रमिकों को लगाकर सड़क की पटरियों पर लटक रही टहनियों/ झाड़ियों की कटाई/छटाई का कार्य किया जा रहा है। एनएच व अन्य सम्बंधित अधिकारी बराबर मॉनिटरिंग भी कर रहे है। साथ ही सड़क की पटरी पर मिट्टी डालकर उसके समतलीकरण का कार्य भी चल रहा है। बीती 06 फरवरी को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिले स्तर के अधिकारियों व मेला कमेटी के सदस्यों के साथ महादेवा फाल्गुनी मेला की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में समीक्षा बैठक की थी। बैठक में जिलाधिकारी ने मेला परिसर की साफ-सफ़ाई, जल निकासी, बेरिकेटिंग आदि सहित कावरियों/ श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिये अधिकारियों को ससमय समुचित तैयारी के सख्त निर्देश दिए थे। जिसके दृष्टिगत युद्धस्तर पर तैयारियां जारी है।

## खबरें एक नजर में

### भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को सुन श्रोता भाव-विभोर



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के सफीपुर गांव में सेवानिवृत शिक्षक प्रेम नारायण मिश्रा के निज निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाकर गोपियों की रक्षा की और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके सभी लोग अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण अत्यंत नटखट थे उन्होंने ब्रज में माखन चोरी मटकी फोड़ना गोपियों को परेशान करना आदि का मनोहारी वर्णन किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान प्रेम नारायण मिश्रा सिद्धनाथ त्रिपाठी ओम प्रकाश अवस्थी मनोज मिश्रा जिद्दी बाबा उमानाथ शुक्ला हिमांशु सिंह राजेश कुमार तिवारी सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद में छह लोग घायल


**जैदपुर बाराबंकी।** विकास खंड हरख व सतरिख थाना क्षेत्र के ताहीपुर गांव मे शनिवार दोपहर एक जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पुश्तैनी जमीन पर दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे की निर्माणाधीन दीवार को गिरा दिया। घटना दोपहर लगभग 2:30 बजे की है,जब विवेक वर्मा, हिमांशु,प्रताप और विजय कुमार अपनी पुस्तैनी जमीन पर दीवार का निर्माण करवा रहे थे। इसी दौरान विपक्षी पक्ष से कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। विपक्षियों ने धक्का देकर निर्माणाधीन दीवार को गिरा दिया, जिससे वहां काम कर रहे राजगीर (मिस्त्री) समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी 112 और स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

### विद्युत पोल से टकराकर कार चालक घायल

**जैदपुर, बाराबंकी।** बाराबंकी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक को झपकी आने से बड़ा हादसा हो गया।जैदपुर थाना क्षेत्र के वैसपुर चौराहे पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे सीएचसी जैदपुर में भर्ती कराया गया।मौके पर मौजूद भाकियू तहसील अध्यक्ष शिवनारायण सिंह, सत्येंद्र सिंह,राहुल, सुनील, और शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि हादसे के समय विद्युत आपूर्ति चालू थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विद्युत पोल टूट गया।गनीमत रही कि कोई व्यक्ति विद्युत पोल की चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।शिवनारायण सिंह की सूचना पर पहुंची जैदपुर पुलिस ने विद्युत विभाग को जानकारी दी और बिजली आपूर्ति बंद करवाई। विद्युत पोल गिरने से करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। बाद में विद्युत कर्मियों ने पोल को सड़क किनारे हटाया, जिससे यातायात सुचारु रूप से चालू हो सका।

# समान काम का समान वेतन दे सरकारः रणधीर सिंह सुमन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




बिजली कर्मचारी संघ के संरक्षक रणधीर सिंह सुमन ने प्रेस वार्ता कर बताया है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एक तरफ तो निविदा कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ हैदरगढ़ के अधिशासी अभियंता उपभोक्ताओं से अपने कार्यों के लिए अपनी खूबसूरत पत्नी को साथ में लाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

ऐसी दशा में विद्युत विभाग का भगवान मालिक है। निविदा कर्मचारियों को हटाने के सवाल को लेकर चल रहे आंदोलन उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के मांगों को मान लिए जाने के कारण स्थगित कर दिया गया है। और बिजली कर्मचारी संघ ने यह तय किया है कि निविदा कर्मचारी नियमानुसार कार्य करेंगे। और प्रबंध तंत्र किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं करेगा,आपसी सहमत के आधार पर प्रबंध तंत्र और निविदा कर्मचारियों के बीच कोई विवाद ना पहले था ना अब है, बिजली विभाग संघ ने यह निर्णय लिया है कि मध्यांचल विद्युत वितरण लिमिटेडको बचाने के लिए और उपभोक्ताओं को सहूलियत देने के लिए कार्य करेगा यदि ऐसा नहीं करेगा तो मजबूर होकर बिजली कर्मचारी संघ को आंदोलन का रास्ता किसी भी समय अपनाने में दिक्कत नहीं होगी। उत्तर प्रदेश में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुरूप समान कार्य सामान्य वेतन के अनुरूप दिशा निर्देश विभिन्न विभागों को जारी किया गया किया जायें। उक्त प्रेस वार्ता में बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निशांत मिश्रा, खंडीयअध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, खंडीय अध्यक्ष कमलेश कुमार, खंडीय अध्यक्ष विशाल वर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, अनिकेत वर्मा, अविनाश वर्मा, लाल वर्मा, आशीष यादव, पवन यादव, गंगाराम रामनरेश आदि प्रमुख लोग थें।

# युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जैदपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



**▸ घटना के पीछे के कारणों की गहन जांच कर रही पुलिस**

घर के आंगन में एक युवती का फांसी के फंदे से शव लटका मिला, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र के झलिहा गांव में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। शनिवार की सुबह लगभग 8 बजे कमला प्रसाद की पुत्री कामिनी का शव घर के आंगन में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विकास खंड हरख के अंतर्गत आने वाले इस मामले में मृत्यु के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस घटना के पीछे के कारणों और परिस्थितियों की गहन जांच कर रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## मकान निर्माण के दौरान महिला मजदूर घायल

**कोंच,जालौन।** महिला मजदूर नसरीन पत्नी मुन्ना निवासी नया पटेल नगर ब्लॉक कालोनी ने शिकायती पत्र देकर बताया कि रेलवे स्टेशन के समीप राजकुमार अग्रवाल उर्फ बबलू बेदी के निर्माणाधीन मकान में वह मजदूरी कर रही थी। 2 फरवरी की शाम करीब 4 बजे काम जल्दी खत्म करने की जल्दबाजी में अव्यवस्थित रूप से रखी गयी गिट्टी से भरी बोरी तीसरी मंजिल से नीचे आकर उसके ऊपर गिर पड़ी जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गयी। उसने गरीबी का हवाला देकर राजकुमार से इलाज कराने की बात कही तो उसने इलाज के लिए रुपये देने से साफ मना कर दिया। महिला मजदूर ने पुलिस को बताया कि उसका पति मानसिक रूप से बीमार रहता है जिसके चलते वह मजदूरी कर 3 नाबालिग बच्चों का भरण पोषण करती है।

## पत्नी को लेने ससुराल गये पति-देवर को पीटा

**जालौन,उरई।** मायके में रह रही पत्नी को लेने गए पति व देवर ने पत्नी के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति व देवर के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी सन्नो ने पुलिस को बताया कि उसे परिजनों ने उसकी शादी कोंच निवासी इमरान के साथ की थी। लेकिन इमरान उसे परेशान करता था और मारपीट करता था। परिजनों ने कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन उसकी आदतों में सुधार नहीं हुआ। जिसके चलते वह करीब डेढ़ साल से अपने मायके में रह रही है। शनिवार को उसके पति इमरान और देवर शाहरूख उसके घर आ धमके और उसके साथ उसे साथ ले जाने का दबाव बनाने लगे।

# दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के उपलक्ष्य में भाजपा प्रवासी संपर्क प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व जिला संयोजक मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में नगर के पटेल चौराहे पर मिष्ठान वितरित कर ढोल नगाड़ा बजाकर एक दूसरे को बधाई दी ।

मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि यह मोदी सरकार व भाजपा की नीतियों व सुशासन की विजय है।

दिल्ली की जनता ने शराब के भ्रष्टाचार में आकंठ डुबी हुई केजरीवाल सरकार को नकारते हुए भाजपा को बहुमत का जनादेश प्रदान किया है। इस समय पर पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष देवराज त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता राजा रंजीत सिंह, अधिवक्ता गणों दिवाकर सिंह, सुधांशु सिंह, महेंद्र वर्मा,भोला सिंह, व्यापारी उत्तम गुप्ता,राजेश गुप्ता, राष्ट्रीय जागरण मंच प्रदेश उपाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह,अंशू श्रीवास्तव, बलराम वर्मा, समाजसेवी अनीता शुक्ला व रितू कश्यप सहित अनेकों उत्साही कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# पंचायत के रिक्त पदों पर दो ने किया नामांकन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड सिरौलीगौसपुर में रिक्त ग्राम पंचायत सदस्य पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन छह ग्राम पंचायतों में प्रत्येक रिक्त पद के लिए केवल एक-एक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया, जिससे सभी का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया है।

शनिवार को आरओ एडीशन सिंह और एआरओ मेवालाल गुप्ता के समक्ष विभिन्न ग्राम पंचायतों से उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र जमा किए। मोहम्मदपुर बांहू से रुचि वर्मा पुत्री रामप्रताप औलिया लालपुर से श्रीमती मुनान पत्नी प्रवेश कुमार मुश्कीपुर से गुड़िया देवी पत्नीरामकुमार , ढकवा माफी से श्रीमती प्रेमावती पत्नी शेर बहादुर मौलाबाद से रामशरन पुत्र गजोधर और मुश्काबाद से विक्रम पुत्र राम औतार ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किए। चूंकि सभी पदों के लिए केवल एक-एक उम्मीदवार ने ही नामांकन किया है, इसलिए इन सभी ग्राम पंचायत सदस्यों का निर्विरोध चुनाव होना तय माना जा रहा है।

# सूने घर की दीवार फांदकर चोर जेवर-नगदी लेकर फरार

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐर में बीती रात अज्ञात चोरों ने सुने घर को निशाना बनाया और दीवाल फादकर घर में रखे चांदी की जेवरात व सेहत 12 हजार की नगदी लेकर रफूचक्कर हो गए। गृहस्वामी ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने वारदात की जांच पड़ताल शुरू कर दी। डाकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐर निवासी रोशनी शादी के बाद अपने मायके में रह रही थी। बताया गया है कि उसकी मां 4 दिन से बाहर गई थी, और वह घर में अकेली होने के कारण रात को अपने चाचा के घर में सोने के लिए चली गई। तभी देर रात बगल में बने उसके घर में दीवार फांद कर अज्ञात चोर घुस गए। चोरों ने सूने घर को फुर्सत से खंगालना शुरू कर दिया और आभूषण सहित नगदी के अलावा अन्य सामान चोरी कर खिसक लिए।

सुलह घर पहुंचने पर उसे चोरी की जानकारी हुई और उसने मामले की खबर परिजनों व गांव के लोगों को दी। घटना की खबर फैलते ही गांव में अफरातफरी मच गई और गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। खोजबीन के दौरान चोरी किया गया कुछ सामान घर के पास बाहर कुछ दूरी पर पड़ा मिला।

# जल शक्ति मंत्री आवास के सामने लाखों का माल ले उड़े चोर

**चर्चित मेडिकल चौकी क्षेत्र में घूमी चोरों की बारात, पुलिस गश्ती की खुली पोल**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



शहर कोतवाली क्षेत्र की बहुचर्चित मेडिकल पुलिस चौकी क्षेत्र में देर रात भय मुक्त होकर घूमी चोरों की बारात ने पुलिस गश्ती की पोल खोलकर रख दी। जिन्होंने प्रदेश के जल शक्ति मंत्री के आवास के ठीक के सामने स्थित मकान में बैखौफ होकर घुसे और लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम लेकर आराम से रफूचक्कर हो गए। घटना की खबर मिलते ही फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।बता दें कि शहर कोतवाली की महत्वपूर्ण कही जाने वाली मेडिकल पुलिस चौकी क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर तुलसी धाम कॉलोनी में बीती दिन शुक्रवार की देर रात पुलिस से बेखौफ होकर घूमी चोरों की बारात ने पुलिस गश्ती की पोल खोलते हुए केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मकान के सामने संदीप तिवारी पुत्र जगदीश प्रसाद के मकान को निशाना बना लिया। बताया गया कि सड़कों पर कभी भी पुलिस का सायरन नहीं गूंजा। इसलिए चोर फुर्सत से लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम देकर आराम से खिसक लिए। फिलहाल जल शक्ति मंत्री के घर के सामने चोरों द्वारा दिए गए लाखों रुपए की चोरी की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों ने पुलिस पर निशानियां सवाल खड़े कर दिए। मोहल्ले वासियों के अनुसार मेडिकल चौकी प्रभारी के लचर रवैया के चलते क्षेत्र में छुटपुट घटनाएं तो आए दिन जन्म लेती ही है। लेकिन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चोरों के भी हौसले बुलंद है, और वह ऐसी घटनाओं को अंजाम देने में चूक नहीं करते।

चोरों ने प्रदेश के जल शक्ति मंत्री के घर के सामने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली और यह मामला चौकी प्रभारी के गले की फांस बन गई है। खबर मिलते ही फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना की हर पहलू की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**




एसडीएम ज्योति सिंह ने नदीगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा और जहां पर भी कमियां मिली उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान अस्पताल के दो चिकित्सक ड्यूटी से गायब मिले। शनिवार को सीएचसी का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने दवा स्टॉक रजिस्टर, आयुष्मान कार्ड पंजीकरण रजिस्टर जांचा। उन्होंने इमर्जेंसी वार्ड, प्रसूता कक्ष की व्यवस्थाओं को देखा। अलग-अलग वार्डो सहित समूचे सीएचसी परिसर में साफ-सफाई, बिजली, स्वच्छ पेयजल के अलावा शौचालय की स्थिति बेहतर रखने के लिए एसडीएम ने जरूरी दिशा-निर्देश दिये। एसडीएम ने चिकित्साधीक्षक को निर्देश दिए कि आवश्यक दवाओं की कमी न होने दें। स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर चैक करने पर 2 चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए जिसको लेकर एसडीएम ने कार्यवाही के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र लिखा है।

# प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



जश्न मनाते निवर्तमान सांसद, जिलाध्यक्ष कार्यकर्ता

दिल्ली चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत व उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर भाजपाइयों ने मिठाई बांट जश्न मनाया। भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान सांसद के कार्यालय पर निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने मिठाई बांटी और ढोल नगाड़ों की धुन पर थिरकते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और पटाखे फोड़े। वही भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, मोदी योगी जिंदाबाद के नारे लगाएं। निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि जैसे दिल्ली व उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुई है। वैसे ही 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुत की सरकार योगी मोदी के नेतृत्व में बनेगी और उत्तर प्रदेश की जनता ने मिल्कीपुर की सीट भाजपा की झोली में डाल कर 2027 में प्रदेश में भाजपा की बंपर जीत का संकेत दे दिया है। वही यह भी कहा कि दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत से संकेत साफ है। कि भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के साथ मोदी सरकार द्वारा सामाजिक न्याय की दिशा में किए गए अनेकों कार्यो से जनता जनार्दन बहुत खुश और प्रभावित है। उसी के चलते आज मोदी जिनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सौरव कटियार, हरि बक्श सिंह, राम कठेरिया , पुष्पेंद्र शाक्य, संदीप चतुर्वेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, शिवेंद्र , प्रभात बाजपेई, शरद मिश्रा ,मंगलम पांडे, विशाल शुक्ला, दीपू ठाकुर, सचिन चतुर्वेदी ,राजन अवस्थी, समुद्र श्रीवास्तव, राजा पाठक, अखिलेश पांडे, अभिषेक पांडे सहित सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।

## 5 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

**विशुनगढ कन्नौज।** अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद छुरा बरामद होने के सम्बन्ध में थाना विशुनगढ पर मु0अ0सं0-121/21 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक उप्र के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था । कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट कन्नौज द्वारा अभियुक्त विनोद पुत्र नृपति सिंह नि0गण नगला भजा थाना विशुनगढ जनपद कन्नौज को 05 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000 रुपये रुपये जुर्माना अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

# नौनिहालों ने दौड़ प्रतियोगिता में दिखाया दम खम

▸ पीएस अलीनगर में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव आयोजित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र के अलीनगर स्थित अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय व जलालपुर सरवन में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव अभ्युदय 2024 - 25 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनारायण ने शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव के आयोजन के उद्देश्यों तथा आउट ऑफ स्कूल बच्चों के बारे में जानकारी देते हुए उसे सक्रिय सामुदायिक सहभागिता एवं जनसहभागिता के द्वारा रोकने का आवाहन किया।

सहायक अध्यापक प्रगति कुमार एवं सिराज अहमद ने शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आवाहन किया। इस दौरान नौनिहालों ने भाषण नाटक एवं एकांकियों आदि के द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को आउट ऑफ स्कूल होने से रोकने का संदेश दिया। कक्षा तीन से पांच तक के बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेकर दम खम दिखाया। इस दौरान विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, औसत वार्षिक उपस्थिति आदि में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया।

# हैंडपंप न लगने देने का ग्रामीणों पर लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

गांव के ही लोगों ने सरकारी हैंडपंप में अपनी समर की मोटर डाल दी है और गांव वालों को पानी भी नहीं भरने देते। जब ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से शिकायत की तो ग्राम प्रधान ने हैंडपंप के लिए दूसरी जगह गड्ढा खुदवा दिया। लेकिन इसके बाद भी वह लोग हैंडपंप नहीं लगने देते और गाली गलौज करके भगा देते हैं। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम तेरारब्बू निवासिनी रजनी देवी, गंगा महेश, रंजना देवी, सीतू, सोनी, सहिला देवी, रविता, रामपाल, नरेश, सोमवती, अन्नो देवी व मुकेश ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उनके गांव में सरकारी हैंड पंप लगा हुआ है। जिसमें गांव के एक परिवार के लोगों ने अपनी समर पंप डाल दी और ग्रामीणों को पानी नहीं भरने देते। जब पीड़ितों ने ग्राम प्रधान से शिकायत की। तो ग्राम प्रधान ने दूसरी जगह हैंडपंप के लिए गड्ढा खुदवा दिया। लेकिन गांव के लोग वहां भी हैंडपंप नहीं लगने दे रहे हैं। साथ ही गाली गलौज करते हैं और मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़



खुलासा करते एसपी विनोद कुमार व मौजूद आरोपित

पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग असलहे बनाने का कार्य करते है। एवं इस असलाह फैक्ट्री से जो कमाई होती है। उससे अपने परिवार का भरण पोषण करते है।

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अवैध रूप से संचालित नाजायज शस्त्र फैक्ट्री का पुलिस में भंडाफोड़ किया। जिसमें एक अदद देशी अधिया व 06 अदद तमंचा व 02 अदद अधिया अर्द्ध निर्मित व 01 अदद तमंचा अर्द्ध निर्मित व कारतूस मय अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण सहित दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया। एसपी विनोद कुमार ने घटना का खुलासा किया। तिर्वा थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विनोद कुमार (50) पुत्र बांके लाल निवासी वंशीपुर्वा थाना तिर्वा, हैप्पी उर्फ रोशन (21) पुत्र रमेश चन्द्र निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा को मय बरामदशुदा माल 06 अदद निर्मित व दो अदद अर्ध निर्मित तमंचा 315 बोर व एक अधिया 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 303 बोर,03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद कटा हुआ खोखा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस स्क्र एक अदद कारतूस चार्जर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, दो अदद खोखा कारतूस 12 बोर नाजायज (08 अदद प्लास्टिक के डिब्बों में) व बंदूक तथा तमंचा बनाने के उपकरण (04 अदद प्लास्टिक की बोरियों में) के साथ ग्राम वंशीपुर्वा से गिरफ्तार किया। माल बरामदगी के आधार पर थाना तिर्वा पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तगण विनोद कुमार व हैप्पी उर्फ रोशन को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

**अभियुक्त से यह माल हुआ बरामद**

06 अदद निर्मित तमंचा 315 बोर, एक अधिया 315 बोर, 02 अदद अर्द्ध निर्मित अधिया 315 बोर, एक अदद अर्द्ध निर्मित तमंचा 315 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस 303 बोर, 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद कटा हुआ खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस स्क्र एक अदद कारतूस चार्जर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, दो अदद खोखा कारतूस 12 बोर नाजायज, मय अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण- बेल्डिंग मशीन, ड्रिल मशीन, धौंकनी, रेती, हथौड़ी, आरी, निहाई, नाल, सुम्मी, प्लास, पेंचकस, छेनी, 42 अदद स्प्रिंग, लोहे की राड, लोहे के पत्ते आदि बरामद किया।

# नगरिया में एक व पैथाना में चार उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

उमर्दा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत पैथाना व नगरिया में ग्राम प्रधान के रिक्त पदों पर चल रही चुनाव प्रक्रिया में शनिवार को नामांकन के आखिरी दिन नगरिया ग्राम पंचायत में एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं पैथाना ग्राम पंचायत में चार उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया में शनिवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था। इसको लेकर नगरिया ग्राम पंचायत में शशि राजपूत पत्नी स्व.अर्जुन राजपूत ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उमर्दा के ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा सहित भाजपा नेता मौजूद रहे। इससे पहले अर्जुन राजपूत की इस ग्राम सभा के प्रधान थे। बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी। इस ग्राम पंचायत से सिर्फ शशि राजपूत का ही एक मात्र नामांकन होने से उनके निर्विरोध प्रधान चुने जाने की संभावनाएं बन गई है। उधर पैथाना ग्राम पंचायत में राम आसरे पुत्र रोहन, श्याम बाबू पुत्र छम्मीलाल व निर्मला पत्नी अशोक कुमार एवं कसिश पत्नी विपिन कुमार ने अपने नामांकन दाखिल किए है। सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। जांच के बाद 19 फरवरी को मतदान होगा।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी जन समस्याएं

▸ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



थाना इंदरगढ़ में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक विनोद ने थाना इंदरगढ़ में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं। उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं। चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। इस दौरान थाना प्रभारी पारुल चौधरी सहित आदि लोग रहे।

## महिला से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर गांव की महिलाओं ने पीड़िता के दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पनगवा निवासी पूजा पत्नी बबलू ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि 03 फरवरी की सुबह 07 बजे गांव की ही पूनम व राखी उसके दरवाजे पर आई और बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# समाधान दिवस में पीड़ितों ने एसडीएम से लगाई गुहार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समाधान दिवस में समस्या सुनते एसडीएम ज्ञानेन्द्र द्विवेदी।

शासन के निर्देश पर जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

जिसमें कुल 05 शिकायतें आईं। मौके पर एक शिकायत का ही निस्तारण हो सका। बाकी शिकायतों को संबंधित विभाग के कर्मियों को निस्तारण के लिए सौंप दिया गया।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र द्विवेदी ने समाधान दिवस में समस्याएं सुनी। जिसमें 04 राजस्व व 01 पुलिस संबंधित शिकायतें आईं। जिसमें मौके पर पुलिस संबंधित एक शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों के यथाशीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि राजस्व कर्मी प्रयास करें कि भूमि संबंधी विवाद का स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित निस्ताण करने का प्रयास करें। जिससे पीड़ितों को समाधान दिवस व कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। गरीबों को कोर्ट के चक्कर न लगाने पड़े इसके लिए राजस्व कर्मी निष्पक्ष कार्रवाई करें। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक नीलम सिंह, श्यामलाल, हरीश कुमार, राधामोहन शर्मा, रावेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, राजेश प्रताप सिंह, मोहनलाल सहित पुलिस व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत में आलू खोदने से मना करने पर गांव के तीन लोगों ने युवक से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम भवानीपुर चचासाण्डा निवासी रमन सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 06 फरवरी की शाम लगभग 03.30 बजे गांव के ऋषि कपूर, नागेश, आकाश उसके खेत में जबरन आलू खोद रहे थे। जब उसने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम का किया स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** एसओजी सर्विलांस व थाना छिबरामऊ की संयुक्त टीम ने अंतराज्यीय ऐतिहासिक धरोहर और मंदिरों आदि में डकैती व चोरी करने वाले गिरोह का सरगना कुंवरपाल बंजारा और उसका साथी सौरभ राजपूत को गिरफ्तार कर लिया पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने घटना का खुलासा किया आज भारतीय किसान यूनियन (औनू) संगठन द्वारा छिबरामऊ कोतवाल एवं समस्त टीम का स्वागत किया प्रदेश उपाध्यक्ष, सतीश चंद दुबे जिला अध्यक्ष कन्नौज संजीव ठाकुर, युवा जिला अध्यक्ष प्रवेश यादव, जिला वरिष्ठ महासचिव अजय प्रताप, जिला उपाध्यक्ष आदेश शर्मा, जिला सहसंयोजक अरविंद गुप्ता, जिला महामंत्री शिवम राठौर, जिला मंत्री कृष्णा चौहान, युवा महासचिव सर्वेंद्र सिंह ठाकुर, जिला सचिव भूरे सिंह, जिला मंत्री मोहिउद्दीन सिद्दीकी , जिला सचिव योगेंद्र सिंह, जिला महामंत्री शिवम ठाकुर आदि लोग मौजूद थे।

### परिजनों ने वृद्ध महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विधवा वृद्धा से उसकी बहू ने बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लातघूसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पुराभोज निवासिनी विशुना देवी पत्नी स्वर्गीय रामदास ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे उसकी बहू व नातिनों ने बेवजह उससे गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लातघुसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला व उसके जेठ को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नाली के विवाद के चलते पड़ोस के लोगों ने महिला के दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके जेठ से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मौरा निवासिनी आरती देवी पत्नी राहुल ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 04 फरवरी की शाम करीब 3.30 बजे गांव के ही तीन लोग नाली के विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही बीच बचाव में आए उसके जेठ अनिल से भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बहन से छेड़छाड़ कर भाई को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के युवक ने किशोरी से छेड़छाड़ कर मारपीट की। इसकी शिकायत करने पहुंचे उसके भाई से भी गाली गलौज करते मारपीट कर घायल कर दिया और साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी किशोरी ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में कहा है कि 04 फरवरी की शाम 04 बजे जब वह घर से बाजार जा रही थी। तभी गांव के ही मानसिंह ने दरवाजे पर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए मारपीट की। जब इसकी शिकायत उसके भाई ने की तो आरोपित युवक ने उसके साथ भी गाली गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

## थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी समस्यायें

**कोंच,जालौन।** कोतवाली और थाना नदीगांव और कैलिया थाने में शनिवार को आयोजित किए गए समाधान थाना दिवस में अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनी। कोतवाली कोंच में प्रशिक्षु एसडीएम पवन कुमार और प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने शिकायतें सुनी। यहां पर 4 शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से 2 शिकायतें मौके पर निस्तारित कर दी गयीं। थाना नदीगाँव में एसडीएम ज्योति सिंह और सीओ डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी ने शिकायतें सुनी। यहां पर सिर्फ 1 ही शिकायत दर्ज करायी गयी और मौके पर ही निस्तारित भी कर दी गयी। थानाध्यक्ष दिव्यप्रकाश उपस्थित रहे। थाना कैलिया में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने शिकायतें सुनी। 3 शिकायतों में से 1 शिकायत मौके पर निस्तारित कर दी गयी।

# बाइकों की टक्कर में किशोर सहित तीन घायल

▸ प्रवीण व आकाश वर्मा को गंभीर हालत में किया जिला अस्पताल रेफर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

घर लौट रहे व बाजार में सामान लेने जा रहे बाइक सवारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हे एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ग्राम अंबरपुर्वा निवासी प्रवीण (25) पुत्र रामनारायण यादव शनिवार की शाम लगभग 03 बजे अपने भतीजे अर्पित (14) को स्कूल से लेकर घर लौट रहा था। तभी इंदुईयागंज-गुरसहायगंज मार्ग स्थित महुआ के पेड़ के निकट गुरसहायगंज में बाजार करने जा रहे ग्राम भवानीपुर निवासी आकाश वर्मा (22) पुत्र बालस्टर की बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हे स्थानीय लोगों ने आनन फानन एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने प्रवीण व आकाश वर्मा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दुर्घटना में महिला की मौत, पुत्री ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। जिसमें बैठी महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतका की पुत्री ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सराय प्रयाग गिहार बस्ती निवासिनी गौरी पुत्री कुंवर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते शुक्रवार की सुबह 05 बजे तेराजाकेट फ्लाई ओवर पर उसकी मा अन्य महिलाओं के साथ बहू का प्रसव करवाने के लिए ले जा रही थी। तभी पीछे से अनियंत्रित गति से चली आ रही है एक्सयूवी कार ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे ई-रिक्शा में बैठी महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मां बेबी की मौके पर ही मौत हो गई थी। पीड़ित पुत्री की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाइकों की भिड़ंत में छह लोग घायल

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

अलग अलग स्थानों पर बाइकों में हुई भिड़ंत में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर किया गया। गुरसरांय के अखिलेश कुमार (45) व रामनरेश (42) को स्किन प्रॉब्लम थी।

बीते आठ माह से वह जालौन में दवा लेने के लिए आते रहे हैं। हर बार की भांति इस बार भी वह बाइक से जालौन दवा लेने के लिए आ रहे थे। जब वह छानी खास गांव के पास पहुंचे। तभी सामने से जालौन निवासी श्याम सिंह (35) तेज रफ्तार बाइक लेकर छानी की ओर जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइकें आमने सामने पहुंची तो श्याम सिंह ने बेकाबू होकर बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइकों में भिडंत के बाद बाइक सवार तीनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, बंगरा मार्ग पर सुढ़ार पुलिया के आगे बाइक चालक रामनारायण प्रजापति निवासी ग्राम रौरा थाना रेढ़र की बाइक से सामने से आ रहे बाइक सवार कल्लू निवासी मलकपुरा की बाइक की टक्कर हो गई। कल्लू के साथ उनका एक साथी भी सवार था। आमने सामने हुई टक्कर में तीनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों की मदद से से सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया।

## पैतृक जमीन बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

जालौन (उरई)। पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार के ही दो व्यक्तियों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी ऋषि कुमार व संतोष कुमार के बीच पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर शनिवार की सुबह दोनों के बीच गाली, गलौज होने लगी। गाली, गलौज से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया और एक दूसरे के बीच हाथापाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है।

## कुंभ मेला में लापता हुआ वृद्ध सकुशल अपने घर लौटा

**कोंच,जालौन।** कुम्भ मेला में लापता हुए कुंवरपुरा निवासी वृद्ध घर लौट आ गया है। वृद्ध के सकुशल घर वापस आने से परिजनों ने राहत की सांस ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी वृद्ध गोविंदसिंह 27 जनवरी को कुम्भ मेला गया हुआ था। 28 जनवरी की शाम उसका घर वालों से संपर्क टूट गया था। 28 की रात मेले में भगदड़ की घटना होने से परेशान बेटे मनोज ने 1 फरवरी को कोतवाली में पिता के गुम हो जाने की जानकारी दी थी। 4 फरवरी को अचानक से वह मेले में ही रिश्तेदारों को नजर आ गए और फिर रिश्तेदारों की मदद से वह 5 फरवरी को घर वापस लौट आये हैं। शनिवार को कोतवाली पहुंचे गोविंद दास ने बताया कि उनका मोबाइल बंद हो गया था और मेले से कुछ दूरी पर शास्त्री पुल के नीचे इतने दिनों तक बने रहे। भोजन पानी की व्यवस्था ठीक थी इसलिए वह इतने दिन वहां ठहरे रहे।

# श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

खानपुर कसावा गांव में चल रही है सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु, पूरा पंडाल जयकारों से गूंजा बही कथा व्यास आचार्य संदीप द्विवेदी भाई जी ने कहा व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड बढ़पुर, जनपद फर्रुखाबाद**

पत्रांकः 01/25/ग्रा0पं0 कार्य/टेंडर — दिनांक 08/02/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एसएलडब्लूएम एवं राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजनाओं के कार्य हेतु कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 08/02/2025 से 12/02/2025 पूर्वाह्न 2:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 12/02/2025 को समय 3:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत चांदपुर में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव एवं निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेगे। निविदा प्रारूप दिनांक 08/02/2025 से 12/02/2025 तक कसी भी कार्य दिवस में 500 रूपये भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | ग्रा0पं0 का नाम | सामग्री का विवरण | अनु0 लागत | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर निर्माण कार्य | चांदपुर | समस्त सामग्री स्टीमेट के अनुसार | 4.48 लाख | 9000 | 500/ |
| 2 | आंगनवाड़ी केंद्र में बाल मैत्री शौचालय निर्माण | चांदपुर | // // // // | 1.56 लाख | 3000 | 500/ |
| 3 | कन्या प्राथमिक विद्यालय में मरम्मत कार्य | चांदपुर | // // // // | 2.47 लाख | 4900 | 500/ |
| 4 | आरआरसी सेंटर से मैन रोड तक इंटरलाकिंग कर्य | चांदपुर | // // // // | 1.86 लाख | 3600 | 500/ |

1. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी रजिस्ट्रेशन पेन कार्ड आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
2. सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं किये जायेगे।
3. निविदा बिना किसी सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान- (मुन्नी देवी) सचिव- (अतुल अग्निहोत्री)
ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड बढ़पुर, जनपद फर्रुखाबाद।

# लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : डीएम

- मेले में लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन/ गंगा प्रदूषण एवं पर्यावरण पर हुई गोष्ठी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पंडाल में लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन/गंगा प्रदूषण निवारण एवं पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आपातकाल लोकतंत्र सेनानी समिति के प्रदेश अध्यक्ष ब्रज किशोर मिश्र एडवोकेट ने की।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र सेनानी वे महान व्यक्तित्व है जिन्होंने सत्य, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए साहसिक कदम उठाए। आप सभी ने उस समय का सामना किया जब लोकतंत्र खतरे में था, लेकिन अपने संघर्ष और बलिदान से इसे पुनः स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। आपके संघर्षों की वजह से आज हमारा संविधान और लोकतंत्र सशक्त रूप से कायम है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी का प्रतीक है और प्रशासन का कर्तव्य है कि वह जनता की सेवा करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करे। हमें लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक ब्रज किशोर मिश्र एडवोकेट ने कहा कि 25 जून 1975 को आजाद भारत एक बार फिर आंतरिक गुलामी की बेड़ियों में जकड़ गया था। आपातकाल के कालखंड को याद करते हुए उन्होंने कहा तानाशाही सरकार ने न अपील, न वकील, न दलील के सिद्धांत पर आपातकाल का विरोध करने वाले समस्त राजनेताओं, विद्यार्थियों को जेल की काल कोठरियों में डाल दिया गया था और अनेकों प्रकार की अमानवीय यातनाएं देकर आन्दोलन को कमजोर करने का प्रयास किया, किन्तु 7 तालों के भीतर कुम्भकरणी नींद सोयी सरकार को उखाड़ फेंकने की कसम खा चुके लोकतंत्र रक्षक हटे नहीं, डिगे नहीं, डटे रहे। गंगा में होने वाले प्रदूषण को लेकर उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाईयों द्वारा छोड़े जाने वाला औद्योगिक कचरा प्रदूषण के मुख्य कारण है जिन पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जिन 1109 गंभीर प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की पहचान की है उन पर सरकार को सख्ती से कार्यवाही करनी चाहिए। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी राम सनेही कनौजिया, मधु राठौर, राम लखन मिश्रा, राजेंद्र त्रिपाठी, चंद्रशेखर कटियार, वीरेंद्र कटियार, सोनेलाल, राम सिंह बाथम, राधेश्याम वर्मा, मकबूल बेग, मनोरमा मिश्रा, लाल मोहम्मद, राजीव कटियार, अवनीश कटियार, रवि मिश्रा, राहुल मिश्रा, रजनीश बाजपेई, संतराम त्रिवेदी, राजकुमार चतुर्वेदी, सुरेन्द्र सिंह, गया प्रसाद, हरिशंकर कटियार, राधेश्याम मिश्रा, राजाराम मौर्या, बनवारी लाल वर्मा, नरेश चन्द्र शुक्ला, राजकुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।




ब्रजकिशोर मिश्र को सम्मानित करते जिलाधिकारी

### संत सत्यगिरि के प्रदर्शन पर पुलिस सख्त, हुई नोकझोंक

संत सत्यगिरि महाराज सुबह लगभग 10 बजे अनशन पर बैठ गये। जब महंत ईश्वरदास महाराज धरना कर वापस लौट गये, तो उसके बाद संत सत्यगिरि अपने साधु संतों के साथ प्रशासनिक परिसर में आ गये। उन्होंने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी से मुलाकात कर बात की। डीएम एक कार्यक्रम में थे। तकरीबन एक घंटे चले धरना प्रदर्शन के बाद अचानक सत्यगिरि महाराज प्रशासनिक पांडाल के बाहर आ गये और धरना छोड़कर सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। यह देखकर थाना प्रभारी आमोद कुमार ने उनसे कहा यह सब ठीक नहीं है। इस तरह से आप किसी का रास्ता नहीं रोक सकते। जिस पर थानाध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की।

### संत का काम शांत कराने का है, मारपीट करने का नहीं : जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आचार्य प्रदीप शुक्ला के साथ हुई मारपीट के मामले के बाद मेला रामनगरिया में कार्यवाही को लेकर दोनों पक्षों की तरफ से जवाबी धरना प्रदर्शन किया गया। पुलिस ने प्रदीप शुक्ला की तरफ से मिली तहरीर पर कार्यवाही का भरोसा दिया है। डीएम ने कहा कि मारपीट किये जाने का अधिकार किसी को नहीं दिया जा सकता। फिर चाहे वह कोई हो। संत का कार्य शांत कराने का है मारपीट करने का नहीं है। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास महाराज ब्रहमचारी, हिन्दू महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अंकित तिवारी, महसभा के प्रदेश सचिव सौरभ मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में संत मेला रामनगरिया के प्रशासनिक क्षेत्र में पहुंचे और सरकारी पांडाल के भीतर धरने पर बैठ गये। ईश्वरदास महाराज के धरने पर बैठने से पुलिस के हाथ पैर फूल गये। सूचना पर एसडीएम सदर महेंद्र सिंह, सीओ सिटी ऐश्वर्य उपाध्याय, थानाध्यक्ष कादरीगेट आमोद कुमार वार्ता के लिए पहुंचे। ईश्वरदास महाराज ने प्रदीप शुक्ला के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी महंत सत्यगिरि व उनके साथियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। ईश्वरदास ने कहा कि पूर्व में भी सत्यगिरि महाराज कई बार मेला रामनगरिया में मारपीट कर चुके हैं। उन्होंने महंत सत्यगिरि को मेला क्षेत्र से प्रतिबंधित करने की मांग की। जिस पर एसडीएम सदर ने कार्यवाही का भरोसा दिया। इसके बाद ईश्वरदास महाराज ने धरना फिलहाल स्थगित कर दिया। इस दौरान संत गोवर्धन स्वरूप, उमाशंकर, थानापति दशरथ पुरी, हिन्दू रक्षा मंच के विवेकानन्द आचार्य, हिन्दू सेना शिवम त्रिपाठी, अंकुल गुप्ता, नारायण दत्त द्विवेदी, अखिलेश पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार मिश्रा, हिन्दू रक्षा मंच जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी, आदित्य दीक्षित, रानू दीक्षित, डॉ. राघवेन्द्र अग्निहोत्री आदि रहे।

### जिलाधिकारी ने खड़े-खड़े सत्यगिरि महाराज से की वार्ता

जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी से संत सत्यगिरि ने खड़े-खड़े वार्ता की। जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संत का काम शांत रहने का है ना कि मारपीट करने का। संत हो या और कोई किसी को भी मारपीट करने का अधिकारी नहीं दिया जा सकता। सत्यगिरि महाराज ने अंकित तिवारी व विमलेश मिश्रा के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने के मामले में कार्यवाही को शिकायती पत्र डीएम को दिया। डीएम ने कहा कि जो निष्पक्ष कार्यवाही है वही होगी।



डीएम से वार्ता करते सत्यगिरि महाराज

# बाइक फिसलने से युवक घायल, लोहिया में भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

बाइक फिसलने से चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार विशाल श्रीवास्तव (22) पुत्र रामबाबू श्रीवास्तव निवासी झांसी लहरी थाना कादर चौक जिला बदायुं अपने दोस्त टीटू श्रीवास्तव (25) पुत्र राजपाल श्रीवास्तव निवासी गंजडुंडवारा थाना गंजडुंवारा थाना की शादी में शामिल होने फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के राज पैलेस आया था। टीटू के भाई विपिन श्रीवास्तव से बारात चढ़ते समय बग्गी को आगे पीछे करने को लेकर विशाल की विपिन श्रीवास्तव से गाली-गलौज हो गयी। हाथापायी हुई। झगड़े के बाद विशाल वहां से चल दिया। विशाल का पीछा करने के लिए विपिन ने अपनी कार उसके पीछे डाल दी है। विशाल का पीछा करते-करते सेंट्रल जेल चौराहे पर विशाल की स्प्लेंडर बाइक फिसल गई।



लोहिया में भर्ती घायल

जिससे विशाल के गंभीर चोटें आईं। मौके पर राहगीरों ने विशाल को बीच रोड पर पड़ा हुआ देखा तो लोगों ने 108 एंबुलेंस को बुलाया और लोहिया अस्पतालस भेज दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर प्रधान ने कन्याओं को भेंट किये अंग वस्त्र

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

श्रीमद् भागवत कथा समापन के बाद ग्राम प्रधान ने कलश यात्रा में शामिल कन्याओं को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बबना गढ़िया में अच्छेलाल शाक्य के यहां श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। जिसमें ग्राम प्रधान बबना गढ़िया संजीव यादव ने पहुंचकर कलश यात्रा में शामिल हुई कन्याओं को कथा समापन के बाद श्रीमद् भागवत कथा की शास्त्री सुनैना शाक्य तथा सभी बालिकाओं को उपहार स्वरूप अंग वस्त्र भेंट कर टिफिन में लड्डू वितरित किए। सभी ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान संजीव यादव को दोबारा जीत का आश्वासन दिया तथा सभी ग्रामीणों ने आशीर्वाद देते हुए बताया की ग्राम प्रधान संजीव यादव तथा ब्लॉक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन के कर कमल से जो गांव में विकास की धारा वही है वही धारा यहां के ग्रामीण फिर दोहराएंगे।



श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर बालिकाओं को अंग वस्त्र भेंट करते प्रधान

# अनियंत्रित बाइक की टक्कर से बाइक सवार साधु घायल

- राहगीरों द्वारा एंबुलेंस के जरिए सीएचसी में भर्ती कराया गया
- दुर्घटना के बाद अज्ञात बाइक सवार युवक बाइक सहित फरार

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। अज्ञात वाहन की टक्कर से साधू घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भटासा निवासी साधु सूरज गिरी पुत्र रामेश्वर गिरी का आश्रम है। वह कुछ समय से बीमार थे। शनिवार को बाइक द्वारा दवा लेने शमशाबाद जा रहे थे। कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रजलामई के निकट गुजरते समय सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार साधु गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर अज्ञात बाइक सवार की टक्कर से घायल साधु की चीख पुकार सुन ग्रामीण एकत्रित हो गए। मगर दुर्घटना को अंजाम देने वाला बाइक सवार घायल होने का नाटक कर अचानक बाइक सहित फरार हो गया। ग्रामीणों की भीड़ में कुछ लोगों ने दुर्घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस के कर्मियों ने घायल साधू को उपचार हेतु सीएचसी शमसाबाद में भर्ती कराया जहां उपचार जारी था।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर घायल



सड़क पर पड़ा घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गौतम सक्सेना (21) पुत्र रामवरन सक्सेना निवासी पकरिया थाना जहानगंज सातनपुर मंडी से मजदूरी करके अपने घर जा रहा था। राजपूताना स्कूल के पास इंडियन पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डालने के लिए गाड़ी मोड़ रहा था, तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने पीछे से गौतम की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने 108 एंबूलेंस से को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गम्भीर होने पर उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक से गिरकर महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज के थाना बहुरा क्षेत्र के गांव सिनौड़ी निवासी अशोक कुमार की 35 वर्षीय पत्नी तारा देवी अपने पुत्र चेतन के रोता बिलखता मृतका का साथ बाइक द्वारा नवाबगंज अपनी रिश्तेदारी पुत्र में बारात में गई थी। शनिवार को वह अपने पुत्र के साथ अपने घर लौट रही थी। जब उसकी बाइक कम्पिल चौराहे के पास आयी, तभी वह अचानक बाइक से सर के बल गिर गई और घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर अमरेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया है कि मृतका के पांच पुत्र व एक पुत्री है। परिजन महिला का शव घर ले गए।

### मार्ग दुर्घटना में आठ घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर निवासी शादाब का 16 वर्षीय पुत्र उजैफ व 23 वर्षीय पुत्री उमरा कम्पिल के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी पूजा (27) पत्नी अजीत, रिंकी (18), अभिषेक (16) व सुमित (24) जनपद एटा के सराय अगहत निवासी विक्रम (26) व कम्पिल के गांव रसीदाबाद निवासी बृजमोहन (60) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों व 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद विक्रम की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे लोहिया आसपास रेफर कर दिया।

# पार्क की भूमि पर कब्जेदारों के खिलाफ एडीएम को शिकायत करना पड़ा भारी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पार्क की भूमि पर कब्जेदारों के खिलाफ एडीएम से शिकायत करने पर दबंगों ने जमकर पत्थरबाजी की। जिससे दुकान पर बैठा एक युवक घायल हो गया। पीड़ित ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की। जानकारी के अनुसार अरुण कुमार, लालिया, विवेक कुमार, सदाराम, पूरनचंद्र, श्रीकृष्ण एवं राम अवतार सहित आधा लोगों ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा 27 जनवरी को अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर नगर में स्थित अंबेडकर पार्क जिसकी भूमि कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जाने की शिकायत की गई थी। आधा लोगों ने अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अंबेडकर पार्क की जमीन को कब्जा मुक्त कराये जाने की मांग की थी। शिकायती पत्र के अनुसार अपर जिलाधिकारी द्वारा सक्षम अधिकारियों को भेज कर मौके पर जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया गया था। शिकायती पत्र के अनुसार अपर जिलाधिकारी के आदेशानुसार सक्षम अधिकारियों से जांच कराने का भी भरोसा दिया गया था, लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचा मगर सक्षम अधिकारी नहीं। इस सम्बन्ध में अपार जिलाधिकारी से वार्ता हुई। उन्होंने पुनः अगले दिन सक्षम अधिकारी को भेज अंबेडकर पार्क की जमीन को मुक्त कराए जाने का आश्वाशन दिया था। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया अपर जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद सभी लोग अपने-अपने घर चले गए। 8 फरवरी को आरोपियों ने रंजिश निभाते हुए पत्थरबाजी की। वहीं पत्थरबाजी की घटना में दुकान पर बैठे लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन विशाल नाम का युवक घायल हो गया। इस दौरान आरोपियों ने पुनः देख लेने की धमकी दी। आधा दर्जन पीड़ितों ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा अनहोनी की आशंकाएं जताते हुए कहा आरोपी कभी भी किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। उधर पत्थरबाजी की घटना के शिकार आधा दर्जन लोगों ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

# एसपीजीआर इंटर कालेज में फैंसी ड्रेस व डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसपीजीआर इंटर कालेज बघार भाऊपुर खुर्द स्थित विद्यालय में फैंसी ड्रेस, डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या सुभ्रा मिश्रा की देखरेख में प्रतियोगितायें सम्पन्न हुईं। मैनेजर विनीता पाठक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नित्या, अंशी, खुशी, शिवांगी, समीक्षा ने बाजी मारी। साथ ही डांस प्रतियोगिता में अनामिका, रोली, निहारिका, प्रिया, अदिती, आस्था ने भाग लिया। तनवी प्रथम, अदिती व स्वाती द्वितीय, संजना व अनामिका तृतीय स्थान पर रही। सभी को प्रधानाचार्या ने पुरुस्कृत किया। लावन्या पाठक ने माइकल जैक्शन की भूमिका में डांस कर मंत्रमुग्ध किया। चेयरमैन डा0 राजीव कुमार पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया। नन्हे-मुन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया। डॉ. राजीव पाठक ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति देखकर प्रसन्नता हुई है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा निखरकर सामने आती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता है।



फैंसी ड्रेस व डांस प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

# बीडीओ से मारपीट में 24 घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

बीडीओ से मारपीट कर सरकारी अभिलेख फाड़कर मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ की गयी थी।

उक्त घटना में चौबीस घंटे बीतने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। शुक्रवार दोपहर ग्राम पंचायत राईपुर चिनघटपुर के मजरा गाँव में बीडीओ जयवीर सिंह के साथ ग्राम प्रधान और उसके पुत्रों व इकलहरा के पूर्व प्रधान द्वारा लाठी-डंडे से हमला कर मारपीट की गई थी। सरकारी अभिलेख छीनकर फाड़ दिए गये थे और मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ कर दी गयी थी। बीडीओ ने हमलावरों से भागकर जान बचाई थी।

पीड़ित ने थाने में हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन चौबीस घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। शनिवार को पुलिस ने गाँव पहुँचकर ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली।

### आरोपी प्रधान ने महिला को बयान बदलने के लिए धमकाया

बीडीओ पर हमले के आरोपी ग्राम प्रधान ने गाँव नुनेरा की एक महिला को फोन कर बयान पक्ष में देने के लिए धमकाया है। ऑडियो रिकॉर्डिंग में महिला बीडीओ से मारपीट की घटना की बात कह रही है, लेकिन आरोपी प्रधान घटना का जिक्र करने के लिए मना कर रहा है। पुलिस द्वारा बयान लेने पर पक्ष में बोलने का दबाब बना रहा है। अपराधी प्रवृत्ति का होने के कारण आरोपियों से महिला डरी सहमी हुई है। लेकिन पुलिस मामले को हल्के में ले रही है।

### आरोपी खुलेआम घूमकर जीरो टालरेंस का बना रहे है महौल

बीडीओ के साथ मारपीट करने के आरोपी खुलेआम क्षेत्र में घूम रहे हैं। उन्हें किसी प्रकार का प्रशासन का खौफ नहीं है। आरोपियों का स्थानीय पुलिस के साथ उठना बैठना है। इसलिए उनके हौसले बुलंद हैं। आरोपियों ने योगी सरकार की अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस के उद्देश्य का महौल बना दिया है। वह योगी सरकार को खुला चैलेंज कर रहे हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या को आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए आदेशित किया गया है। आरोपियों के भी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहें है।

**सुभाष वर्मा, सीओ कायमगंज**

# थाना दिवस में तहसीलदार ने सुनीं शिकायतें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार ने फरियादियों की समस्यायें सुनीं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार विक्रम सिंह ने की। दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस बीच प्रभारी निरीक्षक रामअवतार मौजूद रहे। क्षेत्र की एक वृद्ध महिला ने जमीनी विवाद की शिकायत की है। उसने कहा कि कोर्ट के द्वारा हमारी जमीन को हमें और हमारे जेठ को दो हिस्सों में बाँट दिया गया है। इस मौके पर कुल दो शिकायती पत्र आये। जिसमें एक पुलिस तथा एक राजस्व विभाग से सम्बन्धित था। इस मौके पर लेखपाल आशीष वर्मा, कानूनगो जगदीश कुमार आदि अधिकारी व राजस्व अधिकारी आदि मौजूद रहे।



शिकायतें सुनते तहसीलदार

# समसपुर को हराकर शमसाबाद ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

- सूर्यांश पाठक बने मैन ऑफ द सीरीज, सुंदरम बने मैन ऑफ द मैच

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रोशनाबाद में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शमशाबाद की टीम ने समसपुर को 80 रनों से पराजित कर ट्राफी अपने नाम की।

पहले खेलते हुए शमसाबाद की टीम ने 182 रनों का स्कोर खड़ा किया। शमसाबाद की तरफ बैटिंग करते हुए सिप्पी ने सर्वाधिक 55 रन व सचिन ने 35 व सुंदरम ने 28 रनों की पारी खेली। वहीं समसपुर की ओर से गेंदबाज अखिल ने 5 खिलाड़ियों को आउट किया। वहीं समसपुर की टीम के बल्लेबाज जल्दी जल्दी आउट होते चले गये। क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक विश्व प्रकाश चतुर्वेदी एडवोकेट प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य व मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाकियू लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत पटेल ने विजेता टीम को ट्राफी व 11 हजार रूपये तथा उपविजेता टीम को 51 सौ का पुरस्कार दिया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि स्वदेश गंगवार ने भी विजेता टीम को 11 सौ रुपए का पुरस्कार दिया। कमेटी अध्यक्ष सचिन चतुर्वेदी ने सभी दर्शकों व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान टूर्नामेंट के सहयोगी यादवेंद्र गंगवार एडवोकेट, मो0 साबिर खान, सुमंत कुमार, शानू गंगवार, सत्यम गंगवार, ब्रजमोहन, रमन, शरद, भल्लू गंगवार, अटल चतुर्वेदी, अवनेंद्र सिंह, अतुल कुमार सहित तमाम लोगों ने व्यवस्थाएं देखीं।



विजेता टीम का पुरस्कृत करते विश्व प्रकाश चतुर्वेदी व अजीत पटेल

# पूर्व रंजिश के चलते युवक पर लाठी-डंडों से हमला

- पीड़ित कथा भागवत के लिए सामान की खरीददारी करने बाजार आया था

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर गढ़िया शरीफपुर छिछनी निवासी अमित कुमार पुत्र श्रीराम के साथ भीड़ भरे बाजार में उस वक्त दबंग आरोपियों द्वारा पूर्व रंजिश के चलते गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट की गई जब वह गांव में हो रही कथा भागवत के कार्यक्रम में उपयोग होने वाली आवश्यक सामान की खरीदारी कर रहा था। घटना के संबंध में बताया गया है शनिवार की दोपहर 1 बजे के करीब वह कथावाचक के साथ कथा भागवत के प्रोग्राम में उपयोग होने वाले आवश्यक सामान की खरीदारी करने कथा बाजार आया था। खरीददारी के दौरान गांव के ही राजकुमार पुत्र अजय पाल, अनिल कुमार पुत्र रंजीत अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर आ धमका और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। इस मारपीट की घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुन आसपास मौजूद दुकानदारों ने दौड़कर पीड़ित को जैसे तैसे बचाया। इस दौरान सभी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि आज तो बच गया अगली बार नहीं बचेगा। इस संबंध में पीड़ित ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर ज्ञात अज्ञात सभी आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर दूसरे पक्ष के राजकुमार पुत्र अजय पाल तथा अनिल कुमार पुत्र रामजीत ने यहीं के निवासी नन्हें, रघुनंदन, सुखनंदन पुत्रगण श्रीराम, प्रमोद तथा सुरेंद्र कुमार सहित पांच लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा वह अवश्य कार्य से शमशाबाद आया था। अंबर मेडिकल स्टोर के निकट उक्त लोगों द्वारा गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़ित ने थाना पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की।



मारपीट में घायल चोटें दिखाता हुआ

# दिल्ली विधानसभा व मिल्कीपुर उपचुनाव की जीत पर भाजपा ने बांटी मिठाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली विधानसभा एवं मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की अप्रत्याशित की हुई जीत पर हर्ष व्यक्त करने के लिए सांसद मुकेश राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ता चौक पर एकत्रित हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा एक लंबे समय के बाद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सुशासन की नीति को दिल्ली की जनता ने स्वीकार किया। लोकसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल और उनके गठबंधन के साथियों ने दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के खिलाफ जो भ्रम फैलाया था जनता ने विधानसभा के चुनावों में उसका जवाब दिया है। देश की राजधानी दिल्ली में हर वर्ग और व धर्म के लोग रहते हैं सभी लोगों ने भाजपा सरकार को मत व समर्थन देकर पार्टी को विजई करने का कार्य किया। मिल्कीपुर के विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी का सुपड़ा साफ हो गया। भाजपा प्रत्याशी ने अप्रत्याशित जीत के साथ भाजपा का परचम लहराया। संविधान और आरक्षण को लेकर फैलाए गए झूठ को जनता ने अस्वीकार कर दिया।


जीत की खुशी में चौक पर एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई

जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा सड़क, बिजली, पानी जैसे मुद्दों पर जनता ने केंद्र की मोदी सरकार के कार्यों पर अपनी मोहर लगाई है। भूदेव सिंह राजपूत ने कहा विकास और सुशासन भाजपा का एजेंडा है और उसी के आधार पर दिल्ली व मिल्कीपुर की जनता ने अपनी मोहर लगाई है। पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, अभिषेक बाथम, विकास पांडे, वीर बहादुर पाल, अंकुर मिश्रा, रवि बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालयों का डायट प्राचार्य ने किया निरीक्षण, मिली खामियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद विकास खण्ड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला समई का उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी द्वारा निरीक्षण किया गया। विद्यालय में 55 नामांकनों के सापेक्ष 30 बच्चे उपस्थित मिले। बच्चों की वर्तमान दिवस की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। विद्यालय का शैक्षिक स्तर निम्न पाया गया। प्रधानाध्यापक को उपस्थिति बढ़ाने को कहा गया व शैक्षिक स्तर पर सुधार लाने के लिए भी कहा गया। शनिवार को प्रातः 10:30 बजे मोहम्मदाबाद विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बढ़ेली का भी निरीक्षण किया गया। 51 नामांकन के सापेक्ष 31 बच्चे उपस्थित मिले। इंचार्ज प्रधानाध्यापक आरिमा शाक्य की शिक्षक डायरी व अन्य सभी स्टाफ की शिक्षक डायरी अपूर्ण पायी गई। कक्षा 3 की अध्यापिका निहारिका सिंह के कक्षा के बच्चों का शैक्षिक स्तर अति न्यून पाया गया। निपुण तालिका भी अपूर्ण पायी गई। सभी स्टाफ से स्पष्टीकरण लिया जायेगा। साथ ही मोहम्मदाबाद विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय टिमरुआ का 11:5 बजे औचक निरीक्षण किया गया। 110 नामांकन के सापेक्ष 75 बच्चे उपस्थित मिले। प्रधानाध्यापक चन्द्रभान सिंह के द्वारा शिक्षक डायरी बिल्कुल भरी नहीं गई। अन्य स्टाफ की शिक्षक डायरी अपूर्ण पायी गई। विद्यालय का शैक्षिक स्तर न्यून पाया गया, स्पष्टीकरण लिया जायेगा।



प्रा0वि0 बढ़ेली का निरीक्षण करते डायट प्राचार्य

# हवन पूजन के साथ चन्द्रा व एके कोल्ड स्टोरेज का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जसमई मार्ग स्थित चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज का हवन पूजन के साथ शुभारम्भ हुआ।

पंडित बृजेश शास्त्री ने विधि विधान से पूजन के साथ हवन कराया और मुहूर्त के अनुसार चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज का शुभारम्भ किया।

शीतगृह संघ के अध्यक्ष अजय गंगवार सन्नू बाबू के कोल्ड स्टोरेज के शुभारम्भ पर बड़ी संख्या में व्यापारी, आढ़ती, समाजसेवी व राजनैतिक, अधिवक्ता व ग्रामीण एवं किसान मौजूद रहे। अजय गंगवार सन्नू ने बताया कि इस सत्र का शुभारम्भ हुआ। प्रथम दिन पांच हजार पैकेट आलू का रखा गया है। इस अवसर पर अतुल सिंह गंगवार, कुलदीप गंगवार, भगवान सिंह गंगवार, प्रदीप गुप्ता, गिरीश दुबे, रिन्कू वर्मा, सैफ हुसैन, राजेश शिवानी, पवन कटियार, जवाहर सिंह गंगवार, सुदेश गंगवार, अखिलेश कटियार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं सन्नू गंगवार के दूसरे प्रतिष्ठान मंझना स्थित एके कोल्ड स्टोरेज प्रा0लि0 का भी पूजा अर्चना के साथ शुभारम्भ हुआ। व्यवस्था अतुल सिंह गंगवार ने देखी। प्रथम दिन एके कोल्ड स्टोरेज में 35 हजार पैकेट आलू के रखे गये। इस दौरान बड़ी संख्या में आलू किसान व व्यापारी, आढ़ती मौजूद रहे।


चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज के शुभारम्भ पर मौजूद अजय गंगवार सन्नू व अन्य

## खेत से वनरोज खदेड़ने पर दबंगों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव विजौरी निवासी तिलक सिंह पुत्र चरन सिंह ने पडोसी गांव नगला मना निवासी हृदय राम, दिनेश, अनिल व अनिल के पुत्र सीटू पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 6 फरवरी समय 6 बजे अपने खेत में खड़ी गेंहू की फसल की रखवाली कर रहा था। उस समय आरोपी भी अपने खेत की रखवाली कर रहे थे। उसी समय कहीं से भागते हुए वनरोज आ गये। वनरोज को अपने खेत में घुसने से रोका, तो वनरोज उक्त आरोपियों के खेत में चला गया। इसी बात को लेकर आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोरगुल की आवाज पर ग्रामीण आ गये। जिन्हे देखकर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच संकिसा चौकी प्रभारी अवदेश अवस्थी को सौंपी है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत डीएम ने झण्डी दिखाकर रथ को किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा आयोजित किए गए नशा मुक्त भारत अभियान के रथ को शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना यिका। एडीएम सदर महेन्द्र कुमार ने स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि शारीरिक बीमारियों का इलाज केवल औषधि ही नहीं अपितु योग साधना एवं मेडीटेशन भी इसका अहम हिस्सा है। आज के समय में मनुष्य न केवल शारीरिक बीमारियों से ग्रसित है, बल्कि उससे कही ज्यादा मानसिक बीमारियों से ग्रसित होता जा रहा है।

और उसी के परिणाम स्वरूप आदमी विभिन्न प्रकार के मद्य का पान कर रहा है। बह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के इस अनोखे रथ एवं उनके इस विश्व को नशा मुक्त अभियान के उद्देश्य का मैं स्वागत एवं धन्यवाद देता हूं। डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर जन जन को नशा मुक्त बनने का संदेश देने के लिए वाहन रथ को रवाना किया। केन्द्र संचालिका बी0के0मंजु बहन ने रथ के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि यह रथ अब तक 375 जिलों में नशा मुक्त भारत को बनाने का अनूठे प्रकार से सदेश प्रसार कर चुका है। वर्तमान रामय यह प्रयागराज महाकुम्भ में अपनी अनूठी सेवाए देते हुए अब पुनः गेला रामनगरिया एवं नगर में अपनी सेवाएं देकर मानव को नशा मुक्त बनने का संदेश प्रदान करेगा।



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते डीएम व बीके मंजू बहन

## खबरें एक नजर में

### 1410 वृद्धजनों के बने आयुष्मान कार्ड

**कालपी,जालौन।** भारत सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के अनुरूप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों को चिकित्साधीक्षक के द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। आयुष्मान कार्ड पाकर वृद्धजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के परिसर में वृद्धजनों को आयुष्मान कार्डों का वितरण करते हुए चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश बरतिया ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से लेकर वर्तमान समय तक 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के 238 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। जबकि सितंबर 2024 में शुरू हुए कार्यक्रम में 1410 से अधिक वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुके हैं। सीएचसी में वर्ष 2018 में शुरू हुई योजना के तहत 10 हजार से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरण किये जा चुके हैं। उन्होंने वृद्धजनों से अपेक्षा की है कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से समय-समय पर बेहतर उपचार कराए। इस मौके पर डॉ. शेख शहरयार, ममता, किरण राठौर, उमेश कुशवाहा आकाश राठौर के अलावा सलीम अंसारी, अरविंद सिंह राठौर, डॉ. वीरेंद्र कुमार आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### पंचायत सहायकों ने मुख्यमंत्री से की मानदेय बढ़ाने की मांग

**कोंच,जालौन।** पंचायत सहायक यूनियन उप्र के आह्वान पर कोंच ब्लॉक क्षेत्र में तैनात पंचायत सहायकों ने शनिवार को सूबे की राज्यपाल और मुख्यमंत्री को रजिस्ट्री पोस्ट कर भेजे मांग पत्र में कहा कि मानदेय बढ़ाकर 26910 रुपये प्रतिमाह कर मानदेय को ग्राम निधि से हटाकर राज्यपोषित किया जाये। इसके अलावा अनुबंध प्रणाली को समाप्त कर सेवा नियमावली बनाये जाने, महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति लागू करने, ग्राम पंचायत अधिकारी के रिक्त पदों की भर्तियों में पंचायत सहायकों को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किए जाने और नगर पंचायत में जाने वाले ग्राम पंचायत के पंचायत सहायकों को अन्य विभागों में समायोजित किए जाने की मांग की गयी है। मांग पत्र की प्रतिलिपि विभागीय मंत्री और अधिकारियों सहित विपक्षी दलों के प्रमुखों को भी प्रेषित की गयी है। इस दौरान ब्लॉक यूनियन के अध्यक्ष अजय कुमार, उपाध्यक्ष रूपेश राजपूत और अंकित सिंह, महामंत्री सुरेंद्र राजपूत, मंत्री प्रियंका कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शीतेश कुमारी, संगठन मंत्री कौशलेंद्र शरण, सह संगठन मंत्री रानी पटेल, रोहित कुशवाहा, रीता कुमारी, शाशेन्द्र कुमार, अजय नामदेव, प्रदीप कुमार, देवेश पटेल, राकेश पटेल, उदयभान आदि मौजूद रहे।

### मटर फलिया खरीदने को लेकर दुकानदारों में हुई मारपीट



**कोंच,जालौन।** शुक्रवार की रात गल्ला मंडी में किसानों द्वारा बेचने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में लादकर लाई गयी हरी मटर की फलियों की खरीद को लेकर कुछ खरीददार दुकानदारों में लड़ाई झगड़ा होने लगा था। सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ पहुंचे पहुंचे कोतवाली की मंडी चौकी प्रभारी नितेश कुमार झगड़ा कर रहे संबंधित दुकानदारों को पकड़कर कोतवाली ले आए थे। शनिवार को पुलिस ने एक पक्ष के नसरुद्दीन और गुलाम मुहम्मद पुत्रगण लल्लू खां, सहाबउद्दीन पुत्र शमशुउद्दीन, साहिल पुत्र गुलाम मुहम्मद, अहसान पुत्र नसरुद्दीन और दूसरे पक्ष के हनीफपुत्र अहमद व समीर पुत्र साबिर का शांति भंग में चालान कर दिया है।

# मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में महिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

▸ **समाज और राष्ट्र की निर्मात्री है माताः डॉ. अर्चना आर्या**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल आर्य समाज लोहाई रोड़ के पुरोहित आचार्य हरिओम शास्त्री के सुपुत्र उदयराज आर्य का उपनयन संस्कार किया गया।

आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य के ऊपर माता, पिता और आचार्य का ऋण होता है, यज्ञोपवीत के तीन धागे उन्हीं तीन ऋणों की ओर संकेत करते हैं। मध्यान्ह काल की सभा में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बिजनौर से आयीं डॉ0 अर्चना आर्या ने बताया कि माता निर्माता भवति अर्थात जो परिवार, समाज और राष्ट्र की निर्मात्री होती है, उसे माता कहते हैं। देश को श्रेष्ठ और आदर्शवान बनाने में मातृशक्ति का विशेष योगदान है। माताओं का विदुषी होना अत्यावश्यक है, क्योंकि विदुषी माताएं ही बच्चों को सुसंस्कारों से सुसज्जित करती हैं। राष्ट्र की उन्नति में माताओं का विशेष योगदान है, आदर्शवान माताएं परिवार, समाज और राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने का सामर्थ्य रखती हैं। जो परिवार, समाज और राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाती है उसे नारी कहते हैं। कु0 माद्री आर्या ने बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने नारियों को सम्मान दिलाने की बात की, और कहा कि जिस घर में नारियों का सम्मान होता है उस घर में देवता निवास करते हैं। कु0 उदिता आर्या ने नारी तू जग की महतारी, तेरे कारण इस गुलशन की महके क्यारी क्यारी। भजन के द्वारा मातृशक्ति की प्रशंसा की। धर्म रक्षिता आर्या ने बताया कि बच्चे की प्रथम गुरु माँ होती है। माँ जैसा चाहे वैसा ही बच्चों का निर्माण कर सकती है। माँ के उपकारों के ऋण से हम कभी उऋण नहीं हो सकते। मातृशक्ति का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है। इसलिए सभी का कर्तव्य है कि वो मातृशक्ति का सम्मान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना द्विवेदी ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, डॉ0 सत्यम आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार, उदिता आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।



सम्मेलन में मौजूद महिलायें

## दूसरी तहरीर पर तीन दिन बाद चोरी का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी अवनेश पुत्र जाहर सिंह ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 5 फरवरी सुबह 6 बजे घर के ताले टूटे हुए थे। ये जब हमारे पिता ने देखा तो हमें फोन पर सूचना दी। मैं घर आया तो मेरा बक्सा गायब था। बक्से में एक जोडी पायल, मंगलसूत्र, झाले, पेन्डल व 20 हजार रुपए की नकदी रखी थी, जो चोर ले गए। बक्सा व कपड़े आदि सामान अशोक पुत्र रणवीर के खेत में लोगों ने पडा देखा। जिसमें रखी जेवर व नकदी गायब थी। चोरों का हमें कोई पता नहीं है। जाहर सिंह ने तीन दिन पूर्व जो तहरीर पुलिस को दी थी उस पर मुकदमा दर्ज न कर पुत्र से दूसरी तहरीर लेकर तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सुनाया में प्रधान पद के लिये चार लोगों ने किया नामांकन

**कोंच,जालौन।** कोंच विकास खंड क्षेत्र के 2 गांवों में प्रधान और वार्ड सदस्यों के रिक्त चल रहे पदों पर उपचुनाव के लिए शनिवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय में नामांकन दाखिल किए गए। सुनाया प्रधान पद पर 4 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जबकि गांव चांदनी में दो वार्डों में रिक्त पदों के लिए केवल 2 ही नामांकन पत्र भरे गए जिसके चलते वे निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। ब्लॉक कार्यालय कोंच में शनिवार को निर्वाचन अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन की देखरेख में सुबह 10 बजे नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जो शाम 4 बजे तक चली।

# हैवतपुर गढ़िया में हुआ पीडीए चर्चा के साथ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे पीडीए चर्चा कार्यक्रम के तहत विधानसभा सदर के काशीराम कॉलोनी गढ़िया में सेक्टर स्तरीय मतदाता जागरूकता पीडीए चर्चा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने कहा कि काशीराम कॉलोनी गढ़िया की सबसे बड़ी समस्या बिजली की अवैध वसूली की जा रही है। जिसको हल कराने का आश्वासन दिया। जिला सचिव राजन यादव ने विचार व्यक्त किये। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, नौशाद मंसूरी, पूजा कठेरिया, शालिनी गुप्ता, कमल हसन, वाजिद अली, मोहित यादव, विमलेश शर्मा, अजय यादव, शिव शंकर शर्मा, मुख्तार आलम आदि मौजूद रहे।


सम्बोधित करते विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रेश राजपूत

# नागा सन्यासियों की वजह से सनातन सुरक्षित हैः विक्रांत अवस्थी

▸ **कुछ लोग बेवजह घटना को तूल देने में लगे हैं, वह हरकत से बाज आयें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नंदी सेना प्रमुख ने पदाधिकारियों के साथ संत सत्यगिरि महाराज से मिलकर घटनाक्रम की जानकारी की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग मामले को तूल दे रहे हैं, यह अच्छा नहीं है।

शनिवार को नंदी सेना प्रमुख विक्रांत अवस्थी ने अपने पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर पंच दसनाम जूना अखाड़ा व मेला रामनगरिया संत समिति के अध्यक्ष संत सत्यगिरि महाराज से मिले व हाल में हुए विवाद की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मैं करीब 15 वर्षों से सत्यगिरि महाराज से व्यक्तिगत रुप से जुड़ा हूँ। विगत कुछ वर्षों से मेले में संतों में प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है। वह पूर्ण रुप से अनुचित है। सभी संत पूज्यनीय हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस घटना को तूल देने में लगे हुए हैं। मैं ऐसे लोगों से कहना चाहता हूँ कि वह इस विवाद को बढ़ाने के बजाय उसका हल निकालें। उन्होंने संत सत्यगिरि महाराज पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। नंदी सेना शीघ्र हबी प्रशासन के उच्चाधिकारियों से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से व जरुरत पड़ने पर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि नागा सन्यासियों की वजह से सनातन सुरक्षित है।

## इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की फेयरवेल पार्टी में विचार किए सांझा

**जालौन,उरई।** महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र, छात्राओं की फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने बोर्ड परीक्षा में किसी भी विषय में 95 फीसदी अंक लाने पर 1100 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। नगर में स्थित महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र, छात्राओं को कक्षा 11 के छात्रों व विद्यालय परिवार द्वारा फेयरवेल पार्टी दी गई। फेयरवेल पार्टी में मुख्य अतिथि धीरज बाथम ने स्कूल में सीखे गए विषयों को समझकर परीक्षा में उनका उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# गुरु मंत्रः गणित में फार्मूले को कापी में लिखकर याद करना चाहिए

**परीक्षा पर चर्चा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से सम्पन्न होने जा रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे है। परीक्षा पर चर्चा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए स्वामी रामानंद बालक इंटर कालेज के गणित प्रवक्ता अमित कुमार ने बताया कि कक्षा 12 में गणित पेपर की तैयारी अभ्यास करने से होगी। विद्यार्थी जितना अभ्यास करेंगे उतना सीख सकेंगे। गणित के फार्मूले रटने से याद नहीं होते है। इसके लिए अभ्यास करना जरुरी है। प्रश्न को हल करते समय उसमें प्रयोग होने वाले फार्मूलों को कापी में एक तरफ से जरुर लिखना चाहिए। इससे फार्मूला याद बना रहता है और प्रश्न भी स्टेप टू स्टेप हल करने में सुविधा रहती है। उन्होंने कहा कि गणित में अच्छे अंक पाने के लिए गणित का अभ्यास अधिक से अधिक करें। रिवीजन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि अगर कोई प्रश्न एक ही प्रकार के है तो उनमें एक से दो प्रश्न को हल करके जरुर देखें। परीक्षा में विद्यार्थियों को समय का ध्यान रखना चाहिए। समय प्रबंधन कर प्रश्नों का हल करना चाहिए। जो प्रश्न अच्छी तरह से आ रहे हो उनको पहले हल करें। इसके बाद अन्य प्रश्नों को हल करें। पेपर हल करने में सुविधा रहेगी और अच्छे अंक परीक्षा में मिलेंगे। टेक्नोमेट्री के सवाल फार्मूले पर निर्भर होते है। इसलिए फार्मूला याद होना बहुत जरुरी है। फार्मूलों को लिखकर याद करें, फिर प्रश्न को हल करें। प्रश्न को हल करते समय फार्मूले को उसी पन्ने पर लिखे। रैडम वैरिएवल के सवाल लगाने के लिए संबंधित परिभाषा व सूत्र याद करें।


अमित कुमार, प्रवक्ता


गजेन्द्र सिंह, अध्यापक

रस्तोगी इंटर कालेज के गणित अध्यापक गजेन्द्र सिंह ने बताया कि गणित विषय में विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने के लिए त्रिकोणमिति में सुरेशन समांतर श्रेणी बीजगणित अध्यायों के सूत्रों को बार-बार लिखना चाहिए और लिखकर याद करना चाहिए, लिखकर याद करने से सूत्र भूलते नहीं है एवं इन चीजों का उचित उपयोग करके छात्र अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। गणित विषय को कभी भी कठिन नहीं मानना चाहिए, यदि आप वर्ग धन तथा पहाड़े अच्छी प्रकार याद कर लेते हैं तो गणित विषय अच्छे अंक प्राप्त होते है।


छात्र- आयुष चौहान

### गणित में याद करते समय सूत्रों पर विशेष ध्यान दिया हैः आयुष चौहान

छात्र आयुष चौहान ने बताया कि गणित विषय की तैयारी करते समय हम सूत्रों पर विशेष ध्यान देते हैं। गुरु जी द्वारा लिखाये गए सूत्रों को बार-बार लिखकर याद करने से अच्छे अंक मिलने की उम्मीद है। परीक्षा में समय प्रबंधन का बहुत विशेष महत्व बताया है, निर्धारित समय में प्रश्न पत्र हल करने का अभ्यास विद्यालय में कराया गया है। इससे भी काफी लाभ होता है।


छात्र-प्रियांशु कुमार

### गणित में अच्छे लेखन से नम्बर ठीक मिलते हैः प्रियांशु कुमार


रस्तोगी इंटर कालेज के छात्र प्रियांशु कुमार ने बताया कि गणित के रिवीजन में में एनसीईआरटी की किताब द्वारा रिवीजन किया है। बार बार रिवीजन से अब किसी दूसरी किताब को पढ़ने की जरूरत नहीं है। परीक्षा में साफ चित्र और अच्छी लेखन द्वारा में अच्छे नंबर प्राप्त करने की उम्मीद करता हूं। अध्यायों का रिवीजन करते समय लिखकर हल करने से प्रश्न याद हो जाता है।

# दिल्ली में विकास, विश्वास का युग शुरू

## जनता ने झूठ, धोखे व भ्रष्टाचार के 'शीशमहल' को नेस्तनाबूत कर राजधानी को किया आप-दा मुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आज भाजपा की भारी बहुमत से जीत पर पार्टी एवं दिल्ली की जनता को बधाई दी और कहा यह दिल्ली में विकास एवं विश्वास के एक नए युग का आरंभ है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली अब एक आदर्श राजधानी बनेगी।



श्री शाह ने एक्स पर 'दिल्ली के दिल में मोदी' के शीर्षक से अपनी पोस्ट में लिखा, दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के 'शीशमहल' को नेस्तनाबूत कर दिल्ली को आप-दा मुक्त करने का काम किया है। दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है, जो देशभर में जनता के साथ झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा। उन्होंने कहा, यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग का आरंभ है। दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है... यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह 'मोदी की गारंटी' और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्ली वासियों के विश्वास की जीत है। इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार। श्री शाह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा अपने सभी वादे पूरे कर दिल्ली को विश्व की नंबर 1 राजधानी बनाने के लिए संकल्पित है।


### दिल्ली में भाजपा स्पष्ट बहुमत ला रही : ज्योतिरादित्य



**ग्वालियर।** दिल्ली में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाने जा रही है। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम पर कहा कि मैंने दिल्ली से निकलने से पहले ही कह दिया था कि सिर्फ 12 घंटे इंतजार कीजिए, भाजपा दिल्ली में स्पष्ट बहुमत ला रही है। शुरुआती रुझान में वही देखने को मिल रहा है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शनिवार को ग्वालियर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान संसद में पेश किए गए आम बजट की बारीकियों को लेकर भी मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बजट को देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला और भारत को विश्वगुरु बनाने में नींव का पत्थर साबित होने वाला बताया। उन्होंने कहा कि 2027 तक देश को विश्व की तीसरी बड़ी इकॉनामी बनाने के लक्ष्य की ओर भारत चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का यह बजट गरीब, अन्नदाता, महिलाओं और युवाओं पर केन्द्रित है। उन्होंने कहा कि विश्व की विकास की दर देखे तो पिछले साल ही विश्व की विकास दर 3.2 प्रतिशत थी और भारत की विकास दर 6.50 प्रतिशत थी। इस लिहाज से हम देखे तो भारत विश्व से सौ प्रतिशत अधिक की विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है।

# शिक्षा मंत्री ने पुस्तक मेले में 41 पुस्तकों का किया विमोचन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में पीएम युवा 2.0 योजना के तहत 41 नई पुस्तकों का विमोचन किया। त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने उन 41 युवा लेखकों को बधाई दी जिनकी पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। उनकी क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी लेखनी और रचनात्मकता साहित्यिक परिदृश्य को समृद्ध करेगी और बौद्धिक विमर्श को एक नई दिशा प्रदान करेगी।

प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री युवा योजना की संकल्पना की और इसे राष्ट्रीय आंदोलन में बदलने पर प्रकाश डाला। उन्होंने उभरते लेखकों को मार्गदर्शन देने और उनका पोषण करने, भारतीय संस्कृति, विरासत, इतिहास, भाषाओं तथा साहित्य के गौरवशाली राजदूतों को बढ़ावा देने और स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों की कहानियों को प्रकाश में लाने में इसके महत्वपूर्ण प्रभाव पर जोर दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने इस बात पर भी जोर दिया कि देश भर में भारतीय भाषाओं में पुस्तकों को बढ़ावा देना एक राष्ट्रीय मिशन है। उन्होंने पीएम युवा जैसी पहलों को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस साल के बजट में हाल ही में घोषित भारतीय भाषा पुस्तक योजना इस राष्ट्रीय प्रयास को गति देगी।

## खबरें एक नजर में

### तीन महीने से जले ट्रांसफार्मर से नाराज उपभोक्ताओं का प्रदर्शन

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** हलिया विद्युत उपकेंद्र पर धमौली गांव में 25 केवीए जले 3 महीने से ट्रांसफार्मर न बदले जाने से नाराज आधा दर्जन उपभोक्ताओं ने ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। देवरी उपखंड से संचालित धमौली गांव के मौर्या बस्ती में 25 केबिए का ट्रांसफार्मर 3 महीने से जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। सिंचाई के अभाव में फसल भी सूख रही है। पानी की किल्लत बनी हुई है। विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे नाराज उपभोक्ताओं ने हलिया उपखंड केंद्र पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में रामनारायण मौर्य,प्रभु दत्त, ठाकुर प्रसाद, अशोक कुमार, अनिल आदि रहें। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत दयाशंकर प्रजापति का कहना है कि जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवा दिया जाएगा।

### हलिया थाना समाधान दिवस पर आए चार मामले



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन उपनिरीक्षक श्याम लाल की देख रेख में सम्पन्न हुआ। कुल चार मामले भूमि विवाद से संबंधित आये। किसी भी मामले निस्तारण नहीं हुआ। निस्तारण के लिए राजस्व टीम व पुलिस टीम को रवाना किया गया है। थाना समाधान दिवस के समापन के बाद उपनिरीक्षक ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलो को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण किया जा रहा है। निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। ससमय मामले का निस्तारण कर आख्या प्रेषित करें। इस दौरान अशोक दुबे, लेखपाल कृष्ण चंद्र मिश्रा, संजीव उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### मृतक आयुष के परिजनों से मिला साहू समाज प्रतिनिधि मण्डल



**अदलहाट (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** पूर्वांचल साहू समाज समिति उत्तर प्रदेशन संगठन के संस्थापक जैकिशन साहू विधायक गाजीपुर सदर के निर्देशानुसार युवा प्रदेश प्रभारी जितेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम गठित कर विगत दिनों हुई घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा काशीपुर (परसोधा बाजार) जाकर मृतक आयुष गुप्ता के पिता ओमप्रकाश गुप्ता से मुलाकात किया। मृतक के परिजन से ढांढस बांधते हुए कहा कि हम प्रतिनिधि मंडल उच्च अधिकारियों से भी मिलकर बात करेंगे और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाये। जितेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ ऐसे विपरीत परिस्थितियों में पुरे प्रदेश के तेली साहू समाज के लोग साथ में खड़े है। प्रतिनिधिमंडल में लक्ष्मी नारायण गुप्ता, नन्दलाल गुप्ता, संतोष गुप्ता, अभय गुप्ता आदि रहे।

### पैसे व ताकत के नशे में चूर थे केजरीवाल : अन्ना हजारे

**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के रुझानों पर कहा कि अरविंद केजरीवाल ने उनकी सलाह की अनदेखी की, पैसे और ताकत के नशे में चूर थे। इसका प्रतिफल दिल्ली की जनता ने दिया है। हजारे ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में मीडियाकर्मियों से कहा कि केजरीवाल का पूरा ध्यान शराब से पैसे कमाने पर था। इसके लिए उन्होंने सत्ता का दुरुपयोग किया। राजनीति में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए। हजारे ने कहा कि राजनीति में उम्मीदवार का आचरण शुद्ध, त्याग की भावना और नि:स्वार्थ होना चाहिए। हजारे ने कहा कि मैंने केजरीवाल को शुद्ध आचरण और शुद्ध विचार की सलाह दी थी, लेकिन उनकी सलाह को नजरअंदाज किया गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। भाजपा निर्णायक बढ़त की ओर है। हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से केजरीवाल सुर्खियों में आए थे और इसी आंदोलन के बाद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन किया था, लेकिन उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।

### राष्ट्रपति भवन में 22 से नए प्रारूप में होगा गार्ड परिवर्तन समारोह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में 22 फरवरी से रस्मी गार्डों की अदला-बदली चेंज ऑफ गार्डद्ध समारोह नए प्रारूप में बैठने की क्षमता में वृद्धि के साथ आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसारए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 16 फरवरी को उद्घाटन कार्यक्रम की साक्षी बनेंगी। बयान में कहा गया है कि गार्ड परिवर्तन समारोह के नए प्रारूप में लोग राष्ट्रपति भवन की पृष्ठभूमि में एक गतिशील दृश्य और संगीत प्रदर्शन देख सकते हैं।

# पीडीए पंचायत में संविधान की रक्षा के लिए लिया संकल्प



समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मिर्जापुर में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जन पंचायत अभियान की शुरुआत की गई है। यह जनपंचायत 2027 विधानसभा चुनाव तक अनवरत जारी रहेगा। इस मौके पर बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिये संकल्प भी लिया गया।

चुनार विधानसभा के बरईपुर जमालपुर, मझवां विधानसभा के जमुआ, मड़िहान विधानसभा के पटेहरा, छानबे विधानसभा के गौरा, सदर विधानसभा के मुजेहरा कलां आदि सेक्टरों में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपंचायत में चुनार विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सरकार में सभी विकास खंड में विकास कार्य होते थे लेकिन केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही विकास कार्य बंद हो गए है। थानों में दलालों का बोलबाला है, बिचौलियों को भाजपा नेताओं का संरक्षण मिल रहा है। जमालपुर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि देश के संविधान निर्माता व भारत रत्न बाबा साहब भीम राव आंबेडकर का अपमान समाजवादी लोग सहन नहीं कर सकते है।

## आप व कांग्रेस के फैलाए कीचड़ में कमल खिला : मोहन यादव

**महाकुम्भनगर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को को प्रयागराज महाकुम्भ में पहुंचकर एक साथ संगम में डुबकी लगाई। दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्री ने त्रिवेणी में स्नान के बाद सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि सत्य कभी पराजित नहीं होता। प्रधानमंत्री जिस तरह से लोक कल्याण की भावना के साथ शासन कर रहे हैं, दिल्ली की जनता ने भी उस पर विश्वास जताया है। पहले हरियाणा, फिर महाराष्ट्र और अब दिल्ली, यह सिलसिला जारी रहेगा। मेरी तरफ से बधाई भाजपा कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की, भाजपा भारी बहुमत से जीत रही है। उन्होंने कहा कि आप व कांग्रेस की असलियत को जनता जान गई है और आज उनके फैलाये कीचड़ में कमल खिला है।

# परिषदीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

समृद्धि न्यूज



**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार के प्रांगण में वार्षिक परिषदीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वर्ष पर्यंत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं (विभाग परिषद, भातखंडे सांस्कृतिक उमंग कल्चरल क्लब, रोवर्स रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा, नैक, एन सी सी) के विजयी छात्र- छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप नारायण डोंगरे प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय औराई, भदोही के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया।

उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में प्रतियोगिताओं द्वारा व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। इसलिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा एवं विविध विधाओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी करें। प्राचार्या डॉ माधवी शुक्ला ने सभी विजयी छात्र-छात्राओं को भविष्य में प्रतिस्पर्धा की भावना से आगे बढ़ने का निर्देश दिया। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की सांस्कृतिक प्रभारी डॉ कुसुम लता ने भातखंडे सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग के छात्र-छात्राओं को भारतीय परंपरा से जुड़ी विधाओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ दीप नारायण सह-समारोहक ने मंच संचालन एवं समारोहक डॉ चंदन साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ कुसुम लता ने किया।

इसी क्रम में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रसार व्याख्यान व एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता डॉ प्रदीप नारायण डोंगरे, प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, औराई, भदोही रहे।

उन्होंने पृथ्वी पर जीवन के उत्पति के वैज्ञानिक पहलुओं को बताया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम की संयोजिका डॉ शिखा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन आई आई सी प्रेसिडेंट डॉ सूबेदार यादव ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 छात्रा-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय औराई से आए प्रो रीना सिंह, प्रो लक्ष्मी यादव, प्रो रमोद कुमार मौर्या, डॉ अनुज कुमार सिंह एवं डॉ शीतला प्रसाद सिंह उपस्थित रहे।

## लखनऊ ने प्रयागराज को हराकर जीता फाइनल मुकाबला




**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वर्गीय सरोज सिंह की स्मृति में चुनार प्रीमियर लीग का तीसरा संस्करण जिसका आयोजन मिनी स्टेडियम मेड़िया चुनार मिर्जापुर में खेला जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को फाइनल मुकाबला प्रयागराज और लखनऊ की टीम के बीच खेला गया। लखनऊ की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। प्रयागराज की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 167 रन बनाए। बल्लेबाजी टीम से अखिल कुमार कश्यप ने 51 रन वहीं गेंदबाजी टीम से सत्यम पांडे ने 4 विकेट प्राप्त किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ ने 17 ओवर में ही मैच 7 विकेट से जीत लिया। बल्लेबाजी टीम से विनायक निगम ने 89 रन बनाए। मैन ऑफद मैच विनायक निगम रहे। मुख्य अतिथि अभिषेक पांडे व विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रहे। विजेता टीम लखनऊ को 50000 रुपए के धनराशि वही उपविजेता टीम प्रयागराज को 25000 की धनराशि प्रदान की गई। वहीं मैन ऑफ द सीरीज रहे विनायक निगम को 5000 का धनराशि प्रदान की गई। इस दौरान आयोजक सोनू पाण्डेय, गौतम कुमार, रजत सिंह, प्रवीण सिंह किट्ठू, अमित चर्तुवेदी, ज्योति प्रकाश सिंह अंपायर मोहम्मद आदिल व विशाल वर्मा, स्कोरर कृतेश सोनकर आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा पांच साल बाद दिल्ली की सत्ता में लौटेगी : जयराम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) पर जनमत संग्रह करार दिया और कहा कि लोगों ने ''छल और धोखे की राजनीति को अस्वीकार किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन उसका वोट प्रतिशत बढ़ा है तथा उसने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पांच साल बाद कांग्रेस दिल्ली की सत्ता में लौटेगी। रमेश ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजे अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जनमत संग्रह से ज्यादा कुछ नहीं दर्शाते हैं। आखिरकार, 2015 और 2020 में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के चरम पर होने के बावजूद आप ने दिल्ली में निर्णायक जीत हासिल की थी।

## नेपाल : पेयजल मंत्रालय में लगी आग, तीन कमरे के कागजात जलकर नष्ट

**काठमांडू।** नेपाल के संघीय सरकार के प्रशासनिक भवन काठमांडू के सिंहदरबार में पेयजल मंत्रालय में शनिवार सुबह आग लग गयी। इससे तीन कमरे के कागजात एवं अन्य सामान जल कर नष्ट हो गए। आज सुबह पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के भवन में चौथे मंजिल पर अचानक आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। इस घटना के तुरंत बाद वहां पहुंचे पेयजल मंत्री प्रदीप यादव ने बताया कि शॉट सर्किट होने के कारण आग लगने की संभावना दिख रही है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आग से उनके निजी कार्यकक्ष, उनका बैठक कक्ष और निजी सचिवालय के कमरे में रहे सभी फर्नीचर, पर्दे, कम्प्यूटर, टीवी सबकुछ जल कर नष्ट हो गया है। प्रारंभिक अनुमान है कि इस घटना में करीब पचास लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच करने के लिए एक अलग टीम बनाई गई है। काठमांडू पुलिस के प्रवक्ता पुलिस एसपी अपील गुरूंग ने बताया कि सुबह के समय मंत्रालय में रहे दो कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। आग की लपटें दिखने के बाद उस पर आधा घंटा में ही काबू पा लिया गया था। इस घटना में मंत्री और उनके निजी सचिवालय के कई महत्वपूर्ण फाइलों के भी नष्ट होने की जानकारी मिली है।

# भाजपा की नीतियों व योजनाओं की जीत

## भाजपा ने दिल्ली व मिल्कीपुर विस उपचुनाव में प्रचंड जीत पर मनाया जश्न



समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** भाजपा दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में प्रचण्ड जीत पर भाजपा कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में पटाखे फेड़करव मिठाई खिलाकर एक दूसरे को जीत की बंधाई दी और जीत का जश्न मनाया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव की जीत दिल्ली एवं मिल्कीपुर की जनता की जीत है। मोदी जी एवं योगी जी के नेतृत्व में भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं की जीत है। इसी तरह से आने वाले समय में जहाँ भी चुनाव होंगे भाजपा वहाँ भी प्रचण्ड जीत दर्ज करेगी। दिल्ली एवं मिल्कीपुर की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, ज्ञानप्रकाश दूबे, कौशल श्रीवास्तव, हेमन्त त्रिपाठी, गौरव ऊमर, संजय यादव, भावेश शर्मा, श्याम सिंह, अमित श्रीनेत, राजेश सोनकर, पंकज सिंह चन्देल, सिद्धार्थ सिंह मोंटी, डॉली अग्रहरि, नितिन विश्वकर्मा, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, जान्हवी प्रकाश तिवारी, आशुतोष त्रिपाठी, रूपेश यादव, संजय चौरसिया, मंसूर अहमद, कमलेश मौर्य, विजय प्रजापति, संदीप तिवारी, विद्याशंकर मौर्य, अमित मिश्रा, विनोद चौधरी, दीप ऊमर, विरेन्द्र कुमार मौर्य, संतोष जायसवाल, गोपाल अग्रवाल, मोनू मौर्य, कौशलेश तिवारी, संतोष कुमार, सूरज निषाद, मुजम्मिल अहमद, डॉ0 भूपेन्द्र सिंह, शिवम अग्रहरि, प्रणय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहें।

